CMYK

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 11°C

75,967.39
22,945.30

88,120
100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

नई दिल्ली, गुरुवार 20 फरवरी 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 326 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ फाल्गुन पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2081 | 21 शाबान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

सऊदी अरब में अमेरिका-रूस वार्ता बहुत अच्छी रही: ट्रम्प

विस्तृत खबर देश-विदेश पर

गिल और तीक्षणा एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

उत्तराखंड कैबिनेट की राज्य में भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी

राज्य की संस्कृति और मूल स्वरूप की रक्षक प्रदेश सरकार: धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में सशक्त भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी मिल गई है। इस भू-कानून संशोधन विधेयक को विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में पेश किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में पहले से अस्तित्व में चल रहे भू-कानून में धामी कैबिनेट में कुछ संशोधन करके सख्त प्रावधान किए गए हैं। राज्य में देहरादून और विशेषतौर पर पर्वतीय इलाकों में कृषि भूमि की राज्य के बाहर के लोगों द्वारा खरीद-फरोख्त को देखते हुए एक सशक्त भू-कानून की मांग लगातार उठती रही है। पिछले दिनों भी इसको लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा आवाज उठाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू-कानून को मंजूरी

-शेष पृष्ठ दो पर...

उत्तराखंड में राजकीय सम्मान से होगी पूर्व विधायकों की अंत्येष्टि

देहरादून। सीएम धामी ने कहा कि समाज में काम करने वालों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से हो, हमारा ये प्रयास होता है। सीएम ने सदन में घोषणा की कि जो भी पूर्व विधायक होंगे या समाज में उल्लेखनीय काम किया होगा, उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से की जाएगी। बुधवार को सदन में बसपा विधायक शहजाद की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में घोषणा की कि अब पूर्व विधायकों सहित समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

नए भू-कानून के प्रमुख प्रावधान!

1- पूर्व सरकार द्वारा 2018 में लागू किए गए प्रावधानों को नए कानून में किया गया समाप्त।

2- हरिद्वार व उधमसिंह नगर को छोड़कर राज्य के 11 अन्य जिलों में राज्य के बाहर के व्यक्ति कृषि बागवानी की भूमि नहीं खरीद पाएंगे।

3- पहाड़ी इलाकों में भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित करने और अतिक्रमण रोकने के लिए चकबंदी और बंदोबस्ती की जाएगी।

4- जिलाधिकारी व्यक्तिगत रूप से भूमि खरीद की अनुमति नहीं दे पाएंगे।

5- जमीन खरीद के लिए पोर्टल बनाया जाएगा, ऑनलाइन पोर्टल से होगी भूमि खरीद की निगरानी।

6- बाहरी लोगों को जमीन खरीदने के लिए शपथ पत्र देना

-शेष पृष्ठ दो पर...

सियासी स्वार्थ को सनातन व भारत को बदनाम न करे विपक्ष : योगी

लखनऊ, वार्ता

महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों पर मिथ्या प्रलाप का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के लिए पुरातन सनातन संस्कृति और भारत को बदनाम न करे।

योगी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि आप भारत को क्यों बदनाम कर रहे हैं। मुझे अफसोस है कि आप भाजपा से लड़ते-लड़ते भारत से लड़ने लगे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य 'हमारा देश कभी विकसित भारत नहीं बन सकता' को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अखबार में छपी एक खबर दिखाई और बोले कि एक राजनीतिक दल अपने देश के प्रति इतनी दुर्भावना

रखता है। अब तो लोग भी कहने लगे कि राहुल गांधी की उपस्थिति देश और अखिलेश यादव की उपस्थिति उत्तर प्रदेश में भाजपा के जीत की गारंटी है। यह गारंटी उपचुनाव ने दे दी है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शालीनता व मर्यादा से अपनी बात रखिए, लेकिन जीवित लोगों को मृतक न बताइए।

बालाघाट में पुलिस मुठभेड़, चार महिला नक्सली ढेर

बालाघाट/भोपाल। मध्य प्रदेश के नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले के जंगल में बुधवार को पुलिस ने मुठभेड़ में चार महिला नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल से काफी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्री मिली है। राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि चार महिला नक्सली मारी गई हैं। जंगल क्षेत्र में बुधवार को दिन में काफी देर तक मुठभेड़ चली। चार महिला नक्सलियों के शव बुधवार को दोपहर तक पुलिस को मिल चुके हैं। इस बीच सीएम डा. मोहन यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक देश से नक्सलियों के सफाए का संकल्प लिया है और इसके अनुरूप मध्य प्रदेश में भी कार्रवाई चल रही है। आज के मुठभेड़ स्थल बालाघाट जिले के जंगल से हथियार भी मिले हैं।

आपदा प्रभावित पांच राज्यों के लिए 1554 करोड़ मंजूर

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार को मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह कदम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

ज्ञानेश कुमार ने सीईसी का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा. विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया। ज्ञानेश कुमार भारत के 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल मंगलवार को सम्पन्न हुआ। ज्ञानेश कुमार का निर्वाचन आयोग के मुख्यालय पर निर्वाचन आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई जिम्मेदारी संभालने के बाद एक संक्षिप्त संदेश में नागरिकों विशेषकर युवा नागरिकों के लिए कहा कि उन्हें मतदान की जिम्मेदारी जरूर निभानी चाहिए।

बड़े वकील के नाम पर सुनवाई स्थगित नहीं करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता को फटकार लगाते हुए दी नसीहत

नई दिल्ली, वार्ता

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की, क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे, तो आपका ये सोचना गलत है।

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई को चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई में शामिल होंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे, तो सुनवाई में शामिल होंगे।

इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे, क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है? वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी।

■ शीर्ष अदालत ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान की तल्ख टिप्पणी

■ सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टली

हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हरीश साल्वे देश के जाने-माने वकील हैं और कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़े रहे हैं।

इससे पहले जनवरी में भी अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी, क्योंकि वकील अपनी कार से ही सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। अदालत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वकील को फटकारा था और अदालत की गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया था।

दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था।इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।

श्रीशैलम मंदिर मामले में आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम रोक

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम मंदिर के बाहर गैर-हिंदुओं को दुकान खोलने व चलाने के आवेदन पर रोक के मामले पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। रोक लगाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बाजार के नवीनीकरण और संचालन के लिए टेंडर करने की प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति को बहाल रखा। जस्टिस अभय एस. ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने श्रीशैलम मंदिर की दुकानों के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हमें इस बात की गारंटी चाहिए कि आप इस सरकारी आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार का आदेश गैर-हिंदुओं को मंदिर के पास दुकानों के लिए आवेदन करने और किए गए आवेदनों पर विचार किए जाने से रोकता है। ऐसे में फिलहाल के लिए यह उचित होगा कि इस पर रोक लगाई जाए। सुनवाई के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार के वकील ने कहा कि कोर्ट हमें अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य को अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा। अब मुख्य मामले की सुनवाई की अगली तारीख पर ही इस अर्जी पर भी सुनवाई होगी।

रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की सीएम

रामलीला मैदान में आज सुबह 11 बजे होगा शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। रामलीला मैदान में (आज) गुरुवार 20 फरवरी को सुबह करीब 11.00 बजे दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू होगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे के लिए प्रस्तावित था। बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया गया। इससे पहले बुधवार की दोपहर में भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए। भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। इन्हीं की उपस्थित में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा- एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रहने की भी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे, इसलिए उनकी सुरक्षा में एसपीजी का घेरा मौजूद रहेगा। शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के अलावा बॉलीवुड के कुछ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, इसके अलावा वहां पर साधु-संतों को भी न्योता दिया गया है।

■ भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में विधायक दल की नेता का चुनाव किया गया

दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता, कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को चुन लिया। पार्टी ने दिल्ली में अभी कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत से विजयी हुई भाजपा दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में हुई नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक में केन्द्रीय पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद, ओमप्रकाश धनखड़ एवं चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा की मौजूदगी में रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने बताया कि बैठक में प्रवेश वर्मा, विजयेन्द्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में कोई भी उप मुख्यमंत्री के रूप में नहीं चुना गया। बाद में रेखा गुप्ता ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, विधायकों एवं दिल्ली की जनता के प्रति आभार प्रकट किया।

पढ़ाई-लिखाई के दौर में ही राजनीति से जुड़ गई थी शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। 1976 में रेखा का परिवार दिल्ली में शिफ्ट हो गया था। तब उनकी उम्र महज दो साल थी। इसके बाद रेखा की प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक दिल्ली में हुई। रेखा गुप्ता बचपन में पढ़ाई-लिखाई के दौरान ही आरएसएस के स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ गई थीं। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान वह दौलत राम कालेज में सचिव का चुनाव जीतने में सफल रहीं। 1995-96 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ

-शेष पृष्ठ दो पर...

यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व अफसर की सजा बरकरार

मुंबई, वार्ता

बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल की पांच साल की सजा को बरकरार रखा। कोर्ट के अनुसार पीड़ित को बैड टच की पूरी समझ थी। मामला 11 साल की बच्ची के यौन शोषण से जुड़ा है। इसमें सैन्य अदालत ने दोषी को 5 साल की सजा सुनाई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार घटना फरवरी 2020 में हुई थी। अफसर ने एक हवलदार और बच्चों को मिलने बुलाया था। हवलदार अपनी बेटी और बेटे के साथ अधिकारी से मिलने उनके कमरे में गए थे। जैसे ही बच्ची के पिता कमरे से बाहर गए, तो अफसर ने बदसलूकी की। इसके बाद बच्ची ने तुरंत अपने पिता को फोन करके घटना के बारे में बताया। बच्ची के बयान

■ बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- बच्ची बैड टच समझती थी, सैन्य अदालत ने सुनाई थी पांच साल की सजा

पर शिकायत दर्ज कराई गई। नाबालिग ने अपने पिता को अफसर की बदसलूकी के बारे में जानकारी दी। मार्च 2021 में सेना के जनरल कोर्ट मार्शल ने पूर्व अधिकारी को नाबालिग लड़की पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दोषी ठहराया था। आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल में पांच साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। दोषी ने जनवरी 2024 में एफटी के फैसले को चुनौती देते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। पूर्व अधिकारी ने अपनी दलील में कहा कि मेरा कोई गलत इरादा नहीं था।

मुडा मामले में सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट

बंगलूरू। मुडा मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट मिल गई है।

लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले। कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितम्बर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितम्बर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि मुडा जमीन आवंटन मामले में सबूतों के अभाव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती के खिलाफ आरोप साबित नहीं किए जा सके।

भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग रद्द

ट्रम्प बोले- भारत एक समृद्ध देश है, इसे इस तरह की सहायता की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को मतदान के लिए दी जाने वाली 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग को रद्द करने का फैसला किया है।

ट्रम्प ने इस फंडिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत एक समृद्ध देश है और इसे इस तरह की सहायता की आवश्यकता नहीं है। हम भारत को 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैं। उनके पास पहले से ही बहुत पैसा है। वे व्यापार में दुनिया के सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं और हमें वहां

■ अमेरिकी एसईसी ने गौतम अडानी रिश्वत मामले में भारत से मांगा सहयोग

व्यापार करने में मुश्किल होती है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं। मैं भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करता हूं, लेकिन मतदान के लिए इतनी बड़ी राशि क्यों देना। यह निर्णय ट्रम्प प्रशासन द्वारा स्थापित सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के हालिया फैसलों में से एक है, जिसने अपने बजट पुनर्गठन के तहत विदेशी सहायता में 72.3 करोड़ डॉलर की कटौती की घोषणा की है। अमेरिका ने भारत के अलावा बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता के लिए 2.9 करोड़ डॉलर का अनुदान और नेपाल में राजकोषीय संघवाद और जैव विविधता संरक्षण के लिए 3.9 करोड़ डॉलर के अनुदान को भी रद्द कर दिया है। एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने स्पष्ट किया कि इन सभी कटौतियों का उद्देश्य गैर-जरूरी खर्चों को कम करना और सरकारी बजट को अधिक कुशल बनाना है। दूसरी ओर अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने कथित प्रतिभूति धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में अडानी समूह के संस्थापक गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ भारतीय अधिकारियों से सहयोग की मांग की है।

حج عمره و زيارات
IATA बिस्मिल्लाह ISO CERTIFIED COMPANY
टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेड़ू वाले)
हज, उमराह, ज़ियारत
25 अप्रैल 2025 उमरा टूर
फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-
मक्का होटल : 650 मीटर जोस्त मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर
मदीना होटल: 800 मीटर पीएसी० अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर
डाइरेक्ट फ्लाइट RS. 75,000/- 20 दिन
होटल में रहना, खाना व ज़ियारत
मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।
हाजी आलम - 9756508234
एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।
मुजफ्फरनगर ऑफिस
निकट सरवट गेट पौराहा, लताफत अली खान मार्किट, लड़की रोड, मुजफ्फरनगर
0131-2644200, 7017145399, 8534039577
दिल्ली ऑफिस
1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैण्ड्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110025
011-41251668, 9821106157
E-mail:bismillah786@gmail.com
www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

सऊदी अरब में अमेरिका व रूस की वार्ता अच्छी रही: ट्रम्प

वॉशिंगटन/न्यूयॉर्क, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सऊदी अरब में अमेरिकी और रूसी प्रतिनिधिमंडलों के बीच बातचीत 'बहुत अच्छी' रही। श्री ट्रम्प ने संवाददाताओं से मंगलवार को कहा कि वे बहुत अच्छे थे। रूस कुछ करना चाहता है।

रूस 'जंगली बर्बरता' को रोकना चाहता है। श्री ट्रम्प ने युद्ध के मैदानों की तस्वीरों की तुलना गेटीसबर्ग की पुरानी तस्वीरों से की, जो अमेरिकी गृह युद्ध का अहम मोड़ बन गया था। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की संघीय कार्यबल के आकार को छोटा करने की योजना ने पिछले कुछ दिनों में हजारों सिविल सेवकों को झटका दिया है, लेकिन एक सदी में सबसे खराब सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट, कोरोनावायरस महामारी के

युद्ध के मैदानों की तस्वीरों की तुलना गेटीसबर्ग की पुरानी तस्वीरों से की

तुरंत बाद स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग में कटौती विशेष रूप से परेशान करने वाली है, मंगलवार को न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि विशेषज्ञों का कहना है कि बर्खास्तगी से देश में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का खतरा पैदा हो जाएगा। इस बर्खास्तगी के कारण रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, तथा विभाग द्वारा देखरेख की जाने वाली अन्य एजेंसियों के अगली पीढ़ी के नेताओं को भी बाहर कर दिया गया है। बर्खास्तगी ने स्वास्थ्य और जैव चिकित्सा विज्ञान में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले स्नातक छात्रों को परेशान कर दिया।

बलूचिस्तान में सात यात्रियों की हत्या

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक बस में सवार कम से कम सात यात्रियों की हत्या कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

यह हमला मंगलवार का बरखान जिले में एक राजमार्ग पर मंगलवार देर रात हुआ जहां लगभग 11 हथियारबंद हमलावरों ने एक यात्री बस को रोका। जिले के पुलिस सूत्रों ने शिन्हुआ को यह जानकारी दी। यात्री प्रांतीय राजधानी क्वेटा से पूर्वी पंजाब प्रांत के फैसलाबाद जिले की यात्रा कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि बंदूकधारियों को अपने लक्ष्यों के बारे में विशेष जानकारी थी क्योंकि उन्होंने केवल इस विशेष वाहन को रोका और पीड़ितों को चुन-चुन कर मार डाला। सूत्रों ने कहा कि बरखान पंजाब और बलूचिस्तान के बीच एक सीमावर्ती जिला है जो दोनों प्रांतों के बीच यात्रियों के लिए एक प्रमुख पारगमन मार्ग है।

भारत-मलेशिया रक्षा व समुद्री सुरक्षा क्षेत्र पर बढ़ाएंगे सहयोग

नई दिल्ली, वार्ता

भारत और मलेशिया ने रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय संपर्क और नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक मंगलवार को कुआलालम्पुर में हुई।

बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव राज. श कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लोकमान हकीम बिन अली ने की। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में दोनों सशस्त्र बलों के बीच नियमित संपर्क के साथ बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों को बढ़ाने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की। दोनों अध्यक्षों ने साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान की। उन्होंने विशेष रूप से रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय संपर्क के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों की पहचान की। वे गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए एक

सहयोग समिति की 13वीं बैठक कुआलालम्पुर में हुई द्विपक्षीय सहयोग पर जताई खुशी

संयुक्त फोकस समूह बनाने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रक्षा स्तंभ के तहत नई पहलों को पूरी तरह से लागू करने की प्रतिब(ता की पुष्टि की। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष दातो सेरी अनवर इब्राहिम की पिछले वर्ष हुई बैठक में बनी सहमति के अनुरूप होगा। भारत और मलेशिया ने रणनीतिक मामलों के कार्य समूह की स्थापना पर अंतिम रूप से संदर्भ की शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह मंच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए मिडकॉम और दो उप-समितियों के बीच एक परामर्श तंत्र के रूप में कार्य करेगा। दोनों पक्षों ने मिडकॉम के परिणामस्वरूप सुखोई-30 फोरम की स्थापना पर अंतिम रूप से शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह फोरम लड़ाकू विमान के रखरखाव में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान में दोनों वायु सेनाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग को सक्षम करेगा। रक्षा सचिव ने मलेशियाई कंपनियों और सशस्त्र बलों के साथ उनकी क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण में

रक्षा सचिव ने मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया

रक्षा सचिव ने मजबूत, एकीकृत और समृद्ध आसियान को बढ़ावा देने में आसियान अध्यक्ष के रूप में मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया, जो हिन्द प्रशांत क्षेत्र की उभरती गतिशीलता को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। भारत मलेशिया को हिन्द प्रशांत में एक महत्वपूर्ण भागीदार मानता है क्योंकि मलेशिया तीन प्रमुख विदेश नीति विजन यानी एक्ट ईस्ट पॉलिसी, सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास), और हिन्द प्रशांत महासागर पहल के केन्द्र में है।

सहयोग करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मलेशिया को आसियान और आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और इस वर्ष एडीएमएम प्लस और आसियान रक्षा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के आयोजन के लिए मलेशिया के रक्षा मंत्रालय को शुभकामनाएं दीं।

संक्षिप्त समाचार

सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव: शिवराज

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव बन गया है। श्री चौहान ने बुधवार को यहां कहा कि सनातन पर अंगुली उठाना, लोगों की आस्था और भावनाओं पर इस तरह चोट करना अपराध है। श्री चौहान ने तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कुंभ को लेकर दिए विवादित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति हज़ारों सालों से गंगा की धारा की तरह प्रवाहित होती रही है।

महाकुंभ स्नान करने आई युवती का बाथरूम में मिला शव

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के झूंसी क्षेत्र में महाकुंभ में स्नान करने आई युवती का बाथरूम में शव मिलने से हड़कंप मंच गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार की रात दिल्ली निवासी एक युवक और युवती ने अपने को पति-पत्नी बताकर बता कर झूंसी क्षेत्र थाना के आजादनगर इलाके में रात बिताने के लिए एक कमरा किराए पर लिया था। उस मकान में और भी किराएदार थे और बाथरूम कॉमन है। बुधवार सुबह अन्य किराएदार बाथरूम में गए तो वहां शव देख कर चीख पड़े। युवती के साथ आया युवक रात को ही मौका देखकर फरार हो गया था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि मकान मालिक वहां नहीं रहता है। सामने जनरल स्टोर वाला मकान की देखभाल करता है।

नकवी की पत्नी सीमा ने किया संगम स्नान

महाकुंभनगर। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुखतार अब्बास नकवी की पत्नी सीमा नकवी अपने परिवार के साथ बुधवार को महाकुंभ पहुंचीं और संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद पूजा अर्चना की। सीमा नकवी ने महाकुंभ को भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह आयोजन अध्यात्म और श्रद्धा का भव्य संगम है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाकुंभ के आयोजन के लिए की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पार्टी पदाधिकारियों को दी नसीहत

जिसकी जितनी जिम्मेदारी, उतनी जवाबदेही

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित लोगों को आगे बढ़ने का काम करके जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना है ताकि अगले पांच वर्ष में कांग्रेस देश की जनता की पहली पसंद बन सके।

श्री खड़गे ने पार्टी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए बुधवार को यहां कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं। सबसे जरूरी बात जिम्मेदारी की है और इसमें यह स्पष्ट करना जरूरी है कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और वहां होने वाले चुनाव तथा उसके परिणामों के लिए जिम्मेदारी होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा 'संविधान बचाओ अभियान' चल रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। ये अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, कॉर्नर मीटिंग जैसी गतिविधियां चला

पार्टी प्रभारियों व महासचितों की बैठक में बोले-जनता के मुद्दे उठाकर पांच साल में बनना है लोगों की पहली पसंद

कर कार्यक्रम आयोजित हों लेकिन ऐसे हर कार्यक्रमका लक्ष्य होना चाहिए संगठन का सशक्तिकरण। श्री खड़गे ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए फिर कहा कि हमारे सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। इन दिनों चुनाव में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके बारे में लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सवाल उठाया। आप सभी को महसूस होगा कि आज कल हमारे समर्थकों के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाते हैं। या नाम हटाकर बगल के बूथ से जोड़ दिया जाता है। भाजपा की तरफ़ से नए नाम चुनाव के ठीक पहले जोड़े जाते हैं। इस धांधली को हर हाल में रोकना होगा। उच्चतम न्यायालय के आदेश से मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति वाली समिति से मुख्य न्यायाधीश को भी जोड़ा गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उन्हें भी बाहर कर दिया। सरकार को देश के मुख्य न्यायाधीश की निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है। आज इस मामले की सुनवाई होने वाली थी लेकिन सरकार ने पहले ही नये मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा कर दी। राहुल जी ने कहा भी था कि ऐसे चयन समिति का क्या फायदा, जहां विपक्ष के नेता का इस्तेमाल आप सिर्फ़ प्रमाण पत्र के लिए कर रहे हैं। अमेरिका में भारतीय नागरिकों के साथ किए गए वार्ताओं पर उन्होंने कहा,ह्व प्रधानमंत्री की यात्रा के बावजूद अमेरिका पहले की ही तरह भारतीय नागरिकों को हथकड़ी लगा कर वापस भेजा जा रहा है। शाकाहारी यात्रियों को नॉन वेज खाना दिया गया। हमारी सरकार इस अपमान का ठीक तरीके से विरोध जताने में भी विफल रही। अमेरिका ने हम पर उलटा टैरिफ लगा दिया पर प्रधानमंत्री ने इसका विरोध तक नहीं किया। वे हम पर जबरदस्ती घाटे का सौदा थोप रहे हैं, जिसे हमारी सरकार चुपचाप मान ले रही है। ये साफ़-साफ़ हिंदुस्तान और हिंदुस्तान के लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोज़गारी स्थायी मसला बना हुआ है। अगले पांच साल हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष और जन आंदोलन करके मुख्य विपक्ष की भूमिका में उभरने का प्रयास करें। इससे ही हम लोगों की पहली पसंद बनेंगे।

नए सिरे से होगा आप का पुनर्गठन

पार्टी की कार्यकारिणी बैठक के बाद बोले गोपाल राय

नई दिल्ली। आप कार्यकारिणी का नए सिरे से पुनर्गठन किया जाएगा। आम आदमी पार्टी मुख्यालय में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तय हुआ कि संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारी अगले दस दिनों में चुनाव में अपनी भूमिका पर रिपोर्ट पेश करेंगे। गोपाल राय ने इस दौरान नए सीएम के चयन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया। बुधवार को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हुई कार्यकारिणी की बैठक में दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के पर्यवेक्षक, अध्यक्ष और संगठन मंत्री शामिल हुए। इस दौरान सभी ने अपनी-अपनी विधानसभाओं की मौखिक रिपोर्ट सामने रखी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी पदाधिकारी अगले दस दिनों में चुनाव में अपनी भूमिका पर रिपोर्ट पेश करेंगे। गोपाल राय ने पत्रकारों से बताया कि आज सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक की है। संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी पदाधिकारी से उनकी चुनाव में निभाई गई भूमिका की रिपोर्ट अगले दस दिनों में प्रदेश कार्यालय में सौंपने को कहा गया है।

यूपी के प्राथमिक स्कूलों में लटके हैं ताले: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के बच्चों को मौलवी बनाने की कोशिश करने का आरोप वाले बयान के जवाब में बुधवार को अखिलेश यादव ने सीएम पर तंज कसा है और उर्दू के शेर पढ़कर वाहवाही लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कल कर रहे थे जो खिलाफत आगे बढ़कर, आज वाह-वाही लूट रहे। मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने भोजपुरी और अवधी भाषाओं का विरोध करने के लिए समाजवादी पार्टी पर हमला किया था और पार्टी पर बच्चों को मौलवी बनाने की को. शिश करने का आरोप लगाया था।

अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालय बंद हैं। देश में सबसे ज्यादा बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय अगर कहीं हैं, तो वो उत्तर प्रदेश में हैं। राज्य की प्रगति और शिक्षा को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह से लापरवाह रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि इस बारे में सरकार को विचार करना चाहिए कि 11 लाख प्राथमिक विद्यालय, जिनमें ताले लगे हैं, उनमें से अधिकतर उत्तर प्रदेश में हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है

राज्य की प्रगति और शिक्षा को ले कर योगी सरकार लापरवाह

कि सीएम का भाषा या प्रगति से कोई लेना-देना नहीं है। अगर आप रिकॉर्ड देखें, तो 11 लाख प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। कितने इंटरमीडिएट स्कूल खोले गए हैं? चाहे वह पॉलिटेक्निक हो, आईटीआई हो या इंजीनियरिंग सरकार इनमें से कितने का ध्यान रख रही है? वहीं सपा नेता माता प्रसाद पांडे ने सीएम पर जानबूझकर इसे हिंदू-मुस्लिम का विषय बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उर्दू भी एक भाषा है। विस में उठाया गया मामला एक अलग परिप्रेक्ष्य में था, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने हिंदू-मुस्लिम के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उर्दू की बात की।

अर्थ व्यापार

बिकवाली से फिर फिसला शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टीसीएस, इंफोसिस, भारती एयरटेल, मारुति और अडानी पोर्ट्स समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 28.21 अंक उतरकर 75,939.18 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 12.40 अंक फिसलकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त लिवाली हुई, जिससे बाजार की गिरावट नियंत्रित रही। इस दौरान मिडकैप 1.30 प्रतिशत उछलकर 40,376.68 अंक और स्मॉलकैप 2.41 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,455.83 अंक पर पहुंच

गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4074 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2810 में लिवाली जबकि 1147 में बिकवाली हुई वहीं 117 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियां लाल जबकि अन्य 25 हरे निशान पर रही। बीएसई के चार समूहों में गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 180 अंक की गिरावट लेकर 75,787.27 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,581.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 76,338.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,967.39 अंक की तुलना में 0.04 प्रतिशत टूटकर 75,939.18 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 98 अंक टूटकर 22,847.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,814.85 अंक के निचले जबकि 23,049.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,945.30 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत उतरकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टीसीएस 2.28, इंफोसिस 2.20, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.98, सन फार्मा 1.38, भारती एयरटेल 1.35, पावरग्रिड 1.35, एचसीएल टेक 1.03, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.02, टेक महिंद्रा 1.01, बजाज फिनसर्व 0.99, नेस्ले इंडिया 0.94, मारुति 0.86, बजाज फाइनेंस 0.51, अल्ट्रासिम्को 0.38, टाइटन 0.35, अडानी पोर्ट्स 0.28 और टाटा मोटर्स 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

ट्रम्प का कर फरमान जीएसटी को भी चुनौती: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति को संप्रभुता के लिए खतनाक बताते हुए कहा है कि यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गया है इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए। पार्टी ने कहा कि श्री ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंता. जनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था। कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है।

खाद्य तेलों में टिकाव, चीनी हुई मंहगी

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में उबाल आने के बावजूद स्थानीय पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं चीनी महंगी हो गई।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 175 रिगिट उबलकर 4869 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.77 सेंट की तेजी के साथ 48.07 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी

20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9300, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7750-7850 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

राज्य की संस्कृति...

दे दी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्ख्रतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हम कभी भी उनके विश्वास को टूटने नहीं देंगे। इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि हम अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

नए भू-कानून के...

अनिवार्य, जिससे फर्जीवाड़ा-अनियमितताओं को रोका जा सके।

7- जिलाधिकारियों को राजस्व परिषद और शासन को नियमित रूप से भूमि खरीद से जुड़ी रिपोर्ट सौंपनी होगी।

8- नगर निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाली भूमि का उपयोग केवल निर्धारित भू-उपयोग के अनुसार ही किया जा सकेगा।

9- यदि किसी व्यक्ति ने नियमों के खिलाफ जमीन का उपयोग किया, तो वह जमीन सरकार में निहित हो जाएगी।

पढ़ाई-लिखाई के...

का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष बनीं। रेखा ने इसके बाद एलएलबी तक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई पूरी करने के बाद रेखा गुप्ता 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई। रेखा गुप्ता को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से चुनाव में उतारा गया। जहां 2015 में उन्हें आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी ने करीब 11 हजार वोटों से हराया, तो वहीं 2020 में उनकी हार का अंतर 3400 वोट के करीब था। हालांकि 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने वंदना कुमारी को बड़े अंतर से हरा दिया।

संगम के पानी पर केंद्र-यूपी में टकराव

पानी में प्रदूषण पर केंद्र से अलग राज्य की रिपोर्ट

लखनऊ। सीपीसीबी ने अपनी एक रिपोर्ट के जरिए एनजीटी को बताया कि महाकुंभ के दौरान कई स्थानों पर अपशिष्ट जल का स्तर नहाने के लिए शुरुआती जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। अपशिष्ट जल संदूषण के सूचक फेकल कोलीफॉर्म की स्वीकार्य सीमा 2,500 यूनिट प्रति 100 एमएल है।एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की बेंच प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों में अपशिष्ट जल के बहाव को रोकने के मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी। महाकुंभ के पानी को लेकर केंद्रीय और यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट एक-दूसरे से विपरीत आई है। मामले पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में बुधवार को सुनवाई शुरू हुई, जिसमें यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी रिपोर्ट का विश्लेषण करने के लिए समय मांगा है। एनजीटी में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट पर अध्ययन के लिए अधिक समय की मांग की है। यूपी सरकार ने एनजीटी को बताया कि वो सीपीसीबी की रिपोर्ट की जांच करेगी। मामले पर अब अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। इससे पहले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी रिपोर्ट में दावा करते हुए था कि नदियों का पानी नहाने योग्य नहीं है। हालांकि यूपीपीसीबी ने पलटवार करते हुए कहा कि दोनों नदियों (गंगा और यमुना) का जल प्रदूषण नियंत्रण मानकों के मुताबिक है। एनजीटी ने यूपीपीसीबी को केंद्रीय बोर्ड की रिपोर्ट पर गौर कर नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी की रिपोर्ट के उलट अपनी रिपोर्ट में कहा कि संगम का पानी नहाने के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। नालों के माध्यम से कोई भी प्रदूषित सीवेज सीधे गंगा नदी या यमुना नदी में नहीं छोड़ा जा रहा है। यूपीपीसीबी ने कहा कि गंगा और यमुना नदी पर 6 प्वाइंटस पर नदी के पानी नहाने के लिए उपयुक्त है, जबकि शास्त्री ब्रिज के पास बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और फिकल कालीफॉर्म के आंकड़ों में मामूली वृद्धि हुई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, जमशेद-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व कार्बोहाइड्रेट की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
HEALTH PLUS
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

दिल्ली में वापसी को यादगार बनाने में भाजपा ने नहीं छोड़ी कोई कसर

रामलीला मैदान में तैयार किए गए तीन मंच

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भाजपा शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने में जुटी हैं। बैठकों के साथ-साथ आयोजन स्थल रामलीला मैदान में भाजपा नेता दौरा भी कर रहे हैं।

राजनिवास से भी मॉनिटरिंग की जा रही है। आयोजन स्थल पर टेंट और सोफे लगाए गए है। मेहमानों के बैठने के लिए बड़ी संख्या में कुर्सियां और एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। रामलीला मैदान की चहारदीवारी पर नया रंग-रोगन किया गया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक और भव्य होगा। वीरेंद्र सचदेवा व तरुण चुघ ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से भी मुलाकात की।

इधर, रामलीला मैदान में तीन मंच तैयार किए गए हैं। मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ सहित 50 से ज्यादा हाई सिक्योरिटी वाले नेता रामलीला मैदान में पहुंचेंगे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल समेत एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री एक मंच पर बैठेंगे, जबकि दूसरे मंच पर नवनिर्वाचित भाजपा विधायक व तीसरे पर साधु-संत, फिल्म कलाकार समेत विशेष अतिथि देखेंगे। समारोह से पहले रंगारंग कार्यक्रम होगा। कैलाश खेर की प्रस्तुति भी हो सकती है।

केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित वर्ग के लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। इसमें लाडली-बहनों को भी बुलाया जाएगा। फिल्मी सितारों में अक्षय कुमार, मुंबई के प्रसिद्ध उद्योगपति, किसानों समेत करीब ३० हजार लोगों को आमंत्रित किया गया है। शपथ ग्रहण समारोह में बाबा धीरेंद्र शास्त्री समेत अन्य धर्म गुरुओं को भी आमंत्रित किया गया है।

बच्चों के विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा: महेश कुमार

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के मेयर महेश कुमार ने आज करोल बाग क्षेत्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान मेले का उद्घाटन कर्मपुरा स्थित निगम विद्यालय में किया। इस अवसर पर मेयर ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर करोलबाग वार्ड समिति के अध्यक्ष, श्री राकेश जोशी व शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मेयर महेश कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्कूली छात्रों के बेहतर और उज्जवल भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने ने कहा कि दिल्ली के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। क्योंकि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों से बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। महेश कुमार ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा एक सफल विद्यार्थी के लिए एक जरूरी बुनियाद है। निगम के शिक्षक छात्रों को अपनी कड़ी मेहनत के द्वारा हमारी संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों की शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि निगम में आप सरकार कि पहली प्राथमिकता शिक्षा है और हमारा यह प्रयास है कि निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर से बेहतर सुविधाओं के साथ शिक्षा मिले।

दिल्ली के मेयर महेश कुमार करोल बाग क्षेत्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए।

मानवीय रिश्तों के हनन की दास्तान' पर दयाल सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता एवं विभाजन अध्ययन केंद्र द्वारा दयाल सिंह कॉलेज के पंजाबी विभाग के सहयोग से १८ फरवरी को 'भारत का विभाजन और मानवीय रिश्तों के हनन की दास्तान' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में प्रख्यात शिक्षाविदों और २०० से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। संगोष्ठी के आरंभ में दयाल सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वी.के. पालीवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्वतंत्रता एवं विभाजन अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. रविंदर कुमार ने संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया।

प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. श्री प्रकाश सिंह (निदेशक, साउथ कैंपस, दिल्ली विश्वविद्यालय) और प्रो. पायल मागो (निद. शक, कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई। प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने स्वतंत्रता एवं विभाजन अध्ययन केंद्र की अवधारणा और प्रासंगिकता के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी और प्रो. पायल मागो ने विभाजन के दौरान प्रभावित व्यक्तियों की दुर्दशा और उनके साथ हुए अत्याचारों पर प्रकाश डाला। प्रो. अलका गुप्ता (निदेशक, आईक्यूएसी, दयाल सिंह कॉलेज) ने उद्घाटन सत्र के लिए धन्यवाद ज्ञापन दिया। दूसरे सत्र की अध्यक्षता दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के प्रो. अमृत बसरा ने की। दूसरे सत्र के वक्ता डॉ. भुवन कुमार झा, इतिहास विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो. हिमांशु रॉय, राजनीतिक अध्ययन केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और प्रो. रविंदर सिंह, पंजाबी विभाग, दयाल सिंह कॉलेज थे। प्रो. झा ने विभाजन के दौरान व्यवसायों को मिलने वाले आर्थिक लाभ और मंशा पर प्रकाश डाला, प्रो. रॉय ने विभाजन के दौरान सर सैयद अहमद खान और मोहम्मद अली जिन्ना की भूमिका के बारे में बताया और अंत में प्रो. रविंदर सिंह ने मिश्रित संस्कृति के टूटने पर प्रकाश डाला, जिससे उजड़े हुए परिवारों को व्यथित और दर्दनाक अनुभव हुए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि विभाजन की अवधारणा आम लोगों पर थोपी गई थी, जो कि वे कभी नहीं चाहते थे। प्रो. अमृत बसरा ने स्वतंत्रता और विभाजन अध्ययन केंद्र में अनुसंधान केंद्र की विशिष्टता के बारे में बात की, जो चौथे वर्ष के स्नातक अध्ययन के छात्रों को उनके शोध कार्य के दौरान सुविधा प्रदान करेगा।

भारत का विभाजन और मानवीय रिश्तों के हनन की दास्तान' पर दयाल सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेते प्राचार्य प्रो. वी.के. पालीवाल व अन्य बुद्धिजीवी।

लुप्त हो रही लिपियों को पुन: पढ़ाने का काम शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। लिपि एवं पाण्डुलिपि अध्ययन केन्द्र, मिराण्डा हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय में 'कैपेसिटी बिल्डिंग' प्रोग्राम के अन्तर्गत पन्द्रह दिन का पाण्डुलिपि लिप्यन्तरण का एक प्रोग्राम आरम्भ हुआ, इस प्रोग्राम में आए हुए मुख्य अतिथि रंजना चोपड़ा (अतिरिक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार) संस्कृति मन्त्रालय, भारत सरकार ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे भारत सरकार द्वारा प्राचीन ज्ञान परम्परा के संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं, उनके विजन के अनुरूप राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन को ज्ञान-भारतं मिशन के रूप में पुन: संरचित किया गया है, जिस से यह अभियान एक नए दृष्टिकोण और आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़ सके। भारत की अमूल्य पाण्डुलिपियों और दुर्लभ ग्रन्थों को डिजिटल प्रारूप में

संरक्षित करने की व्यापक योजना है। जिससे राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन को एक नई बुलन्दी पर ले जाया जा सके। सम्मानित अतिथि नदीम अहमद (उप सचिव) संस्कृति मन्त्रालय ने कहा कि भारत में लुप्त हो रही लिपियों को आने वाली पीढ़ियों को सिखाना बहुत जरूरी है। रा. पा. मिशन के निदेशक डॉ. अनिर्बाण दाश ने कहा कि इस प्रोग्राम में स्वयम्भू आगम, भूकम्प लक्षण, युद्ध कौशल्यम् व युद्धादर्श आदि ग्रन्थों का लिप्यन्तरण कराया जाएगा, उन्हों ने यह भी कहा कि मिशन के हित में जो भी बेहतर होगा उसे हर हाल में पूरा करने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर मिराण्डा हाउस की प्राचार्या प्रो. बिजयलक्ष्मी नन्दा ने कहा कि मिशन के सहयोग और मिशन के निदेशक डॉ. दाश की लगन व लक्ष्य से यह कोर्स आने वाली पीढ़ियों को नई दिशा प्रदान करेगा

बीजेपी ने शपथ समारोह को लेकर जारी किया पोस्टर

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के बाद विधायकों की बैठक से पहले दिल्ली बीजेपी ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्टर जारी किया है। बीजेपी ने पोस्टर जारी कर लिखा, षदिल्ली की प्रगति का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। 'विकसित दिल्ली शपथ समारोह' के साथ ही हम सभी मिलकर दिल्ली में विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होंगे। आइए रामलीला मैदान, और इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें ! दिल्ली की प्रगति का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। 'विकसित दिल्ली शपथ समारोह' के साथ ही हम सभी मिलकर दिल्ली में विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होंगे। चुनाव नतीजों के ११ दिन बाद भी दिल्ली के नए मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बना हुआ है, क्योंकि भाजपा ने सीएम के नाम को लेकर अभी तक कोई घोषणा नहीं की है। कल गुरुवार यानी २० फरवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह सुबह १० बजे से शुरू होगा। इसमें मुख्यमंत्री के साथ मंत्रिमंडल के अन्य छह सदस्य शपथ लेंगे।

दलित विधायक को बनाएं नेता प्रतिपक्ष: मालीवाल

नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उनसे दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में एक दलित नेता की घोषणा करने का अनुरोध किया। स्वाति मालीवाल ने अपने पत्र के माध्यम से कहा कि केजरीवाल ने २०२२ के विधानसभा चुनाव के दौरान पंजाब में दलित डिप्टी सीएम बनाने का वादा किया था। लेकिन बहुत दुख की बात है कि तीन साल बाद भी ये वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने आगे लिखा कि अब जब दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने का समय आया है तो मेरा आपसे अनुरोध है कि दिल्ली से पार्टी के दलित समाज से आने वाले एक विधायक को आप दिल्ली का नेता प्रतिपक्ष बनाएं।

'आप' के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक, विधानसभा अध्यक्ष 10 दिन में समीक्षा रिपोर्ट सौंपेगे: गोपाल राय

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों के साथ पार्टी मुख्यालय में बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्षों से दिल्ली चुनाव में सभी पदाधिकारियों की भूमिका की समीक्षा रिपोर्ट अगले १० दिनों में सौंपने का निर्देश दिया गया है।

बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों ने अपनी विधान सभा की मौखिक रिपोर्ट भी रखी और उनके अनुभवों और सुझावों को भी सुना गया। समीक्षा रिपोर्ट पर ष्आपष के राष्ट्रीय संयोजक से चर्चा करेंगे। इसके बाद जिन पदाधिकारियों से अच्छा काम किया है, उनको सम्मानित किया जाएगा और जिन्होंने नकारात्मक भूमिका निभाई है, उनके साथ बात करके जरूरी कदम

उठाएंगे। इस बैठक में सभी प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर, जरनैल सिंह, राजेश गुप्ता और कुलदीप कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा संगठन मंत्री समेत अन्य पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। गोपाल राय ने बताया कि आज दिल्ली की ७० विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी के सभी ऑब्जर्वर्स, विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा संगठन मंत्री और विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ हमने बैठक की। बैठक में सभी लोगों ने अपनी-अपनी विधानसभा की एक मौखिक रिपोर्ट सामने रखी। इस चुनाव में आज सभी के अनुभव और आगे को लेकर सुझावों को सुना, जिसके बाद हमने निर्णय लिया है कि संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू होने से पहले सभी विधानसभा क्षेत्रों में हमारे सभी घोषित पदाधिकारियों की चुनाव में जिम्मेदारी और उनकी भूमिका की एक समीक्षा रिपोर्ट अगले दस दिनों में सभी विधानसभा अध्यक्ष पार्टी प्रदेश कार्यालय को सौंपेंगे। गोपाल राय ने कहा कि जिन लोगों ने इस चुनाव में एक सकारात्मक भूमिका अदा की है या जिन पदाधिकारियों की नकारात्मक भूमिका रही, जिन्होंने अपनी ऊर्जा पूरी दिल्ली के अंदर लगाई है।

वीर हनुमान में किरदार के लिए गहरी भक्ति विकसित की

नई दिल्ली। सोनी सब अपने आगामी पौराणिक शो 'वीर हनुमान' के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह शो भगवान हनुमान की अपनी दिव्य शक्तियों की खोज की अद्भुत यात्रा को प्रस्तुत करेगा। यह कथा मारुति के शक्तिशाली भगवान हनुमान में रूपांतरण को दिखाएगी, जिनका नाम आज अटूट शक्ति, निष्ठा और भक्ति का पर्याय है। इस शो में युवा और प्रतिभाशाली बाल कलाकार आन तिवारी बाल हनुमान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मुख्य किरदार के रूप में अपनी छाप छोड़ने के लिए आन ने इस शो के लिए विशेष रूप से संस्कृत और शुद्ध हिंदी सीखने में गहरी रुचि दिखाई है। अपने किरदार की तैयारी के तहत, उन्होंने न केवल भाषा सीखी है बल्कि भगवान हनुमान के प्रति गहरी भक्ति भी विकसित की है।

एक नजर

क्षमता से अधिक टिकट बेचने पर कोर्ट ने सवाल उठाए

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार, भारतीय रेलवे और रेलवे बोर्ड से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हाल ही में हुई भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय करने के मुद्दे पर जवाब मांगा है। स्टेशन पर हुई भगदड़ में कम 18 लोगों की मौत हो गई थी। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रेलवे से एक कोच में यात्रियों की क्षमता से अधिक टिकट बेचने पर सवाल उठाया। पीठ ने कहा यदि आप कोच में यात्रियों की संख्या तय करते हैं तो आप टिकट क्यों बेचते हैं, बेचे गए टिकटों की संख्या उस संख्या से अधिक क्यों होती है? यह एक समस्या है। न्यायालय ने विशेष रूप से रेलवे अधिनियम की धारा 57 का हवाला दिया, जिसके अनुसार प्रशासन को एक डिब्बे में ले जाए जाने वाले यात्रियों की अधिकतम संख्या तय करनी होगी। पीठ ने टिप्पणी की यदि आप एक साधारण सी बात को सकारात्मक तरीके से अक्षरश: लागू करते हैं, तो ऐसी स्थिति से बचा जा सकता है। भीड़भाड़ वाले दिनों में आप भीड़ को समायोजित करने के लिए उस संख्या को बढ़ा सकते हैं, जो समय-समय पर आने वाली आवश्यकताओं के आधार पर होती है।

सीरीज ए फंडिंग में जुटाए 16 मिलियन डालर

नई दिल्ली। एआई-पावर्ड विजुअल मर्चेंडाइजिंग प्लेटफॉर्म स्पाईन ने 16 मिलियन डालर (करीब 133 करोड़) की सीरीज ए फंडिंग जुटाई है। इस फंडिंग राउंड का नेतृत्व वेर्टक्स वेंचर्स ने किया, जबकि मौजूदा निवेशकों एक्सेल, स्टॉर्म वेंचर और अलटेरिया कैपिटल ने भी अपने निवेश को बढ़ाया। इस निवेश के जरिए कंपनी अपने अमेरिकी विस्तार को तेज करेगी और अपने नेक्स्ट-जेनरेशन एआई समाधानों को विकसित करेगी, जिससे ऑटोमोटिव रिटेल क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। स्पाईन के सह-संस्थापक और सीईओ संजय वर्नवाल ने इस फंडिंग को कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ करार दिया। उन्होंने कहा, यह निवेश हमारे अमेरिकी विस्तार को गति देगा और ऑटोमोटिव रिटेल में एआई की संभावनाओं को और आगे बढ़ाएगा।

कंतारा: चैप्टर 1 में दिखेगा इंटेंस वॉर सीक्वेंस

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। होम्बले फिल्म्स की कंतारा: चैप्टर 1 जबरदस्त विजुअल ट्रीटमेंट के साथ एक ऐसा वॉर सीन लेकर आ रही है, जो इंडियन सिनेमा में अब तक का सबसे धमाकेदार और भव्य माना जा रहा है। प्रोडक्शन से जुड़े एक सोर्स का कहना है कि फिल्म में एक ऐसा एपिक वॉर सीन होगा, जो दर्शकों को सीट से हिलने नहीं देगा।

कंतारा: चैप्टर 1 का जबरदस्त वॉर सीन कर्नाटक के बीहड़ पहाड़ी इलाकों में करीब 45 से 50 दिनों तक शूट किया जाएगा। फिल्म के लीड एक्टर और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी इस सीक्वेंस को परफेक्ट बनाने के लिए अपना पूरा वक्त और मेहनत झोंक रहे हैं। इस ग्रैंड एक्शन सीन में न सिर्फ इसकी विशालता दिखेगी, बल्कि बारीक डिटेलिंग भी होगी, जो इसे एक जबरदस्त सिनेमैटिक एक्सपी रियंस बनाएगी। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने खुलासा किया', होम्बले फिल्म्स की कंतारा: चैप्टर 1 में अब तक के सबसे भव्य वॉर सीक्वेंस में से एक होगा। ऋषभ शेट्टी इस जबरदस्त सीन को फिल्माने के लिए पूरे 45-50 दिन देने वाले हैं। यह शूट कर्नाटक के पहाड़ी इलाकों में होगा, जिससे दर्शकों को एक भव्य और इमर्सिव सिनेमैटिक एक्सपी रियंस मिलेगा।

35 लाख में कनाडा भेजने की नाकाम कोशिश, हरियाणा के एजेंट पकड़े

नई दिल्ली। तीस हजार रुपये में महिला को किसी अन्य महिला के नाम पर कनाडा भेजने का जुगाड़ करने वाले दो एजेंटों को आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान हरियाणा के रहने वाले मनीष गोयल और जिमी पियस के रूप में की है। जिमी ने महिला को विश्वास में लेने के लिये एयरपोर्ट के अंदर तक ले गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २२ जनवरी को आईजीआई एयरपोर्ट पर पश्चिम मुंबई की मारिया मौरिस कोर्रिया पहुंची थी। चौकिंग में पासपोर्ट पर चिपकाई गई तस्वीर मारिया से मेल नहीं खा रही थी। पूछताछ में पता चला कि मारिया का असली नाम गुजरात की फोरम दिलीप कुमार पटेल है।

वह कनाडा जाने के लिये अपने चाचा भावेश पटेल के माध्यम से मोनू उर्फ मंदीप नामक एक एजेंट के संपर्क में आई। एजेंट मंदीप ने ३३ लाख रुपये के बदले में उसकी कनाडा की अवैध यात्रा की व्यवस्था करने का वादा किया। इसके बाद, एजेंट ने उससे कहा कि वह अपने सहयोगियों की मदद से किसी और के पासपोर्ट पर उसकी कनाडा की यात्रा की व्यवस्था करेगा। एजेंट को २ लाख रुपये दिए और यह तय हुआ कि बाकी पैसे कनाडा पहुं. चने पर देने थे।

एसएचओ सुशील गोयल के निर्देशन में इंस्पेक्टर अजय यादव और हेड कांस्टेबल विनोद ने आरोपी मनीष गोयल को रोहतक से पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि एजेंट मोनू उर्फ मंदीप उसका पड़ोसी है, जो पिछले कुछ सालों से एजेंट के रूप में काम कर रहा है।

36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन में विश्व के प्रमुख धर्माचार्य होंगे एकत्रित

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। 36वां अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन 22 से 23 फरवरी, तक संत दर्शन सिंह जी धाम, बुराड़ी, दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है, जहां विश्व के प्रमुख धर्माचार्य, आध्यात्मिक रहनुमा और विदेशों से आए अनेक प्रति.

निधि भाग लेंगे। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में होने वाले इस सम्मेलन में प्रेम, मानव एकता और विश्व शांति के सिद्धांतों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

इस सम्मेलन में शांति और मानव एकता पर प्रेरणादायक सेमिनार, प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास सत्र, आध्यात्मिक प्रवचन और अनेक मानव-कल्याण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन में भारत और विदेशों से हजारों की संख्या में लोग भी भाग ले रहे हैं। यह एक मात्र संयोग ही है कि इस वर्ष 36वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन के दौरान संत दर्शन सिंह जी धाम के उद्घाटन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सिल्वर जुबली भी मनाई जा रही है। यह एक ऐसा आध्यात्मिक स्थान है, जोकि पूरे विश्वभर में अंतरीय और बाह्य शांति को बढ़ाना देने के लिए प्रयासरत है।

छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। निगम पार्षद किरण बाला और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर मिंटो ब्रिज के पास शिवाजी पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए क्षेत्रीय पार्षद सुश्री किरण बाला ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन सदैव ही प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज स्वतंत्रता संग्राम के सभी नेताओं के पथप्रदर्शक रहे हैं। उनका नेतृत्व व उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा दायक है और यह आज भी प्रासंगिक है। उनका त्याग, समर्पण और उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों का हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

असामाजिक तत्वों मुझे हिंदू विरोधी बता रहे हैं: संजीव अरोड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता डॉ संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने आज पत्रकार सम्मेलन में संवाददाताओं का संबोधित करते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर मुझे हिंदू विरोधी बताया जा रहा है। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की गई है जिसमें आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक मुझे यह कहते दिख रहे हैं कि जय श्री राम का नारा मत बोलना। इसका स्पष्टीकरण अरोड़ा ने यहां संवाददाताओं को दिया। अरोड़ा ने कहा ऐसी कोई बात मेरी और दुर्गेश पाठक के बीच में नहीं हुई थी। डॉ. अरोड़ा ने कहा भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल होने के बाद यह विवाद और बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह उनके चरित्र पर हमला है। उन्होंने अपने आप को कट्टर हिंदू बताते हुए कहा कि अयोध्या के राम मंदिर निर्माण में 108 गंगाजल के कलश समर्पित करना, दिल्ली में जगह-जगह गंगाजल वितरित करना, हर वर्ष के पहले मंगलवार को भव्य सुंदरकांड पाठ करवाना। पिछले कई वर्षों से संतों का सम्मान करना यह सभी कार्य सनातन धर्म से जुड़े हैं। और ये काम हम हमेशा से करते रहे हैं। हर वर्ष कि भाँति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर हम गंगाजल बांटेंगे, शिवरथ यात्रा निकालेंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

किसान दिवस की बैठक में बोले जिलाधिकारी

प्राप्त शिकायतों के निस्तारण सम्बंधित पूर्ण जानकारी रखें अधिकारी

गाजियाबाद। जिले में आज बुधवार को दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें गत किसान दिवस की शिकायतों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। उप कृषि निद. ेशक, गाजियाबाद द्वारा शिकायतों से सम्बन्धित प्राप्त आख्याओं का विभागवार कृषकों को अवगत कराया गया।

इस दौरान कृषक प्रमोद कुमार त्यागी द्वारा विद्युत विभाग की शिकायत के निस्तारण पर जिलाधिकारी को अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि स्पष्ट कार्ययोजना तैयार कर लें कि कार्य कब किया जाना है एवं इससे शिकायतकर्ता को भी अवगत करा दें। लोक निर्माण विभाग की शिकायतों के सम्बन्ध में

अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 को निर्देशित किया कि जनपद में समस्त सड़कों का सर्वे करा लिया जाये जिससे मरम्मत एवं नई सड़क बनाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

वहीं ग्राम दुहाई में तालाबों की सफाई एवं कब्जा मुक्त करने के सम्बन्ध में अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद एवं अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई तथा राजस्व के अधिकारी एक साथ बैठक कर इस समस्या का निराकरण करा दें। इसके अतिरिक्त अन्य समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कृषकों की जो व्यक्तिगत समस्यायें है उसे विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारित करा लिया जाये एवं जो सामूहिक शिकायतें है उनका निस्तारण किसान दिवस में कराना सुनिश्चित करें एवं यह भी निर्देशित किया गया कि कोई भी कार्य कब स्वीकृत हुआ, कब तक पूर्ण किया जाना है, का स्पष्ट उल्लेख अपनी आख्या में अवश्य करे। आज के कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आपको बता दें किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम ई रणविजय सिंह सहित समस्त जनपदीय अधिकारी एवं लगभग 80 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सीएसएचपी पब्लिक स्कूल के संस्थापक

स्व. प्रमोद गुप्ता जी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। सीएसएचपी पब्लिक स्कूल प्रताप विहार मे संस्थापक निदेशक स्वर्गीय प्रमोद गुप्ता जी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता शर्मा जी ने स्वर्गीय प्रमोद गुप्ता जी के शिक्षा के प्रति समर्पण और उनके द्वारा स्थापित आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रमोद गुप्ता जी ने शिक्षा को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंच. ाने का जो संकल्प लिया था, वह आज भी विद्यालय की कार्यप्रणाली में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। विद्यालय की निदेशिका सविता गुप्ता ने कहा कि विद्यालय प्रमोद गुप्ता जी के मार्गदर्शन में कार्यों को करने में प्रतिबद्ध है। सभा के

अंत में विद्यालय की ओर से प्रसाद वितरण किया गया।

मोदीनगर में हुआ समाजवादी पीडीए पंचायत का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। समाजवादी पीडीए पंचायत का आयोजन जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन की अध्यक्षता और राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति के नेतृत्व में कादराबाद मोदीनगर में किया गया जिसका सचालन सपा शहर अध्यक्ष सचिन दीक्षित ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन के द्वारा पंचायत को संबोधित करते हुए कहां कि पीडीए उत्तर प्रदेश का ही नहीं पूरे देश का आंदोलन बन चुका है।

हमारा उद्देश्य है कि पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक आदिवासी आदि आबादी पिछड़ा स्वर्ण को उसका पूरा हक और सम्मान मिले इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति ने शिक्षा रोजगार सुरक्षा और सामाजिक न्याय को लेकर चर्चा करी इस अवसर पर प्रदेश सचिव कालूराम धामा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रवण त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र त्यागी जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा जिला सचिव प्रवीण पजापति सभासद प्रदीप शर्मा विधानसभा अध्यक्ष दवव्रत धामा विधानसभा महासचिव उत्तम त्यागी शहर उपाध्यक्ष सुनील शर्मा शहर सचिव ऋषि शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष महिला सभा कमलेश चौधरी पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा पूर्व शहर अध्यक्ष मनीष बंसल राजेश जटव दुलीचंद प्रजापति SK वर्मा कर्मवीर प्रधान आरिफ आदि सभी लोगों ने PDA पंचायत को लेकर अपने विचार रखें इस अवसर पर सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

लोनी नगरपालिका के माथे पर लगा मासूम के खून का दाग

गाजियाबाद। बॉर्डर क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी में मंगलवार को गड्ढे में भरे पानी में डूबकर तीन साल के मासूम की मृत्यु हो गई। इस गड्ढे को नगर पालिका के द्वारा खुदवाए जाने की बात कही जा रही हैं। लोनी के बॉर्डर थाना क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी में मंगलवार को गड्ढे में भरे पानी में डूबकर तीन साल के मासूम मोहम्मद अनस की मौत हो गई। इस घटना पर मासूम के परिजनों ने बताया कि गड्ढा नगर पालिका ने खोदवाया था। जिसकी गहराई आठ फीट है।

संगम विहार कॉलोनी में रहने वाले लोगों का कहना हैं मासूम के नाना रहमत कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं और राजमिस्त्री का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी रेशमा परवीन पति से मनमुटाव होने के बाद मायके में उनके पास रहने लगी थी। उनकी बेटी का एक बेटा हैं जिसका नाम मोहम्मद अनस है। रहमत ने बताया कि मंगलवार सुबह वह अपने काम पर चले गए थे। इस दौरान घर में रेशमा परवीन, अनस और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। सुबह करीब साढ़े 10 बजे अनस घर के बाहर खेल रहा था। अनस खेलते-खेलते घर से दूर चला गया। जब अनस घर नहीं पहुंचा तो रेशमा परवीन ने अपने बेटे की तलाश शुरू कर दी। इसके बाद रेशमा परवीन ने आसपास के लोगों और अपने पिता को बेटा नहीं मिलने की जानकारी दी। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पड़ोस में रहने वाली एक युवती की नजर गड्ढे पर पड़ी। गड्ढे में भरे पानी में अनस का हाथ दिखाई दिया । इसके बाद युवती ने शोर मचाकर सभी को बुलाया। सभी लोग मौके पर पहुंचे और अनस के मृत शरीर को गड्ढे से बाहर निकाला गया।

खेलों से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास: अंबिका गौड़

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक व बैडमिंटन के राष्ट्रीय खिलाड़ी अखिलेश द्विवेदी जी द्वारा फीता काटकर किया गया उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है जो उन्हें किसी भी तरह की विषम परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।

मुख्य अतिथि अंबिका गोंड जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है खेल बच्चों को मान. सिक, शारीरिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया विधालय के प्रधानाचार्य डॉ अरूण त्यागी ने बताया की तीन

दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो-खो, क्रिकेट, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन व मनोरंजक खेलो में विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर खेल अधिकारी योगी आशीष, खेल प्रशिक्षक प्रवीण तोमर, नैना शर्मा, अविनाश, मोनिका, अर्चना, नीतू, आदि शिक्षक, शिक्षिकाए मौजूद रहे।

रोटरी क्लब ने किया ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। रोटरी क्लब ऑफ स्मार्ट सिटी द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प (यूनिवर्सिटी कोर्स कैम्पस), एन. एच-09, गाजियबाद में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। रक्तदान एक अनमोल और जीवन रक्षक उपहार है। जो हम दूसरों को दे सकते हैं। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान भले ही छोटा लग सकता है किन्तु यह किसी का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी गंभीर स्थिति में किसी के लिए जीवन रेखा हो सकता है। साथ ही रक्तदान करने वाले व्यक्ति के लिए भी रक्तदान के बहुत से स्वास्थ्य लाभ है।

रोटरी वरदान ब्लड सेन्टर के

सहयोग से इस ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन आई.एम.एस., गाजियाबाद में किया गया। इस ब्लड डोनेशन कैम्प के होस्ट रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी क्लब की सदस्या रो० दीपा छारिया एवं रो० डा० राकेश छारिया जी थे जिन्होनें कैम्प को पूर्ण रूप से सफल बनाने में पूर्ण सहभागिता की। इस कैम्प में कुल 187 यूनिट ब्लड कलेक्शन किया गया।

रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सदस्यों, ष्डै के छात्र-छात्राओं ने ब्लड डोनेशन में हिस्सा लेकर इस कैम्प को सफल बनाया। क्लब सदस्यों पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा० सुभाष जैन, बबीता जैन, दीपा छारिया, डा० राकेश छारिया, प्रवीन गोयल, सीमा गोयल, रीनम अग्रवाल, सारंग अग्रवाल, रीना अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अनीश गुप्ता, इत्यादि सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्साहपूर्वक पूरा-पूरा योगदान दिया। क्लब के अध्यक्ष रो० दीपक कुमार अग्रवाल एवं सचिव रो० भारती गर्ग ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, कैम्प के व्यवस्थापक एवं होस्ट रो० दीपा छारिया एवं रो० डा० राकेश छारिया, क्लब के सभी सदस्यों एवं आई.एम.एस., गाजियाबाद के छात्र-छात्राओं का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

गिन्नी देवी कॉलेज में मनाई गई शिवाजी महाराज की जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी०जी० कॉलेज में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती का आयोजन किया गया। आयोजन इतिहास, और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि वह भोसले साम्राज्य के शासक थे। उनका जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी के किले में हुआ था। 1674 में अनका राज्याभिषेक हुआ और वह छत्रपति बने।1680 में रायगढ़ के किले में उनकी मृत्यु हुई। कार्यक्रम में इतिहास विभाग की विभागध्याक्षा सुश्री रश्मि चौधरी ने शिवाजी की शासन कला की निपुणता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वह एक कुशल योध्दा ही नहीं बल्कि कुशल राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ भी थे। शिवाजी के दरबार में अष्टप्रधान मण्डल उनके प्रशासनिक और राजनीतिक कार्यों को सम्पन्न कराया करता था। वह मातृभाषा का सम्मान करते थे। मराठी और संस्कृत भाषा के उध्दार के लिए विशेष प्रयास किये थे। कार्यक्रम का अध्यक्षीय भाषण महाविद्यालय की प्राचार्या पूनम शर्मा ने दिया। सुश्री शालू, खुशबू गार्गी, स्वीटी, मंजू कनौजिया, शिवानी और आंकाक्षा सारस्वत आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

ट्रक और ई-रिक्शा की टक्कर के बाद मारपीट दो आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर राज चौपले के पास ई-रिक्शा और मिनी ट्रक की टक्कर के बाद विवाद हो गया। लेकिन देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि इसने हिंसक रुप ले लिया और मिनी ट्रक सवार लोगों ने ई-रिक्शा चालक निहाल सिंह और उनके पुत्र पर हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, लक्ष्मी नगर कॉलोनी के निवासी निहाल सिंह अपने पुत्र के साथ ई-रिक्शा में जा रहे थे। राज चौपले के पास उनकी ई-रिक्शा की टक्कर एक मिनी ट्रक से हो गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहा. सुनी होने लगी। देखते ही देखते मामला बढ़ा तो मिनी ट्रक चालक और उसके साथियों ने निहाल सिंह और उनके पुत्र की पिटाई कर दी।

अवैध संबंध के शक को लेकर विवाद, गुस्साए पति ने चाकू मारकर ली पत्नी की जान

गाजियाबाद। जिले के टीला मोड़ इलाके में देर रात हड़कंप मच गया जब यहां एक पति ने शक होने के चलते अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी पति को शक था कि उसकी पत्नी के किसी अन्य के साथ अवैध संबंध हैं, जिसके चलते दोनों के बीच विवाद भी रहता था। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरु कर दी।

दरअसल, मृतका शहनाज अपने पति शमशाद और परिवार के साथ गाजियाबाद के पसौंडा इलाके में ईदगाह के पास रहती थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते थे, लेकिन किसी को इस बात का अंदाजा नहीं था कि विवाद हत्या का रुप ले लेगा। इसी बीच मंगलवार को भी दोनों में बहस हुई, जो बढ़ते-बढ़ते हिंसा में बदल गई। लेकिन विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर शमशाद ने चाकू उठाया और शहनाज पर हमला कर दिया। घटना के बाद घायल शहनाज को तुरंत दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इस मामले में एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल का कहना है कि मृतका के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है। शमशाद को शक था कि शहनाज के किसी और से संबंध हैं, इसलिए गुस्से में उसने हमला कर दिया। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई करने में जुटी है

संदीप बंसल व संजय बिंदल ने व्यापारीयों को दिए नियुक्ति पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच ट्रस्ट रजि. के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय बिंदल के द्वारा आज जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता एवं उनकी समस्त टीम की घोषणा की और फूल माला पहनाकर एवं नियुक्ति पत्र दिए।

जिला महामंत्री नितिन मित्तल जिला संरक्षण अमित गोयल जिला चेयरमेन मोनू तिवारी जिला संगठन मंत्री मयंक सक्सेना जिला संयोजक अनुज पंडित जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार जिला प्रभारी जयकांत साहू जिला प्रचार मंत्री गौरव अग्रवाल जिला वरिष्ठ चेयरमेन अशोक कुमार जिला संयोजक सुनील सारस्वत इस अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारी भी बनाए गए अमन सिसोदिया राष्ट्रीय चेयरमेन, संजय गुप्ता राष्ट्रीय प्रभारी, राजेंद्र

कुमार राजू वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सुनील कुमार एडवोकेट राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार राहुल कंसल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महेंद्र कुमार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्रीपाल यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गोपाल चंद्र गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मूलचंद गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश प्रजापति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विनोद कुमार राष्ट्रीय सचिव सुंदरलाल राष्ट्रीय सचिव एवं पिंकू सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष इमरान रिजवान प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए सभी नवयुक्त पदाधिकारीयों को संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की तरफ से शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

बाइक बंद होने पर कार सवारों ने पेट्रोल पंप पर आए युवक को पीटा

गाजियाबाद। जिले से एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो थाना टीला मोड़ क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप का बताया जा रहा है। जिसमें कुछ लोग आपस में मारपीट करते दिख रहे हैं। इस घटना का वीडियो पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, डीएलएफ निवासी ऋतिक अग्रवाल अपने दोस्तों के साथ बाइक में तेल भरवाने पेट्रोल पंप पर गए थे। इस बीच उनकी बाइक एक कार के आगे बंद हो गई। ऋतिक के अनुसार, दोनों वाहनों के बीच काफी दूरी थी। लेकिन ऋतिक ने बाइक को दोबारा स्टार्ट कर आगे कर लिया। आरोप है कि इसके बाद जिस

सीसीटीवी के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

कार के आगे बाइक रुकी थी, उसके सवार और उनके अन्य दोस्त जो दूसरी कारों में थे, वहां आए और ऋतिक को गाली देने लगे। आरोपी तो ये भी है कि उन्होंने ऋतिक के साथ हाथापाई भी की। जो बाद में मारपीट में बदल गई।

फिलहाल, मामले की शिकायत देते हुए पीड़ित ऋतिक ने थाना टीला मोड़ में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसके आधार की जांच हो रही है।

आईटी मंत्री ने सीएम से की मुलाकात

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई । सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि बैठक में उत्तर प्रदेश को डिजिटल हब बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सेमीकंडक्टर, आईटी/आईटीईएस और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश को एक उभरते हुए टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करने के लिए विभिन्न नीतियों पर कार्य कर रही है। जिसके लिए हाल ही में राज्य में आईटी और स्टार्टअप नीति को लेकर बड़े कदम उठाए गए हैं, जिससे वैश्विक कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित किया जा सके। आपको बता दें ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाने और युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। सरकार का उद्देश्य प्रदेश में आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना और इसे एक प्रमुख टेक्नोलॉजी केंद्र बनाना है। उत्तर प्रदेश के आने वाले समय में देश को अग्रणी डिजिटल राज्य बनाने की दिशा में तेजी से काम होगा।

आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा निशुल्क दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सहयोग से सीबीआई कोर्ट कैंपस जिला एवं सत्र न्यायालय गाजियाबाद में एक प्रथम निशुल्क दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का लगाया गया। संस्थान के दंत विशेषज्ञों की टीम ने इस शिविर में लगभग 200 से अधिक लोगों की मौखिक स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की तथा आवश्यक उपचार बताये।

इसके साथ ही शिविर स्थल पर आने वाले सभी मरीजों को अच्छी मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया तथा जरूरतमंद लोगों को दंत चिकित्सा सेवा प्रदान की गयी। जिसमें विशेष रूप से दांतों की सड़न, मसूड़ों की

बीमारियों, दंत फ्लोरोसिस और उन्हें रोकने के उपायों पर जोर दिया गया। इसके अलावा उन्हें कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थों के बारे में शिक्षित किया गया जो दांतों की सड़न पैदा कर सकते है। इसके बाद उन्हें मौखिक रोगों से संबंधित उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिये। शिविर स्थल पर आने वाले सभी मरीजों को अपना दंत उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके अतिरिक्त मरीजों को संस्थान में प्रदान किये जाने वाले उच्चतम उपचार जैसे डेंटल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीर्स, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट, फेशियल एस्थेटिक्स आदि उपचारों के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद के एडवोकेट दीपक शर्मा (अध्यक्ष), एडवोकेट अमित कुमार नेहरा (सचिव) एवं एडवोकेट सागर ढ़ीगरा (सर्वोच्च न्यायालय) उपस्थित रहें। उन्होंने संस्थान द्वारा इस पहल की सराहना की। आईटीएस - द एजुक. ेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इस स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसके लिये सभी मरीजों ने संस्थान का आभार प्रकट किया।

चोर-चोर का शोर मचा कर बुजुर्ग को बेरहमी से पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

शेरकोट। पुराने जमीनी विवाद को लेकर तीन सगे भाइयों सहित एक अन्य युवक ने रात्रि के समय घर के बाहर खड़े एक बुजुर्ग को चोर चोर कहते हुए उस पर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे बजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के ले जाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर छिबरी निवासी आकृतिक कुमार पुत्र रूपचंद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी गांव के ही करन सिंह के परिवार से पुराना जमीनी विवाद है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके पिता रात्रि लगभग 11 बजे घर के बाहर खड़े थे। तभी ग्राम के ही लखीराम, विनोद, सतीश पुत्रगण करन व हिमांशु पुत्र कुंदन सिंह ने प्लानिंग के तहत चोर चोर का शोर मचाकर उसके पिता पर लाठी डंडों व धारधार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब वे व परिवार के अन्य सदस्य घर से बाहर आये तो आरोपी उन्हें बेहरमी से पीट रहे थे।

मोबाइल शॉप में आग, लोगों ने कूदकर बचाई जान

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। नांगलोई के जनता मार्किट स्थित पहली मंजिल पर बनी मोबाइल फोन की दुकान में बीते सोमवार रात अचानक आग लग गई। हादसे में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों ने दूसरी मंजिल से गली में कूदकर अपनी किसी तरह से जानें बचाई। इस बीच कूदने से सभी को चोट भी लगी थी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया।

पुलिस मामला दर्ज करके आग लगने के कारणों का पता करने की कोशिश कर रही है। सोशल मीडिया पर हादसे का ३३ सैकेंड का भयावह वीडियो भी वायरल हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायलों की पहचान प्रांजल (१९), प्रीति (४०), पंकज (४०), पनव (१८), वैभव (१३) और श्वेता (२०) के रूप में हुई है। सोमवार रात पौने दस बजे नांगलोई पुलिस को ज्वाला पुरी वाई-६५५, मोबाइल मार्केट, जनता मार्केट की एक बिल्डिंग में भीषण आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। आधा दर्जन घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। दमकल की तीन गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काफी मशक्कत

आग की लपटों में से कूदते नजर आए लोग

के बाद करीब ११ बजे आग पर पूरी तरह से काबू किया। सर्च ऑपरेशन में काफी जला हुआ सामान बरामद हुआ। हादसे की वजह से पहली और दूसरी मंजिल पर दीवारों में दरारें और धुआं की परते जम गई थी। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि कंट्रोल रूम को रात १० बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। आग बिल्डिंग के फर्स्ट और सेकंड फ्लोर पर लगी थी, जिससे बचने के लिए छह लोगों ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। इसके चलते उन्हें चोटें आईं। फिलहाल सभी की हालत स्थिर बताई गई है और आग लगने की वजह की जांच की जा रही है। गेट एक था,सीढी लगाकर जान बचाने की कोशिश की-स्थानीय लोग स्थानीय लोगों ने बताया कि बिल्डिंग में एंट्री करने के लिये एक छोटा सा ही रास्ता था। जिसका लोहे का दरवाजा खोलकर जब अंदर जाने की कोशिश की। आग का गुब्बार बाहर की तरफ आया था। जिससे लोगों की हिम्मत टूट गई थी। स्थानीय लोगों ने लकड़ी की सीढी लगाकर भी बिल्डिंग में जाकर बचाने की कोशिश की थी। लेकिन वे कामयाब नहीं हो पाए थे। आग काफी तेजी से फैली थी। आधा दर्जन फंसे लोगों की चिल्लाने की आवाजें सुनाई दे रही थी। इस बीच अचानक से एक लडका दूसरी मंजिल से नीचे कूदा था। उसके बाद एक के बाद कूदने लगे थे। दमकलकर्मियों को मौके पर आने में भी काफी दिक्कतें हुई थी। क्योंकि गली काफी संक्रिण थी।

शपथ ग्रहण समारोह में 50 हजार लोगों के आने की संभावना

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आज बृहस्पतिवार दोपहर नए मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, राजग के सभी सांसदों व वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोग भी समारोह में शामिल होंगे।

इसके अलावा कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल सहित कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव का नाम भी आमंत्रित लोगों में शामिल है। वीवीआईपी गेस्ट के अलावा विधानसभा चुनाव में जीत दिलाने में महत्वपूर्ण निभाने वाले पार्टी के सभी राज्यों के नेताओं, दिल्ली के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया गया है। सफाई कर्मचारी, झुग्गी बस्ती के प्रतिनिधि, विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य समारोह में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में ५० हजार लोगों के आने की संभावना के मद्देनजर दिल्ली पुलिस समेत सभी १२ विभाग सुरक्षा इंतजामात करने में लगा हुआ है। बैठक में सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर रणनीति तय की गई। १००० बसों में भरकर लोगों के आने के दावे किए गए हैं। पुलिस को उम्मीद है कि करीब ५०० से ८०० बसें आ सकती हैं। हजारों की संख्या में कारें और अन्य वाहनों के आने की संभावना है।

यूडीएमए ने सभी यूनानी तंजीमों को यूनानी-डे मनाने पर दिया जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। यूडीएमए की जानिब से आज हमदर्द फूड्स डिवीजन कनॉट प्लेस न्यू दिल्ली में हाइब्रिड मॉड में मीटिंग की गई जिसमें यूनानी ड्रग्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के चेयरमैन हामिद अहमद डायरेक्टर्स हमदर्द फूड्स इंडिया, पैटर्न मोहम्मद आरिफ, खजांची हकीम अरबाब उद्दीन डायरेक्टर सदर लैबोरेटरीज, जनरल सेक्रेटरी नबील अनवर, कॉर्डिनेटर मोहम्मद नौशाद और हकीम उजैर बकाई ने फिजिकल शिरकत की

मीटिंग में यूडीएमए के आने वाले टाइम के एजेंडा पर विचार और प्लान बनाया गया इस दौरान एग्जीक्यूटिव मेंबर्स भी अपॉइंट किए गए। यूनानी पैथी के माहिर हकीम अजमल खान के जन्म दिवस पर प्रोग्राम ऑर्गनाइज करने और यूनानी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सी सी आर यू एम और मिनिस्ट्री ऑफ आयुष का शुक्रिया अदा किया यूडीएमए के कॉर्डिनेटर मोहम्मद नौशाद ने बताया कि यूनानी को प्रमोट करने के लिए यूडीएमए ने जो प्लान तैयार किया है उसका एजेंडा जल्द ही सभी जगह दिखाई देगा उन्होंने आगे कहा की यूडीएमए के पहले से ज्यादा असरदार काम करने पर जोर दिया जा रहा है ! यूनानी के लग भाग तमाम डिपार्टमेंट को कनेक्ट करके सबके साथ मिलकर काम करने का अहद किया गया इस दौरान हाइब्रिड मॉड में नकउं के चारों रीजनल वाइस प्रेसिडेंट, ज्वाइंट सेक्रेटरी मोहम्मद जलीस, सेंट्रल वाइस प्रेसिडेंट जनाब डॉक्टर मतिउल्लाह मजीद और हकीम मोहसिन देहलवी आदि ने यूनानी दवाओं को और बेहतर बनाने के लिए अपने मशविरे दिए और आखिर में सदर दवाखाने के डायरेक्टर और यूडीएमए के सीनियर खजांची हकीम अरबाबउद्दीन ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया

इन रास्तों से बचें, रूट मैप देखकर निकलें घर से

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक पुलिस ने रामलीला मैदान में आज बृहस्पतिवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए कुछ मार्ग पूरी तरह बंद रहेंगे, जबकि कुछ जगहों से ट्रैफिक परिवर्तित किया जाएगा। ऐसे में पुलिस ने लोगों को रामलीला मैदान व आसपास के सभी मार्गों से बचने की सलाह दी है। दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) सत्यबीर कटारा ने बताया कि रामलीला मैदान में २० फरवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि रामलीला मैदान आयोजित होने वाले इस समारोह में कई वीआईपी/ वीवीआईपी शामिल होंगे। इसके अलावा, रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की भी उम्मीद है। सुभाष पार्क टी-प्वाइंट, राजघाट, दिल्ली गेट, आईटीओ, अजमेरी गेट, रंजीत सिंह फ्लाईओवर, भवभूति मार्ग-डीडीयू मार्ग रेड लाइट पर आवश्यकता के आधार पर ट्रैफिक परिवर्तित किया जाएगा। २० जनवरी को सुबह ९ बजे से दोपहर २ बजे तक कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। बीएसजेड मार्ग, आईटीओ से दिल्ली गेट, जेएलएन मार्ग, दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक, अरुणा आसफ अली रोड नई दिल्ली, मिंटो रोड से कमला मार्केट से हमदर्द चौक तक, रंजीत सिंह फ्लाईओवर से तुर्कमान गेट तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

बाहरी उत्तरी जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने ऑटोल डिको डिंग मशीन से लग्जरी कारों की चाबी बनाकर चोरी करने वाले एक अंतर्राज्जीय गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश किया।

कांग्रेस ने आगे के लिए बनाई रणनीति

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आप सरकार के प्रति सत्ता विरोधी लहर होने के बावजूद उसका वोट बैंक कांग्रेस के खाते में नहीं आ सका। निस्संदेह भाजपा को भी इसी का फायदा मिला। कांग्रेस का मानना है कि विधानसभा चुनाव तो इस बार पार्टी ने मजबूती से लड़ा, लेकिन जनता को सत्ता में आने का भरोसा नहीं दिलाया जा सका। विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर कांग्रेस की दिल्ली कार्यालय में एक समीक्षा बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, प्रभारी काजी निजामुद्दीन, पूर्व मंत्री डा. नरेंद्र नाथ, हारून यूसुफ, वरिष्ठ नेता जितेंद्र कोचर, अभिषेक दत्त सहित कई अन्य नेता भी शामिल हुए।

इस बैठक में हार के मुख्य कारणों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि पार्टी को सिर्फ पुराने चेहरों के साथ आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। नए चेहरों को भी मौका देना होगा। हालांकि, इस बार काफी युवाओं को टिकट दिया भी गया था, लेकिन आने वाले वक्त में नए चेहरों को संगठन में भी जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अलावा उन नेताओं, जो लंबे समय से निष्क्रिय चल रहे हैं, को भी पदमुक्त कर काम करने वालों को मौका दिया जाएगा। बैठक में यह प्रस्ताव भी रखा गया कि कांग्रेस का परिवार बढ़ाना होगा। आम आदमी पार्टी के बहुत से वरिष्ठ नेता कांग्रेस में आना चाहते हैं, उन्हें शामिल करवा लिया जाए। तय हुआ कि जल्द ही आप के कुछ नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलवाई जाएगी। बैठक में दबी जबान में चुनाव प्रचार में हुई हीलाहवाली पर नाराजगी भी जताई गई।

भाषाओं को बचाने व संरक्षित करने की जिम्मेदारी भाषा से प्रेम करने वालों की: प्रो. अख्तरुल वासे

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उर्दू डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के जरिए बस्ती हजरत निजामुद्दीन स्थित गालिब एकेदमी में उर्दू के प्रख्यात पत्रकार जलालउद्दीन असलम की पुस्तक नकदो नजर का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पदमश्री प्रोफेसर अख्तरुल वासे ने की एवं मुख्य अतिथि के तौर पर उर्दू डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के अध्यक्ष डॉ सैयद अहमद खान ने भाग लिया। अतिथि के तौर पर के एल नारंग शाकी, वरिष्ठ पत्रकार सोहेल अंजुम, मासूम मुरादाबादी, डॉ. अकील अहमद,आरिफ इकबाल आदि ने भाग लिया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पदमश्री अख्तरुल वासे ने कहा कि भाषाओं को बचाने और उसको संरक्षित करने की जिम्मेदारी भाषा से प्रेम करने वालों की है। जब तक

इस तरह के लोग इस दुनिया में जिंदा है कोई भी भाषा मर नहीं सकती है। सरकारों का काम भाषाओं को जिंदा रखने के लिए प्रोत्साहित करने का है और इसके लिए सरकारें अपने स्तर पर काम कर रही हैं। लेकिन हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपनी भाषा उर्दू को जिंदा रखने के लिए जाद्दोजहद करते रहें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और दिल्ली में उर्दू भाषा का जो हाल है वह सबके सामने है लेकिन महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु आदि में उर्दू भाषा जिंदा है और वहां के लोग इसके लिए अपने स्तर पर भी प्रयास करते हैं। इस मौके पर डॉ सैयद अहमद खान ने बताया कि जलालुद्दीन असलम साहब की यह पुस्तक उर्दू के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित उनके लेखों को एकत्रित करके आप लोगों के सामने पेश की गई है। यह पुस्तक आज के समय में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें जो लेख एकत्रित किए गए हैं वह अपने समय में काफी अहमियत रखते हैं। पुस्तक के लेखक जलालुद्दीन असलम ने कहा कि इस पुस्तक को लिखने का मकसद आम लोगों को पूर्व में घटित होने वाले हालात से रोशनास करना था। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद ओवैस, जावेद रहमानी, टी एन भारती, गुलजार अहमद, वरिष्ठ फोटो पत्रकार नरेंद्र कुमार, इमरान कन्नौजी, हकीम आफताब आलम, अबू दानिशा आदि ने भाग लिया। डॉ. अबू जैद ने सभी का धन्यवाद किया।

ऑटोल डिकोडिंग मशीन से लग्जरी कारे ऑन डिमांड चोरी करने वाला गैंग पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। ऑटोल डिको डिंग मशीन से लग्जरी कारों की चाबी बनाकर चोरी करने वाले एक अंतर्राज्जीय गैंग मेहताब- समीम पिल्ला गैंग के तीन बदमाशों को बाहरी उत्तरी जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मेहताब, शाहजान उर्फ फैजान और फैजल के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से चार चोरी की कार,मशीन,पिस्टल आदि सामान जब्त किया है। पुलिस आरोपियों से उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेकर उनको भी पकडने की को. शिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्पेशल स्टॉफ पुलिस को नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में पिस्टल के साथ आरोपियों के आने की जानकारी मिली थी। एसीपी दिनेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर आनंद कुमार झा के निर्देशन में एसआई संजीत, एएसआई अजहर अनवर जैदी, हेड कांस्टेबल रविक. ांत,अजय,संजय और कांस्टेबल जितेंद्र ने मौके पर घेराबंदी करके मेहताब और फैजल को पिस्तौल और कारतूस के साथ पकड़ा।

ूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी मेहताब वाहन चोरों के एक गिरोह का सरगना है, जिसके खिलाफ दिल्ली और उत्तर प्रदेश में ३५ से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसने अन्य आरोपियों के

मशीन को ईसीएम में लगाकर डूप्लीकेट चाबी को बना लिया करते थे ऑरिजनल चाबी

साथ मिलकर गिरोह बनाया था और वे मेरठ, यूपी में मिलते थे। वे अपने मोबाइल बंद करके दिल्ली, यूपी और हरियाणा में घूमकर कार चुराते थे। गैंग चाबियों को डिकोड करने और नई चाबियाँ तैयार करने के लिए स्कैनर का इस्तेमाल करता था। पिछले कुछ महीनों में, गिरोह ने दिल्ली और आस-पास के इलाकों से ५० से ज्यादा कारें चुराईं और उन्हें मेरठ में अपने रिसीवर को पहुँचाया। वे खास गाडियों को निशाना बनाते थे, जिसके लिए उन्हें रिसीवर से अच्छी रकम मिलती थी।

मेहताब हमेशा एक लोडेड पिस्तौल लेकर भागने या किसी प्रतिरोध का सामना करने पर लोगों को डराने के लिए बेताब रहता था। किसी भी बाधा या रुकावट का सामना करने पर वह पुलिस पार्टियों या पिकेट स्टाफ पर गोली चलाने से नहीं हिचकिचाता था। मेहताब और फैजल को ७ दिनों की पुलिस हिरासत में लेकर उनकी निशानदेही पर चार कारें और एक रिसीवर सह ऑटेल की प्रोग्रामर मशीन बरामद की गई और शाहजान उर्फ फैजान को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली यातायात पुलिस ने नरेला के स्कूली छात्रों के साथ किया वॉकथॉन का आयोजन।

दिल्ली यातायात पुलिस ने किया नरेला के स्कूली छात्रों के साथ वॉकथॉन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। बच्चों व युवाओं में सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने की एक पहल में, वर्तमान दिल्ली पुलिस सप्ताह के दौरान नरेला के कस्तूरी राम इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से एक वॉकेथॉन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग १०० छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने नरेला बवाना रोड के सर्विस रोड पर लगभग २ किलोमीटर की दूरी तय की। वॉकेथॉन के पीछे का मुख्य उद्देश्य श्कैच देम यंगश दर्शन था, जिसका उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में शिक्षित करना था जो यात्रियों और पैदल यात्रियों दोनों के लिए आवश्यक हैं।

वॉकेथॉन की शुरुआत में उत्तरी रेंज की डीसीपी ट्रैफिक, संध्या स्वामी ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से स्टंट बाइकिंग और अन्य खतरनाक व्यवहारों के खतरों के बारे में चेतावनी दी, जो अक्सर सामाजिक दबाव और सोशल मीडिया प्रसिद्धि की खोज से उत्पन्न होते हैं। उनका संदेश छात्रों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित हुआ, जिसमें सड़क पर लापरवाह व्यवहार के परिणामों पर जोर दिया गया।संबोधन के बाद, छात्रों को उत्तर पश्चिम और बाहरी उत्तर जिले के एसीपी ट्रैफिक,धीरज नारंग द्वारा प्रशासित एक शपथ में भाग लेने के लिए कहा गया था। इस प्रतिज्ञा ने उन्हें सभी यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिवार और दोस्तों के बीच सड़क सुरक्षा की वकालत करने के लिए प्रतिबद्ध किया। प्रतिभागियों को और अधिक शामिल करने के लिए, ट्रैफिक इंस्पेक्टर कुलदीप ने जानकारीपूर्ण पैम्फलेट, सड़क सुरक्षा संदेशों वाले टी-शर्ट और टोपी वितरित कीं। छात्रों को वॉकेथॉन के दौरान सीखे गए पाठों को याद रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल समापन छात्रों को प्रेरित करता है, न केवल यातायात नियमों का पालन करने के लिए, बल्कि अपने परिवारों को सड़कों पर सुरक्षित प्रथाओं की ओर बढ़ाने के लिए भी।

सात साल की बच्ची से दुष्कर्म ने खोली दिल्ली में बदहाल कानून व्यवस्था की पोल: सिसोदिया

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के तिलकनगर इलाके में सात साल की एक मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर हमला किया। ष्आपष के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के राज में दिल्ली की कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गई है। तिलकनगर इलाके में एक मासूम बच्ची के साथ हुई रेप की घटना ने दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। अपराधियों में कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं है। उन्होंने कहा कि अब चुनाव खत्म हो चुका है। अब अरविंद केजरीवाल को गाली देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि भाजपा कुछ काम करके दिखाना होगा। हमारी मांग है कि भाजपा कुछ ऐसा करे, जिससे बलात्कारियों और अपराधियों में पुलिस का खौफ पैदा हो। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और तिलक नगर से 'आप' विधायक जरनैल सिंह ने पार्टी मुख्यालय पर

संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के तिलक नगर से एक बहुत ही दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है जिसमें एक सात साल की मासूम बच्ची का बलात्कार किया गया। यह हम सबके लिए बहुत चिंता की बात है कि दिल्ली में अपराधियों और महिलाओं के साथ गलत काम करने वालों के हौसले पूरी तरह से बुलंद हैं। दिल्ली में कानून व्यवस्था का पूरी तरह से मजाक बना हुआ है। अपराधियों और बलात्कारियों के मन में कोई डर नहीं है। सात साल की मासूम छोटी सी बच्ची के साथ भला कोई कैसे बलात्कार कर सकता है? लेकिन दिल्ली में यह इसलिए हो पा रहा है क्योंकि यहां कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप है और इसे ठीक करने में भाजपा और गृह मंत्री अमित शाह की कोई दिलचस्पी नहीं है।

वहीं "आप" के स्थानीय विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि तिलक नगर में सात साल की बच्ची के साथ जो दुष्कर्म हुआ उसको लेकर दिल दुखी है और रोष में भी है कि गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस इस तरह मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं को रोकने में नाकाम है। चेन स्नैचिंग, स्कूटी चोरी, गाड़ी चोरी जैसी अपराध की घटनाएं इतनी आम हैं कि अब लोग इन्हें काउंट भी नहीं करते हैं। दिल्ली में आजकल फिरौती, रेप और मर्डर आम हो चुके हैं, लेकिन हमारी पुलिस इसे रो. कने में बिल्कुल नाकाम है। दिल्ली के लोगों में बहुत रोष है कि हर दिन बद से बदतर होती इस कानून व्यवस्था का नतीजा क्या होगा?

जनता ने केजरीवाल को धोखाधड़ी की सजा दी: तरुण चुघ

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कल २० फरवरी को रामलीला मैदान में होने वाले दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ समारोह की चल रही अंतिम तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा, 'दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आशीर्वाद दिया है। ये भरपूर आशीर्वाद जनादेश में तब्दील हो गया है। कल दिल्ली में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। मुझे लगता है कि रामलीला मैदान में होने वाली यह दिल्ली की सबसे ऐतिहासिक घटना होगी। दिल्ली की जनता ने एक तानाशाह शासक को उसके झूठ, छल और धोखाधड़ी की सजा दी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली विश्वस्तरीय राजधानी बनने की ओर अग्रसर होगी।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

सं. 128-W/280/e निविदा सूचना/NIT/44/2024-25/W-3 **दिनांक: 19.02.2025**

निम्निलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

1	कार्य का नाम	सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में दिल्ली मुख्य स्टेशन के 1 से 16 तक विभिन्न प्लेटफॉर्म के स्तंभ पीठ की मरम्मत और सुधार।
2	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये)	₹99,98,017.90 (निन्यानवे लाख अठ्ठानवे हजार सत्रह और नब्बे पैसे मात्र)
3	बयाना राशि (रूपये)	₹2,00,000/- (रूपये दो लाख मात्र)
4	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये)	₹0.00/-
5	निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	13.03.2025 को 15:00 तक।
6	वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	निविदा www.ireps.gov.in. वेबसाइट पर उपलब्ध।
7	आवंटन	04-410-32

- ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 562/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कार के साथ

ईको कार व ई-रिक्शा की भिड़ंत में एक की मौत

चमरावल-सबहानपुर मार्ग पर हुए दर्दनाक हादसे में मची चीख-पुकार, सात घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। चमरावल सहबानपुर मार्ग पर एक ईको कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा खाई में पलट गया जिसमे बैठे एक 12 साल के बच्चें की मौत हो गयी जबकि महिलाओं सहित सात घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को पिलाना सीएचसी पर भर्ती कराया। वहीं मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चमरावल नगर दिल्ली निवासी मनीषा पत्नी रिंकू अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने चमरावल गांव मे अपने भाई जयप्रकाश के घर बच्चों सहित आयी थी। शादी समारोह के बाद दिल्ली के अन्य रिशतेदार जब बुधवार सुबह जब ई-रिक्शा से वापस लौट रहे थे तो मनीषा ने अपने पुत्र 12 वर्षीय तनिश पुत्र रिंकू, 10 वर्षीय सागर व आठ वर्षीय हर्ष को भी उनके साथ ई-रिक्शा से भेज दिया। ई रिक्शा जैसे ही चमरावल सबहानपुर मार्ग पर सबहानपुर गांव के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही ईको कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी जिससे रिक्शा खाई में पलट गया और चीख पुकार मच गयी और उसमे बैठे तनिश पुत्र रिंकू की मौकें पर मौत हो गयी जबकि रिक्शा चालक चमरावल निवासी शहजाद पुत्र जाबिर, हर्ष, सागर, राखी पत्नी रूपेश निवासी चौहानपुर दिल्ली, अनिता पत्नी सुनील निवासी मीतनगर दिल्ली, लक्ष्मी मीतनगर व कमलेश गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही परिजन भी रोते बिलखते मौकें पर पहुंच गये। वही सूचना मिलते ही पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी। मौकें पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। वही पुलिस ने घायलों को पिलाना सीएचसी पर भर्ती कराया और मृतक का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दियां। वही परिजनों का रो- रो बुरा हाल है।

घायल शहजाद ई-रिक्शा चालक

सरकार ने किसानों के साथ किया धोखा

अब तक नहीं किया बकाया गन्ना भुगतान

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव निवासी भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव किसान नेता संजीव दांगी लुहारी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। किसानों का चीनी मिलों पर करोड़ों रुपए का बकाया गन्ना भुगतान अभी अधर में लटका पड़ा है।

प्रदेश सरकार ने किसानों का गन्ना मूल्य भाव नहीं बढ़ाया जिससे किसानों में आक्रोश पनप रहा है। लोकसभा चुनाव से पहले पेराई सत्र 2023- 24 में गन्ने की अगेती प्रजातियों के लिए मूल्य को 20 बढ़कर 370 रुपए प्रति कुंतल किया गया था और सामान्य प्रजाति के लिए 360 रुपए प्रति कुंतल रोड अनुपयुक्त प्रजाति के लिए 355 रुपए प्रति कुंतल गन्ना मूल्य तय था। इस सुशासन के लिए प्रदेश की सभी चीनी मिलों की ओर से खरीदे जाने वाले गन्ने का एस एपी 370 प्रति कुंतल तय किया गया था। सरकार ने इस बार भी किसानों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है जिससे

किसान आक्रोशित है। यह सरकार किसान विरोधी सरकार है। अब जल्दी ही गन्ना मूल्य बढ़ाए जाने एवं बकाया गन्ना भुगतान को लेकर धरने प्रदर्शन किए जाएंगे। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने कहा कि किसान लगातार अपनी मांगों को लेकर धरने प्रदर्शन कर रहा है। मगर उनकी कोई भी सुनने वाला नहीं है। किसान अपना हक सरकार से लेकर ही रहेगा। इसके लिए चाहे आंदोलन क्यों न चलाना पड़े। किसान आंदोलन से पीछे नहीं हटेगा। वक्त बातें मीडिया से रूबरू होते हुए भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने कही है।

सड़क पर खड़े ट्रोले से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

मृतक विपिन का फाइल फोटो

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। कस्बा छपरौली के निकट सड़क पर खड़े ट्रोले से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में रो-रोकर बुरा हाल है।

बुधवार को करीब दस बजे राठौड़ गांव निवासी रविंद्र के मुताबिक विपिन हरियाणा में नौकरी करता था। मंगलवार की रात साढे नौ हरियाणा से डयूटी कर बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। जब वह कस्बा छपरौली के निकट पहुंचा तो सड़क पर खड़े ट्रोले से बाइक टक्कर गई। हादसे में बाइक सवार विपिन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरने के बाद देर रात करीब साढे 10 बजे पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया। उधर, छपरौली थाना प्रभारी देवेश कुमार शर्मा कहना है कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर रखी जाएगी पैनी नजर

आगामी त्यौहारों को लेकर जिलाधिकारी ने की शांति समिति की बैठक, संबंधितों को दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों के देखते हुए कानून एवं शांति समिति की बैठक संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठितजनों के साथ कर आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि का त्यौहार 26 फरवरी को है, होली का त्यौहार, रमजान के त्यौहार के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को अच्छे से तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परम्परागत रूप से त्योहार मनायें जाए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी व डीपीआरओ ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई कराये, चुने की व्यवस्था होनी चाहिए। बिजली विभाग को निर्देश दिए कि बिजली नियंत्रित चलती रहे। किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। जिलाधिकारी ने धर्म गुरुओं व समाज के प्रतिष्ठित लोगों से अनुरो`ध किया है कि किसी भी तरह की किसी भी धर्म संप्रदाय को किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होगी। सभी हर्ष उल्लास के साथ त्यौहार मनाए भाईचारा कायम रखें आपस में मिलते रहे। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कहा जो भी दिशा निर्देश शासन के हैं उनका शत-प्रतिशत पालन करना हम सभी का कर्तव्य है। कानून व्यवस्था प्रत्येक अवस्था में कायम रहे, धूमधाम के साथ बहुत ही सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाए। अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा ने कहा जहां पर नमाज हो वहां पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। विद्युत की निर्बाध आपूर्ति रहे सभी स्वास्थ्य केंद्र पर डा.तैनात रहे। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा सड़कों का आवागमन रहना चाहिए। सड़कों पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति किसी तरह की कोई समस्या संबंधित थाने को सूचना करेगा। कोई कानून अगर अपने हाथ में लेगा तो उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल, समस्त एसडीएम, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समसत धर्मों के धर्मगुरु सहित समस्त गणमान्य व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

गैर-इरादतन हत्या के आरोपियों को सुनाया 10 वर्ष का कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

बडौत। ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में गैर-इरादतन हत्या के आरोपियों को सुनाई गई 10 वर्ष की कठोर कारावास के साथ ही 28 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है।

बता दें कि ,वर्ष 2013 में थाना बडौत क्षेत्र के ग्राम खानपुर के अभियुक्त भूरा व सलीम पुत्रगण शेरदीन द्वारा गैर इरादतन हत्या करने की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बागपत पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

इस अभियोग को पुलिस महा. निदेशक उप्र द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित किया गया तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस व अभियोजन विभाग द्वारा प्रभावी पपैरवी लगातार की गयी, जिसके परिणामस्वरूप जनपदीय न्यायालय के अपर जिला जज कोर्ट-4 द्वारा अभियुक्त सलीम व भूरा को दोषी पाते हुए प्रत्येक को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 28 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

पौधा भेंट कर शादी की प्रत्येक वर्षगांठ पर पौधा रोपण करने का दिलाया संकल्प

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। नगर स्थित राज पैलेस में दुल्हन बनी पायल सुपुत्री ओपेन्द्र चौहान को आँखें के पर्यावरण रक्षक मास्टर राक`ेश सरोहा, शैली चौधरी, युवराज सूर्या, एडवोकेट रविकुमार एवं समाजसेवी आर.आर.डी.उपाध्याय ने विवाह संस्कार में पौधा रोपण संस्कार अभियान के तहत पौधा भेट कर शादी की प्रत्येक वर्षगांठ पर पौधा रोपण करने का संकल्प दिलाया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए शैली चौधरी ने कहा प्रदूषित पर्यावरण दुनियाँ के लिए गम्भीर समस्या है जिसका एक मात्र समाधान प्रकृति व पर्यावरण के प्रति जागरूकता है। मास्टर राकेश सरोहा ने कहा पौधों का रोपण जीवन के लिए एक सुरक्षा कवच है जिसको बनाये रखने के लिए हम सभी पौधों का रोपण कर सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर मदनपाल, ऋषभ बालियन, देवेन्द्र शैलेन्द्र, भूपेन्द्र, रविन्द्र, विनय, विजय, रविकुमार, युवराज रीना देवी, शैली, मंगला देवी आदि मौजूद रहे।

15 दिनों तक गांव-गांव जाकर फॉर्मर रजिस्ट्री करेंगे युवा,माय भारत से मिलेगा प्रमाण पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। बुधवार को जनता वैदिक कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र (माय भारत) बागपत के तत्वावधान में भारत सरकार के डिजिटल कृषि मिशन के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानों के डिजिटलीकरण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को स्वयंसेवी के रूप में अपने गांव-कस्बे में श्फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान संचालित करने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि फॉर्मर सहायक यूपीश एप के माध्यम से युवा स्वयं को सहायक के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं और अपने आसपास के किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य कर सकते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों के विवरण को डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ना है, जिससे उन्हें विभिन्न कृषक केंद्रित योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। जनता वैदिक कॉलेज के प्राचार्य डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, डिजिटल इंडिया के इस युग में तकनीकी का सही उपयोग बेहद जरूरी है। डिजिटल कृषि मिशन के तहत किसानों को तकनीकी माध्यम से सशक्त करने की पहल की गई है, जिसमें युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान माय भारत पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गई और मौके पर ही युवाओं का पंजीकरण भी कराया गया। तकनीकी विशेषज्ञ अमन कुमार ने माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण की लाइव डेमो प्रस्तुत की, जिससे उपस्थित युवाओं को प्रक्रिया समझने में आसानी हुई।इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने डिजिटल ख्रषि मिशन को स्फल बनाने और किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए अपने-अपने गांवों में जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

बजट से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था, विकसित भारत का सपना होगा पूरा

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। बुधवार को चमरावल रोड़ पर स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता करते हुए वाईपी सिंह ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास पर केंद्रित है, जिसमें गांव, गरीब, किसान, पिछड़े वर्ग और मध्यम वर्ग सभी को ध्यान में रखा गया है। यूपी सिडको के चेयरमैन वाईपी सिंह ने केंद्रीय बजट 2025-26 को देश की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह विक. सित भारत के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा।

इस दौरान उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा की गई घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि 12 लाख रुपए तक की आय को कर मुक्त करने का निर्णय आम जनता को बड़ी राहत देगा। चेयरमैन ने देश की आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए बताया कि 2014 में भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था, जो अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया और कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बजट में अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के आधु. निकीकरण, हर घर जल योजना और तकनीकी शिक्षा के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर सरकार संवेदनशील है। समय-समय पर भाजपा सरकार ने गन्ना मूल्य बढ़ाने का काम भी किया है। किसानों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चिंतित रहते हैं। भाजपा के जिला कार्यालय पर केंद्रीय बजट को लेकर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में आये सिडको चौयरमेन वाईपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में हर व्यक्ति का सम्मान है। अंतिम छोर पर खड़े हर व्यक्ति की चिंता भाजपा सरकार करती है। उन्होंने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस बार पेश केंद्रीय बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को समर्पित है। समग्र विकास का बजट है। कहा कि बजट धन धान्य योजना से किसानों को बड़ा लाभ होगा। कार्यक्रम संचालन जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक बिजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने किया। इस दौरान प्रदीप ठाकुर, धूम सिंह, अनिल चौहान, राकेश जैन, अनीता खौखर, अश्वनी त्यागी, आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। बुधवार को अधिवक्ताओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। रेवेन्यू बार एसोसिएशन के तत्वाधान में सभी नवनियुक्त पदा. धिकारियों को जिला जज संजय कुमार मलिक ने शपथ ग्रहण कराई मुख्य अतिथि जिला जज संजय कुमार मलिक का सभी अधिवक्ताओं ने मालाऐ पहनकर स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने शपथ लेते हुए तहसील परिसर में ईमानदारी के साथ कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर विशेष अतिथि विनायक सोमवंशी तहस. ीलदार राजेश कुमार देशपाल सिंह पवार रिटायर्ड डीएसपी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रेवेन्यू बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एडवोकेट ने शपथ ग्रहण का कार्यक्रम का समापन एल्डर कमेटी के अध्यक्ष ओमपाल सिंह ने सभी का शपथ ग्रहण कराया। कराया शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष पद पर सत्यपाल सिंह मान एडवोके, उपाध्यक्ष पद पर अमरपाल तोमर, महामंत्री कुलदीप तोमर, कोषाध्यक्ष अक्षय कुमार, सहसं. चव विनीत देशवाल, पुस्तकालय मंत्री पर्वेंद्र तोमर के अलावा मनोज कुमार रविंद्र शर्मा वीरेंद्र शर्मा वरिष्ठ सदस्य बनाए गए है। इस अवसर पर वीरेंद्र चौहान एडवोकेट शैलेंद्र राणा पूर्व अध्यक्ष आनंदपाल तोमर अश्वनी शर्मा जागौश धीरज पाल तोमर विदेश मान रोहित तोमर अशोक त्यागी तोसिम खान मनोज कुमार के अलावा काफी संख्या में अधिवक्ता शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे।

त्यौहारों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्योहारों को देखते हुए जनपद में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना सिंघावली अहीर पर एक पीस कमेटी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता थाना सिंघावली अहीर ने की। इस दौरान बैठक में थाना प्रभारी सोनवीर सिंह सोलंकी ने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। सोलंकी ने धर्मगुरुओं से सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बैठक में मौजूद सभी गणमान्य नागरिकों ने शांति और भाईचारा बनाए रखने की प्रतिबद्धा जताई। उन्होंने प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

लविश के एजेंटों के घरों पर टिकी पुलिस की खुफिया निगाह

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन इलाकों में ऑनलाइन निवेश कर 210 करोड़ की ठगी करने वाले लविश के एजेंटों पर पुलिस-प्रशासन की नजर टिक गई है। उनकी अचानक बढ़ी संपत्ति को लेकर जिले के अफसर भी हैरत में हैं। इसको लेकर एजेंटों के घरों पर पुलिस की खुफिया निगाहें हैं, जो एजेंटों के घर आने-जाने से लेकर उनके करीबियों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं।

हिमाचल की क्यूएफएक्स कंपनी में निवेश कराकर 210 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में ईडी ने मुजफ्फरनगर, शामली और बागपत के पलड़ा गांव में मोमीन के घर छापा मारा था। वहां से मोमीन किसी तरह बचकर निकल गया, लेकिन चंडीगढ़ ईडी की टीम दस्तावेज समेत अन्य सामान लेकर वहां से चली गई। उधर, ईडी के छापे के बाद बागपत जिले में 17 एजेंटों के छिपे होने की जानकारी मिली, जिन्होंने बड़ौत, छपरौली, बावली, पलड़ा, बिनौली, रटौल समेत अन्य जगहों से 200 से अधिक लोगों का करोड़ों रुपया दस फीसदी मुनाफे का लालच देकर लविश की कंपनी में निवेश कराया। निवेशकों को एजेंटों ने दुबई की सैर भी कराई। अब ईडी की कार्रवाई के बाद से पूरा प्रकरण सुर्खियों में बना हुआ है। लविश के एजेंटों की सूची तैयार कराकर अपने खुफिया विभाग को अलर्ट कर दिया है।

12 साल बाद होंगे प्रबंध समिति के चुनाव

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। नगर के दिगंबर जैन इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव कराने के लिए 12 साल बाद प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें 5600 आजीवन सदस्य हैं जो मतदान करेंगे। 16 मार्च को मतदान व इसके बाद मतगणना का कार्यक्रम जारी किया गया है। प्रबंध समिति का चुनाव आखिरी बार 2012 में कराया गया था। इस दौरान प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुखमालचंद जैन, ने बुधवार को बताया कि सचिव पद पर सतीश जैन व प्रबंधक हरीश मोहन समेत 12 सदस्यीय कार्यकारिणी निर्वाचित घोषित की गई थी। मतदान में 1350 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया था। इसके बाद समिति के चुनाव समय पर नहीं कराने के कारण प्रबंध समिति 2018 में कालातीत हो गई थी।

गंदगी से अटी पड़ी हैं गलियां, चौसाना के लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर

शाह टाइम्स संवाददाता

चौसाना। चौसाना गांव की गलियां गंदगी और कीचड़ से भरी पड़ी हैं, जिससे ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। जगह-जगह बहते गंदे पानी और सड़कों पर जमी कीचड़ ने गांव के लोगों को नरकीय हालात में रहने पर मजबूर कर दिया है। यह हाल गांव के बिजलीघर के पीछे स्थित साबिर के घर के पास का है, लेकिन केवल यही जगह नहीं, बल्कि चौसाना की लगभग सभी गलियां इसी बदहाली की शिकार हैं।

चार साल से सफाई के नाम पर सिर्फ झूठे वादे

गांव के निवासियों का कहना है कि पिछले चार साल से प्रधान और सचिव की आपसी लड़ाई के कारण सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है। ग्रामीणों सत्तार, इकराम, शौकत, रिफाकत, भूरा, अकरम, अयूब, रहिश, साकिब, असशान, दिलशाद, नौशाद, इमरान आदि का आरोप है

चौसाना। गंदगी से अटी पड़ी गली। छाया शाह टाइम्स

कि इस अवधि में गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गांव में तैनात सफाईकर्मी कभी नजर नहीं आते, और न ही सफाई का कोई ठोस इंतजाम किया गया है। जब भी सफाई को लेकर शिकायत की जाती है, तो केवल आश्वासन ही मिलता है, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।

नया सचिव भी नहीं कर रहा काम

चौसाना। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि नए सचिव के आने के बाद स्थिति में सुधार होगा, लेकिन उनकी उम्मीदों पर भी पानी फिरता नजर आ रहा है।

गांव में गंदगी और जलभराव की स्थिति पहले जैसी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई को लेकर कई बार सचिव से गुहार लगाई गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

.....

सचिव राहुल कुमार से बात की गई तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि उन्हें इस समस्या की जानकारी नहीं थी। जल्द ही गांव में सफाई अभियान चलाया जाएगा और स्थिति को बेहतर किया जाएगा।

ऊन तहसील में भ्रष्टाचार को लेकर बजरंग दल ने कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। बुधवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होने ऊन तहसील में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए डीएम को संबोधित एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को सौंपा।

बुधवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत हरसाना व हथछोया के कार्य को लेकर तहसील स्तर से कराने के लिए सभी ग्राम वासियो को परेशानी का सामना करना पडता है। जिसमे तहसील स्तर के हल्का लेखपाल के द्वारा किसी भी प्रकार के कागजात तैयार कराने के लिए घूस मांगी जाती है। अन्य कमी बताकर समस्त ग्रामीणों को परेशान किया जाता है। कहा कि ग्राम हसाना में तालाब भूमि पर हल्का लेखपाल से साज को लेकर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करा दिया है। आरोप है कि

शिकायत के बावजूद भी हल्का लेखपाल कार्यकताओं के साथ अभद्र व्यवहार व अपनी हटधर्मी पर कायम है। उन्होने तहसील ऊन मे ईडब्लूएस व आय प्रमाण पत्रो में लेखपालो के द्वारा अवैध धन वसूल कर अपात्रो के ईडब्ल्यूएस व आय प्रमाण पत्र बनाने का आरोप लगाते हुए मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मिथुन सिरोनी, देवीचंद, सौरभ, सुरेन्द्र, शौर्य गिरी, रजत निर्वाल, सतीश कुमार, दीपक, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

एक नजर

प्रोपर्टी डीलर पर तालाब की भूमि में प्लाट बेचकर रुपये ठगने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के रामसागर निवासी एक व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र देकर प्रोपर्टी डीलर पर तालाब की भूमि में प्लाट बेचकर रूपये ठगने का आरोप लगाया। पीडित ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। शहर के मौहल्ला रामसागर निवासी अंकुर पुत्र महावीर सिंह ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि गत दिसम्बर 2024 में मौहल्ला रामसागर शामली में 60.45 गत का एक प्लाट संजय कुमार से 7,95,000 रूपये में तय किया था। जिसमें पीडित द्वारा ब्याने के तौर पर 2,33000 रूपये दे दिए थे। बाकी रकम बैनामें के समय अदा करनी थी। जानकारी की तो पता चला कि उक्त प्लाट तालाब की भूमि में है। उसमें पहले भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रूपये आए थे जो वापस हो गए थे। जब मैने इस बारे में संजय कुमार को कहा कि तुमने मेरे साथ ऐसा धोखा क्यों किया हैं तो कहता है कि ए तो स्वयं देखना था। पीडित ने बताया कि संजय कुमार द्वारा धोखाधड़ी करते हुए मेरे से 2,33000 रूपये हडप लिए है। पीडित ने मामले में जांच कराकर रूपये वापस कराने की मांग की है।

8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में आगामी 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग शामली में विचाराधीन वादों को सुलहनामें के आधार पर निस्तारित किया जाना है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग शामली में विचाराधीन वादों को पक्षकार निस्तारण कराए जानें हेतु आयोजित उपभोक्ता लोक अदालत में सूचीबद्ध करा सकते हैं।

उलेमा ने तेलंगाना सरकार के निर्णय का किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। तेलंगाना सरकार के माह ए रमजान में अपने मुस्लिम कर्मचारियों को एक घंटे पहले छुट्टी देने के निर्णय का मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत के अध्यक्ष मौलाना तारिक कासमी एवं जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने स्वागत किया है। मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत के अध्यक्ष मौलाना तारिक कासमी ने तेलंगाना सरकार के इस कदम की सरहाना करते हुए कहा की माह ए रमजान मुसलमानों के लिए विषेश महिना है जिसमें मुसलमाना रोजा रखने के साथ ही इबादत करते है। प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने इस कदम की सराहना करते हुए तेलंगाना सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला रमजान के महीने में रोजेदारों के लिए सहूलियत देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। गोरा ने कहा कि रमजान मुसलमानों के लिए एक पवित्र और खास महीना है, जिसमें रोजा रखना, इबादत करना, और परहेजगारी अपनाना बहुत अहम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत के अन्य राज्यों की सरकारें भी इसी प्रकार के फैसले लेगी, ताकि रोजेदारों को अपने धार्मिक कर्तव्यों को निभाने में सहूलियत मिले।

सरस्वती विद्या मंदिर में छत्रपति शिवा. जी व गोलवलकर की जयंती मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में छत्रपति शिवाजी जयन्ती एवं माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द ने की तथा संचालन बृजेश कुमार ने किया। उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द ने गुरुजी के जीवनवृत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरुजी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के धनी थे। गुरूजी ने अखण्ड भारत का स्वप्न देखा था इसलिए वे सन् 1948 में तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के आग्रह पर कश्मीर को भारत में विलय कराने के लिए स्वयं राजा हरिसिंह के पास गए और उन्होंने राष्ट्रहित के लिए राजा हरिसिंह को इसके लिए मना लिया।इस अवसर पर नीटू कुमार, अरविन्द कुमार, अशोक कुमार, सागर कुमार, सुखदेव कुमार, कविन्द्र कुमार,

चौसाना में सालाना जलसा सम्पन्न, 11 हाफिज की दस्तारबंदी

शाह टाइम्स संवाददाता

चौसाना। चौसाना स्थित बड़ा मदरसा इस्लामिया अरबिया इमदादुल उलूम में भव्य सालाना जलसे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 11 होनहार छात्रों ने कुरआन पाक हिफ्ज करने की सफलता प्राप्त की, जिनकी दस्तारबंदी द्धसम्मान समारोहऋ पूरे अदब और एहतिराम के साथ की गई। जलसे में नामी इस्लामी विद्वानों और उलमा-ए-किराम ने शिरकत की और अपने प्रेरणादायक तकरीरों से माहौल को रोशन किया।

जलसे की अध्यक्षता और विद्वानों का मार्गदर्शन

इस महत्वपूर्ण जलसे की अध्यक्षता हजरत मौलाना अतहर हसन साहब, हजरत मौलाना मरगूब उर रहमान साहब, मौलाना शौकत साहब, मुफ्ती इमरान कासमी साहब, मुफ्ती अकमल साहब, काजी

बड़ा मदरसा इस्लामिया अरबिया इमदादुल उलूम चौसाना में हुआ जलसा

चौसाना। जलसे में खिताब करते मौलाना। छाया शाह टाइम्स

आफताब साहब और मुफ्ती आमिर साहब ने की।मौलाना मरगूब उर रहमान साहब ने कहा, ष्कुरआन एक पाक किताब है, और इसे याद करना दुनिया और आखिरत दोनों में सफलता की कुंजी है।ष इसी तरह, मुफ्ती इमरान कासमी साहब ने छात्रों को कुरआन के साथ-साथ दीन-ए-इस्लाम की अन्य शिक्षाओं को भी अपनाने की सलाह दी।

इन सभी विद्वानों ने जलसे में शिरकत कर इस्लामी तालीम की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने हाफिज बनने वाले छात्रों को मुबारक. बाद पेश की और उन्हें बताया कि कुरआन को याद करना एक बहुत बड़ी नेमत है, जिसे अमल में लाना और दूसरों तक पहुंचाना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है।

इस जलसे में उन 11 छात्रों की दस्तारबंदी की गई

मोहम्मद अनस, मोहम्मद जुबैर, मोहम्मद उजैर, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद अश्यम, अब्दुल वारिस, अब्दुल खालिक, अब्दुल मालिक, अब्दुल रहीम, मोहम्मद सादान, इन सभी छात्रों को मदरसे की तरफ से विशेष सम्मान, दस्तार (पगड़ी) और डिग्री प्रदान की गई। इस दौरान, उनके परिवारजन और मदरसे के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

दंगल में दूसरे राज्यों से आए पहलवानों ने दिखाया दमखम

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। कस्बे में आयोजित दंगल में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के साथ साथ उत्तराखंड के पहलवान आकर अखाड़े में कुस्ती के दांव पेंच दिखाकर सभी को अर्चंभित कर रहे हैं। पहलवानों से उनके दिल की बात जानी कि वह पहलवानी में किस से प्रेरित होकर आए हैं तथा आगे चलकर देश के लिए क्या करने का जज्बा रखते हैं।

बुद्धवार को कस्बे में आए बागपत दाह के पहलवान मयंक ने बताया की वह 5 साल से पहलवानी कर रहा है। वह अपने पहलवान बाबा प्रकाश से प्रेरित होकर रेसलिंग में आए है तथा उसका सपना ओलंपिक में गोल्ड मेडल लाना है। जनपद शामली के गांव लांख निवासी रवित मालिक पहलवान ने बताया कि वह

झिंझाना। दंगल में कुश्ती लड़ते पहलवान। छाया शाह टाइम्स

आठ वर्ष से कुस्ती लड़ रहा है। उसने नेशनल खेलते हुए पुणे में ब्राउन मेडल 2017 तथा रांची में सिल्वर मेडल 2018 में हासिल किया है। अक्षय राना निवासी निरपडा बागपत भी अपने पिता से प्रेरित होकर पहलवानी में कदम रखा। अक्षय नेशनल खेलते हुए उधम सिंह नगर उत्तराखंड में गत वर्ष सिल्वर मेडल जीता था। इसका भी सपना ओलंपिक खेलना है।

पियूष तथा प्रिंस निवासी हरियाणा के मंगलोरा भी करीब 6 वर्ष से रेसलिंग में जोर आजमाइश कर रहा है। उसने बताया कि इंटर नेशनल ओलंपिक मेडल विजेता सुशील कुमार से प्रेरित होकर पहलवानी में कदम रखा। इन्होंने नेपाल में अयिलो. जित इंडोनेशिया यूथ गेम में गोल्ड मेडल हासिल किया। सभी रेसलर के सपने अपने देश के लिए ओलंपिक खेलकर सोना लाने के हैं। अधिकतर पहलवानों की डाइट घी, दूध, बादाम, आंवला, गाजर का मुरब्बा तथा शरीर निरंतर तेल की मालिश करना और सबसे महत्वपूर्ण ब्रह्मचर्य है।

सीएम उद्यमी विकास योजना को लेकर डीएम ने ली बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना को लेकर जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज उनके कैंप कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए संतोषजनक प्रगति न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति के निर्देश दिए। बैठक में उपयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 1000 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 400 आवेदन पत्र भरे गए हैं जो संबंधित बैंक को ऋण हेतु प्रेषित किए गए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक वार समीक्षा करते हुए जिन बैंकों की प्रगति संतोषजनक नहीं मिली उनको कड़ी फटकार लगाते हुए भेजे गए ऋण आवेदनों में कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही अत्यंत खराब प्रगति वाले बैंकों एचडीएफसी बैंक शामली, पंजाब नेशनल बैंक ऊन, एसबीआई थानाभवन, झिंझाना,व ऊन को कठोर चेतावनी देते हुए एक दिन का समय दिया गया यदि प्रगति नहीं होती है तो अगले दिन आफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबंधित बैंकों से समन्वय करते हुए योजना में प्रगति लाई जाए इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उपायुक्त उधोग शामली जैस्मिन, सहायक आयुक्त उद्योग इशिता मित्तल, अपर सांख्यिकी अधिकारी राजेंद्र कुमार, लीड बैंक मैनेजर सहित सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

चोर-चोर का शोर मचा कर बुजुर्ग को बेरहमी से पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

शेरकोट। पुराने जमीनी विवाद को लेकर तीन सगे भाइयों सहित एक अन्य युवक ने रात्रि के समय घर के बाहर खड़े एक बुजुर्ग को चोर चोर कहते हुए उस पर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे बजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के ले जाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर छिबरी निवासी आकृतिक कुमार पुत्र रूपचंद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी गांव के ही करन सिंह के परिवार से पुराना जमीनी विवाद है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके पिता रात्रि लगभग 11 बजे घर के बाहर खड़े थे। तभी ग्राम के ही लखीराम, विनोद, सतीश पुत्रगण करन व हिमांशु पुत्र कुंदन सिंह ने प्लानिंग के तहत चोर चोर का शोर मचाकर उसके पिता पर लाठी डंडों व धारधार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब वे व परिवार के अन्य सदस्य घर से बाहर आये तो आरोपी उन्हें बेहरमी से पीट रहे थे। जो कि उन्हें देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित का कहना है कि मरणासन्न स्थिति में वे अपने पिता को निजी अस्पताल लेकर गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

रफीपुर मोहन में प्रधान पद के लिए हुआ मतदान

नजीबाबाद। क्षेत्र के ग्राम रफीपुर मोहन में रिक्त हुए प्रधान पद के लिए उप चुनाव में मतदान हुआ। नजीबाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत रफीपुर मोहन के ग्राम प्रधान मेहर सिंह की बीते वर्ष 23 दिसम्बर को मृत्यु हो गई, जिसके बाद ग्राम प्रधान का पद रिक्त चल रहा था। शासनादेश के बाद बुधवार को ग्राम प्रधान पद के उप चुनाव के लिए ग्राम में ग्रामीणों ने अपने मत का प्रयोग किया। रफीपुर मोहन में दो प्रत्याशी अवनीश पुत्र रमेश व ऋतिक पुत्र स्व. मेहर सिंह आमने-सामने है।

मजलिस-ए-शूरा की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

मुफ्ती खलील शूरा के बने सदस्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। विश्व विख्यात शिक्षण संस्था दारुल उलूम की सुप्रीम पावर मर्जलिस-ए-शूरा की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्तवपूर्ण निर्णय लिए गए। पंजाब के मलेरकोटला निवासी मुफ्ती खलील को शूरा का सदस्य बनाये जाने के साथ ही कई पदों पर नियुक्तियां की गई तथा कासमी कब्रिस्तान को बढ़ाने के लिए दारुल उलूम ने जमीन देने के प्रस्ताव को हरी झंड़ी दी। दारुल उलूम के अतिथिगृह में आयोजित तीन दिवसीय मजलिस-ए-शूरा की बुधवार को महत्वपूर्ण निर्णयों के साथ संपन्न हुई। इसमें रिक्त शूरा सदस्य के पद पर शूरा सदस्यों ने कई नामों पर चर्चा

करने के उपरांत पंजाब के मुफ्ती खलील के नाम पर मुहर लगाई। इसके अलावा बैठक में कासमी कब्रिस्तान में जगह की किल्लत को देखते हुए शूरा ने संस्था की ओर से कब्रिस्तान को बढ़ाने के लिए भूमि देने का प्रस्ताव को हरी झंडी गई। दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने बताया कि सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट पेश की। जिन पर सदस्यों ने संतुष्टि जताई। एकाउंट विभाग सहित कुछ नए पदों पर नियुक्तियां की गई और साक्षात्कार को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों की तरक्की भी की गई है। बैठक में सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी, मौलाना महमूद मदनी, पूर्व सांसद मौलाना बदरुद्दीन अजमल, मौलाना रहमतउल्लाह कश्मीरी, मौलाना महमूद राजस्थान, मौलाना हबीबुर्रहमान, मौलाना अनवार्रुहमान बिजनौर, मौलाना अंजर हुसैन मियां देवबंदी, मौलाना शफीक बैंगलुरु आदि शुरा सदस्य शामिल रहे।

एडुलीडर्स ग्रुप के वार्षिक कैलेंडर भेंट किए

नजीबाबाद। न्याय पंचायत पर्वतपुर की मासिक संकुल बैठक कंपोजिट विद्यालय कमालपुर जगनवाला में आयोजित की गई। कार्यशाला के एजेंडे के अनुसार सभी बिंदुओं जैसी डीबीटी पेंडेंसी, हॉलिस्टिक फीडिंग, अपार आईडी पेंडेंसी, शिक्षक संकुल दिलशाद के द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। राज्य क्लब की रूपरेखा व इसे क्रियाशील रखने के बारे में सभी का मार्गदर्शन किया। मंचासीन राज्य पुरुस्कार प्राप्त सुधीर राणा द्वारा आमिर अली (शिक्षक संकुल), दिलशाद एवं कार्यशाला आयोजक विशाल अहमद एवं वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सुधा रानी को राज्य स्तरीय एडुलीडर्स ग्रुप के वार्षिक कैलेंडर भेंट किए गए। कार्यशाला का संचालन दिलशाद शिक्षक संकुल द्वारा किया गया।

सेवानिवृत्त अध्यापकों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। धारूवाला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षण सत्र 2024-25 में अपनी सेवा पूर्ण कर चुके अध्यापकों और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत होने वाले अध्यापक अरुण त्यागी, कुंवर सिंह, मोहम्मद वजाहत शाह और मोहम्मद सरवर को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही एआरपी का कार्यकाल पूर्ण कर चुके योगेंद्र मलिक, शिवकुमार, प्रभात यादव, इस्लामउर्रहमान, डा. संजय उपाध्याय के अलावा विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों डा. सुधीर, तौसीफ अहमद, शेषनाथ, अखिलेश कुमार राय, शाह फैसल मसूदी, खुर्शीद अहमद, अहसान अहमद, शाहनवाज, असजद अली, उजमा परवीन, मुकेश त्यागी, नीतू कुमारी, रोमा परवीन

आदि का भी अभिनंदन किया गया। इस मौके पर डा. सुधीर, डा. संजय उपध्याय, शाह फैसल मसूदी, अहसान अहमद, शादाब खान व तौसीफ अहमद कुरैशी आदि अध्यापक शामिल रहे।

विद्यार्थियों को अंतरिक्ष की गतिविधियों की दी जानकारी

देवबन्द। विद्यार्थियों को अंतरिक्ष में होने वाली गति विधियों तथा सूर्य से दूरी दिन-रात की गणना उनके भार आदि के विषय में जानकारी दी गई।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रांगण में प्रार्थना सभा में छात्र छात्राओं को सौर मंडल के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई ताकि छात्र छात्राओं का ज्ञान वर्धन हो सके। विद्यालयय के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी ने कहा कि भुगोल जैसे गुख्य विषय को क्रियाक्लाप के माध्यम से समझना आवश्यक है क्योकिं यह विषय छात्रो में दूरदर्शिता व वस्तुओं को देखने की समझ विकसित करता है और भविष्य में आने वाली हर प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। उन्होनें कहा की भुगोल विषय में भी भविष्य की सन्दर्भित संभावनाएं है। इस अवसर पर अनिता सैनी, शिवकुमार सैनी, वन्दना ध्रुव, सुनिता चौधरी, राजीव शर्मा, निवेन्द्र कुमार, देवेन्द्र कुमार आदि छात्र छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहे।

महिला ने लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। नगर के मोहल्ला रामेश्वरम निवासी महिला ने अपने पति पर ही शराब पीने के बाद उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घर से निकाल दिया। वहीं उसके भाई को भी शादी से पहले मौत के घाट उतारने की धमकी दी है। पीड़िता ने एसपी को घंशिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। मोहल्ला निवासी रचना ने बताया कि उसकी शादी 27 जून 2012 में रेलवे कालोनी राम गंज हापुड़ के साथ हुई थी। उसके पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था। उसने बताया कि उसका पति नशे का आदी है, जोकि शराब, भांग, चरस, गाँझा पीता है। रोजाना नशे की हालत में उसका उत्पीडन कर मारपीट करता है। शादी के बाद उसके तीन बच्चे हुए। उसने बताया कि उसके पिता का दिनोंक 18 जनवरी को हार्टअटैक से निधन हो गया। उसके बाद उसके पति ने उसको दो बच्चो के साथ घर से धक्के देकर निकाल दिया। तभी से वह मायके में रह रही है। आरोपी अब उसकी हत्या करना चाहता है। उसने बताया कि उसके भाई की तीन मार्च की शादी है। इसको लेकर 14 फरवरी को वह अपने घर में अकेली बैठी थी।

तभी आरोपी नशे की हालत में आकर उसके साथ पिटाई की वहीं धमकी दी है कि बारात से पहले उसके भाई की अर्थी उठ जायेगी में शादी नही होने दूंगा। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

लूट के मामले के आरोपियों की धरपकड़ के लिए गढ़ क्षेत्र में पहुंची बिहार पुलिस

सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर। रिफाइंड से लदा ट्रक लूटने वाले बदमाशों की धरपकड़ को लेकर बिहार पुलिस ने बड़े गुपचुप ढंग से सिंभावली और गढ़ क्षेत्र में कई घंटों तक खोजबीन और जांच पड़ताल की। बिहार के जनपद दरभंगा के थाना महबी की पुलिस बुधवार को बेहद गोपनीय ढंग में एसआई सुनील कुमार के नेतृत्व में सिंभावली और फिर गढ़ क्षेत्र में पहुंची। जिसने कई घंटों तक इधर उधर खोजबीन करते हुए जांच पड़ताल भी की। एसआई सुनील कुमार ने बताया कि जनपद दरभंगा में थाना महबी क्षेत्र के दिल्ली रोड पर पांच बदमाशों द्वारा नवंबर 2021 में रिफाइंड ऑयल से भरे ट्रक को ओवरटेक करते हुए चालक को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए कुछ ही दिनों के भीतर वारदात के मास्टर माइंड बिहार के ही रहने वाले सुशील कंवर को माल समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

जिसके साथ वारदात में शामिल रहे सिंभावली, गढ़ और हापुड़ देहात क्षेत्र से जुड़े चार लुटेरे अभी तक पुलिस के हत्थे चढने की बजाए फरार चल रहे हैं। जिन्हें गिरफ्तार करने के उद्देश्य से बिहार पुलिस कई बार संबंधित क्षेत्रों में दबिश दे चुकी है, परंतु अभी तक कोई सफलता मिलनी संभव नहीं हो पाई है। एसआई सुनील कुमार ने बताया कि अगर जल्द ही लुटेरों की गिरफ्तारी संभव नहीं हो पाती है, तो फिर कोर्ट प्रक्रिया के माध्यम से उनके घरों की कुर्की कराने की कार्रवाई की जाएगी।

जीएस विश्वविद्यालय ने छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती को उत्साह के साथ मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जीएस विश्वविद्यालय ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत एक पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह से हुई, जिसके बाद ज्ञान और बुद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सरस्वती वंदना की गई। छात्रों ने एक आकर्षक मराठी नृत्य प्रदर्शन के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित किया। इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और वीरता को दर्शाने वाले अनेक विचारोत्तेजक नाटक का प्रदर्शन किया गया। विष्वविद्यालय के कुलपति डॉ यतीश अग्रवाल ने बताया कि जीएस विश्वविद्यालय महान नेताओं जैसे छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन का स्मरण करके

सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जिससे छात्रों को साहस, नेतृत्व और देशभक्ति का प्रतीक बनने के लिए प्रेरित किया जा सके। डीन प्रदीप गर्ग ने शिवाजी महाराज की अदम्य आत्मा, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को उजागर किया। इस कार्यक्रम का समन्वय एक समर्पित छात्र टीम द्वारा किया गया जिसमें निखिल, आयुषबद, आदेश, पार्थ, अक्षत उपाध्याय, तानिष्क बागडे, श्लोक नागरकर, और निघांत केदार शिंदे शामिल थे, जिन्होंने कार्यक्रम के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में जीएस मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार, उप निदेशक अंकित विज्ञ, मनोज शिशौदिया, रजिस्ट्रार सुमित सिंह, शिव नंनद सिंह, समस्त विभागाध्यक्ष व सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

गढ़ आसपास

चोरी किया गया ई-रिक्शा जंगल में मिला

गढ़मुक्तेश्वर। नगर के नक्का कुंआ मंदिर रोड़ निवासी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार की रात को वह ई रिक्शा घर के बाहर खड़ा कर घर चला गया था। देर रात को उसने देखा कि उसके घर के बाहर से चोर रिक्शा को चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने बताया कि उसने रिक्शे को तलाश किया तो उसका रिक्शा मेला मार्ग स्थित वनों में खड़ी मिली, लेकिन चोर उसकी बैटरी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चिंगारी ने जला दिए बिटौरे और बोंगे

गढ़मुक्तेश्वर। बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव कनौर निवासी सरताज अली ने बताया कि उनके घर के ऊपर से हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजर रही है। 17 फरवरी की शाम को तार से निकली चिंगारी उसके घेर में बने बिटौरे और बोंगे में आकर गिर गई। चिंगारी गिरने से उनके बिटौरे और बोंगे जलकर राख हो गए, जिससे उसको हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

अवैध हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

गढ़मुक्तेश्वर। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि मंगलवार रात को कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस ने नगर के हापुड़ रोड से जनपद गाजियाबाद के मसूरी निवासी शोएब के पास से एक तमंचा बरामद किया। इसके अलावा स्याना रोड से सिंभावली के गांव रतुपुरा निवासी जिशान के पास से एक चाकू बरामद किया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

श्रद्धालु और टोल कर्मियों में जमकर चले लाठी, डंडे

गढ़मुक्तेश्वर। टोल टैक्स को लेकर हुई कहासुनी के दौरान बात बिगडने पर हरियाणा से अस्थि विसर्जन करने आए श्रद्धालु और टोल कर्मियों में लाठी डंडे चलने से अफरा तफरी का माहौल बनने पर भगदड़ मच गई। हरियाणा के बहादुरगढ़ क्षेत्र का संजय सिंह अपने दिवंगत चाची किताब कौर की अस्थियां विसर्जित करने के लिए बुधवार की सुबह परिजन और सगे संबंधियों के साथ ब्रजघाट तीर्थनगरी में आया था। गंगा की जलधारा में अस्थि विसर्जन करने के उपरांत वापस लौटते समय जैसे ही हरियाणा के श्रद्धालुओं की तीन कार टोल प्लाजा पर आईं तो टैक्स वसूली को लेकर कहासुनी होने लगी। जो कुछ ही पलों के भीतर पहले मारपीट और फिर भीषण संघर्ष में तब्दील हो गई। लाठी डंडे चलने के दौरान हरियाणा के लोगों ने कार में रखे फायर सिलेंडर से टोल कर्मी रोहित के सिर में हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर सडक पर बेहोश होकर गिर पड़ा। संघर्ष होने की सूचना मिलते ही पुलिस आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंच गई, जिसने कड़ी मशक्कत करते हुए आपस में झगडने वालों को तितर बितर कर स्थिति को संभाल लिया। एक कार को कब्जे में लेते हुए पुलिस उसमें सवार हरियाणा के पांच लोगों को हिरासत में कोतवाली ले आई। हालांकि इस दौरान मौके पर जुटी भीड़ में छिपकर कई आरोपी दो कारों में सवार होकर रफूचक्कर हो गए। टोल अधिकारी दिनेश ने टैक्स मांगे जाने पर हरियाणा के लोगों द्वारा हमला करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

अफरा तफरी और भगदड़ से उड़े होश। हरियाणा से आए श्रद्धालु और टोल कर्मियों के बीच लाठी डंडे चलने के दौरान अति व्यस्तम दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे से होकर आ जा रहे राहगीरों में अफरा तफरी के साथ ही भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। वाहनों में सवार महिला और बच्चे अनहोनी घटना होने की आशंका को लेकर बुरी तरह सहम उठे, हालांकि पुलिस के मौके पर पहुंचते ही उन्हें राहत की सांस मिल गई।

सड़क हादसे में कार ने बाइक में मारी टक्कर, घायल

गढ़मुक्तेश्वर। तेज रफ्तार कार ने आगे जा रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बुरी तरह घायल हुए बाइक चालक को अस्पताल पहुंचाते हुए पुलिस ने कार समेत दोषी चालक को हिरासत में ले लिया। जनपद अमरोहा के गांव अतरासी का सचिन कुमार किसी कार्य से दिल्ली गया था, जहां से वापस लौटने के दौरान गढ़ में स्याना फ्लाई ओवर के पास पीछे से तेज रफ्तार में जा रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चला रहा सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन फानन में अस्पताल पहुंचाते हुए पुलिस ने कार समेत दोषी चालक को हिरासत में ले लिया। घायल की हालत नाजुक होती देख सीएचसी के चिकित्सकों ने उसे मेरठ अस्पताल को रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि घायल के परिजनों की तरफ से तहरीर आने पर दोषी चालक के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

लाइन में अनुरक्षण संबंधी कार्य के चलते आज छह घंटे तक रहेगी बिजली सप्लाई बाधित

गढ़मुक्तेश्वर। लाइन में काम होने के कारण आज छह घंटों तक गढ़ चौपला के मेरठ रोड पर बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। बिजली लाइन में अनुरक्षण संबंधी कार्य होने के कारण आज गढ़ चौपला के मेरठ रोड पर छह घंटों तक सप्लाई पूरी तरह बाधित रहेगी। गढ़ द्वितीय उपकेंद्र के अवर अभियंता ने बताया कि चौपला फीडर से पोषित क्षेत्र दुर्गा कॉलोनी, गली नंबर दो, नाजिम कॉलोनी, अंबेडकर नगर, शाहपुर मोड़ से अंडा फैक्ट्री की सप्लाई सुबह 11 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक छह घंटे के लिए बाधित रहेगी।

केंद्र सरकार के बजट को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर हुई प्रेस वार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। केंद्र सरकार के बजट पर क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने पत्रकारों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बजट वित्तीय वर्ष 2025 26 का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया इस बजट की विशेषता यह है कि इस बजट में युवाओं महिलाओं गरीबों एवं किसानों के हितों को ध्यान में रखकर के पेश किया गया है मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है 1200000 तक के आए पर अब कोई आयकर नहीं लगेगा तथा कृषि और ग्रामीण विकास को भी इसमें बढ़ावा मिला है संशोधित ब्याज अनुदान योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण की सीमा को अब 3 लाख से बढ़कर 5 लाख कर दिया गया है एमएसएमई में भी बड़े-बड़े लोन का प्रावधान कर

दिया गया है और बीमा के क्षेत्र में यदि बात करें तो एफडीआई की सीमा 74% से बढ़कर 100% कर दी गई है इस पूरे बजट पर अगर हम देखें तो यह बजट सभी वर्गों के लिए लाभप्रद है और इससे भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, गढ़ नगर पालिका अध्यक्ष राक. श बजरंगी, जिला महामंत्री प्रफुल्ल सारस्वत, राजीव सिरो. ही, पुनीत गोयल, मोहन सिंह, श्यामेंद्र त्यागी, जिनेंद्र चौधरी, अंशुल मित्तल, विक्रांत शर्मा, अनिरुद्ध कस्तला, जय भगवान, शर्मा तेजवीर सिंह, नीलम तेवतिया, मालती भारती, राजीव शर्मा, दीपक भाटी, शैलेंद्र राणावत, पवन सैनी, पिंकी त्यागी व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोनाड विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। मोनाड विश्वविद्यालय में मंगलवार को स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के तत्वाधान में यूजी फेलोशिप: शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को कम करना का उपयोग करते हुए प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग फॉर करियर डेवलपमेंट के लिए एक अतिथि व्याख्यान

आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. एसएस इनामदार, निदेशक, सीजीसी, भारत, उपाध्यक्ष, विश्वनिकेतन

उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ जिसमे विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. एन.के. सिंह, कुलपति डॉ. एम. जावेद, उपकुलपति एवं कुलसचिव कर्नल डी.पी. सिंह, उपकुलपति प्रशास. निक प्रो. योगेश पाल सिंह, उपकुल. पति अकादमिक डॉ. जयदीप कुमार एवं उपकुलपति प्रवेश रोहित शर्मा भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलपति ने डॉ. इनामदार को एक प्लांट सैंपलिंग देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. इनामदार ने एक विचार-उत्तेजक व्याख्यान दिया, जिसमें शिक्षा और रोजगार के बीच अंतर को कम करने में परियोजना-आधारित सीखने के

महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने छात्रों को हाथों से अनुभव प्रदान करने और उन्हें उद्योग के लिए तैयार करने में यूजी फेलोशिप की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। विश्व. विद्यालय के उपकुलपति अकाद. मिक डॉ. जयदीप कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम ने छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए मुख्य वक्ता के साथ जुड़ने और परियोजना-आधारित सीखने और कैरियर के विकास में इसके अनुप्रयोगों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार के बीच अंतर को कम करने के लिए परियोजना-आधारित शिक्षा आवश्यक है। यूजी फेलोशिप छात्रों को कौशल शिक्षा के साथ अनुभव भी प्रदान करता है तथा उन्हें उद्योग के लिए तैयार करता है।

व्याख्यान में कैरियर के विकास में व्यावहारिक ज्ञान सीखने और इसके अनुप्रयोगों के महत्व पर जोर दिया गया है। व्याख्यान में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भाग लिया।विश्वविद्यालय के उपकुल. पति अकादमिक डॉ. जयदीप कुमार एवं इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. विकास त्यागी ने मुख्य वक्ता को विश्वविद्यालय का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मंच का सफल संच. ालन नेहा रानी ने किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों डॉ. अमित सिंघल, अमित कुमार, अरविंद तिवारी, डॉ. विशाल वशिष्ठ, विवेक त्यागी, राघवेंद्र सिंह, चेतन गुप्ता, पवन कुमार शर्मा, दीपक कुमार, शैली निगम, अंकुर कुमार सिंह

आदि के साथ मीडिया प्रभारी विपुल चौधरी एवं बड़ी संख्या में छात्र भी उपस्थित रहे।

गन्ने की नई प्रजातियों से किसानों को होगा फायदा

सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर। कीटों का प्रकोप कम होने के साथ ही उत्पादन बढने से आमदनी में बढ़ोतरी होने पर किसानों के घरों में खुशहाली आएगी। गन्ने की फसल में लगने वाली बीमारियों की रोकथाम को लेकर विभागीय स्तर से बसंत काल में गन्ने की नई प्रजातियों की बुआई को लेकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी सिलसिले में बुधवार को पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर गन्ने की नई प्रजातियों का प्रचार प्रसार कराने को लेकर गहनता से मंथन किया गया। ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक अशोक कुमार यादव ने बताया कि क्षेत्र के किसान पिछले कई वर्षों से 0238 प्रजाति के गन्ने की बुआई करते आ रहे हैं, जो धीरे धीरे अब पूरी तरह रोग ग्रस्त हो गया है। जिससे उत्पादन घटने और कीटनाशक आदि के छिडकाव पर लागत बढने के कारण किसानों की आमदनी बढने की बजाए उल्टे घटते जा रही है। क्योंकि किसानों को गन्ने की फसल बचाने को कड़ी मशक्कत करते हुए गाढ़ी मेहनत की कमाई के पैसे से कीटनाशक खरीदकर उसका छिडकाव करना पड़ रहा है। परंतु इसके बाद भी संबंधित रोगों पर काबू पाया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। जिसे देखते हुए गन्ना विभाग द्वारा किसानों के हित में गन्ने की नई प्रजातियों को लेकर मंथन किया जा रहा है, ताकि किसानों को अच्छी पैदावार मिलने के साथ ही आमदनी में बढ़ोतरी होने से उनके परिवारों में कहीं अधिक खुशहाली भी आ सके। ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक ने बताया कि किसानों को वसंत काल में बुआई करने के लिये गन्ने की जो नई प्रजाति आई हैं, उनमें 15023, 13235, 17231, 16202, 0118 शामिल हैं। जो पैदावार में काफी अच्छी होने के साथ ही कम कीमत में अधिक आमदनी भी देंगी। किसान इन प्रजातियों की बुआई कर अधिक लाभ उठाने के साथ ही फसल में होने वाले नुकसान से भी बच सकते हैं। उक्त सभी बीज उपलब्ध हैं, जिनकी आपूर्ति के लिए इच्छुक किसान गन्ना पर्यवेक्षकों से संपर्क कर खरीद सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा भी गन्ने की नई प्रजाति 16202 बेहद ही अच्छी है, जिसमें वजन ज्यादा होता है और लंबाई भी काफी अधिक होती है।

दाह संस्कार के बाद मृत्युभोज पर रोक का आह्वान हुआ

गढ़मुक्तेश्वर। दिवंगतों के दाह संस्कार के उपरांत दिए जाने वाले मृत्युभोज को सामाजिक बुराई की संज्ञा देते हुए इस पर पूरी तरह रोक लगाए जाने की मांग उठी। गढ़ क्षेत्र के गांव लडपुरा में बाबा खजान दास की समाधि पर बुधवार को ग्रामीणों ने पंचायत की। जिसमें मुख्य रूप से दिवंगतों का दाह संस्कार होने के बाद ब्रजघाट गंगानगरी में दिए जाने वाले मृत्युभोज को एक बड़ी सामाजिक बुराई की संज्ञा दी गई। बाबू जयपाल सिंह, जगमाल सिंह, कंवरपाल ठेकेदार, गजराज सिंह ने कहा कि अपने परिवार के किसी भी चहेते सदस्य को खोने का भारी दुख और ऊपर से दाह संस्कार के बाद मृत्युभोज पर भारी भरकम खर्च किया जाना किसी भी रूप में तार्किक नहीं है। इसलिए मृत्यु भोज से सभी को पूरी तरह परहेज करते हुए इस कुप्रथा से दूर रहना होगा। केप्टन नरेंद्र सिंह, बिज. ेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, सतवीर सिंह ने कहा कि मृत्युभोज एक बड़ी सामाजिक बुराई होने के साथ ही शोक संतप्त परिवार के साथ खुला अन्याय भी है। पंचायत में रामनिवास, तेजपाल सिंह, महिपाल सिंह, सुबोध प्रधान, धन्नी सिंह, रविंद्र पधान, अमन सिंह, सौरव कुमार, तरुण सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

फर्जी कागजात से कर लिया बैनामा

गढ़मुक्तेश्वर। गढ़ क्षेत्र के गांव शाहपुर चौधरी निवासी राजेंद्र सिंह द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में दी गई शिकायत के आधार पर कोतवाली में महिलाओं समेत दस लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें उल्लेख किया है कि कई बीघा कृषि भूमि देवी सहाय की पत्नी चमनदेवी के नाम दर्ज थी। जिनकी 1990 में मृत्यु होने के बाद पति देवी सहाय ने उक्त भूमि 1993 में मुख्त्यारी देवी पत्नी हालचंद को बजरिये बैनामा विक्रय कर दी थी। मुख्त्यारी देवी की मृत्यु के बाद 2024 में उनके वारिसों मोमराज सिंह, योगेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, राजपाल सिंह और देवेंद्र सिंह के नाम माल कागजात में दर्ज हो गए थे। परंतु त्रुटिपूर्वक मृतक चमनदेवी का नाम माल कागजात में गलत तरीके से दर्ज चलता रहा। इस अभिलेखीय त्रुटि का पता पिता पुत्र सुरेंद्र सिंह और उसके बेटे सूर्या चौहान को लग गया। जिसका फायदा उठाकर करीब 35 वर्ष बाद मृतक चमनदेवी की वारिस के तौर पर उनकी तीन पुत्रियों शशि, शीला और सुनीता का नाम माल कागजात में तहसील को गुमराह करके दर्ज करा लिए गए। इसके बाद सूर्या सिंह ने 25 अक्तूबर 2024 को अपने नाम उक्त शीला, शशि और सुनीता से रजिस्टर्ड इकरारनामा करा लिया। जिसमें अरुण कुमार निवासी मौहल्ला आदर्श नगर गढ़ और ब्रह्मपाल निवासी गांव शाहपुर चौधरी गवाह हैं। शीला, शशि और सुनीता जाति से अनुसूचित जाति से हैं और सूर्या चौहान सामान्य जाति से है। उक्त संपत्ति अनुसूचित जाति की महिला की होने के कारण डीएम से अनुमति लेने अनिवार्य था। पीडिष्त राजेंद्र सिंह ने शीला निवासी गांव ईशापुर खानपुर, सुनीता, राहुल निवासी गांव दौलतगढ़, शशि, राहुल जिला बुलंदशहर, सुरेंद्र सिंह, सूर्या सिंह, ब्रहमपाल, सुनील निवासीगण गांव शाहपुर चौधरी और धर्मपाल मौहल्ला आदर्श नगर गढ़ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि दस आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

हापुड़ आसपास

आम का आचार मांगने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा, चार घायल

पिलखुवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव फगौता में शादी समारोह में वेटर और हलवाई के बीच आचार मांगने को लेकर दोनों पक्षों के

बीच मारपीट हो गई जिसमें चार लोग घायल हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। गांव रघुनाथपुर निवासी प्रशांत शर्मा ने बताया कि 18 फरवरी की रात्रि वह अपने साथी सौरभ, वीरपाल के साथ गांव फगौता में आयोजित एक शादी समारोह में खाना बनाने के लिए गए थे। जहां हलवाई और वोटरों में आचार को लेकर विवाद हो गया। जिसपर वेटर ने धारदार हथियार से हमला कर चार लोग घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर एक युवक की मौत, दूसरा घायल

हापुड़। धौलाना में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गांव करनपुर जट्ट निवासी श्याम सिंह अपने साथी सुनील के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव से धौलाना-मसूरी मार्ग होते हुए गाजियाबाद के विजयनगर में कुकर फैक्ट्री में काम करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही धौलाना थाना क्षेत्र के गांव देहरा में महाराणा प्रताप की मूर्ति के पास पहुचे तभी तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गांव करनपुर जट्ट निवासी 35 वर्षीय श्याम सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका अन्य साथी सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। धौलाना थाना अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट का कहना है कि परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है और फरार ट्रक चालक की पुलिस तलाश कर रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

किसानों की समस्याओं का जल्द करें निस्तारण: डीएम

हापुड़। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रो के कृषको एवं कृषक प्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान दिवस में सर्वप्रथम योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया गया। इसके उपरान्त किसान दिवस की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र बाबूगढ़ से उपस्थित वैज्ञानिकों द्वारा फसलो में लगने वाले रोग की रोकथाम के बारे में विस्तृत रूप से उपस्थित कृषको को अवगत कराया तथा स्वास्थ्य संबंधी मोटे अनाज जिसमें फाइबर की मात्रा अधिक मात्रा में पाई जाती हो का सेवन अधिक मात्रा में करने की सलाह दी तथा पशुपालन विभाग से उपस्थित मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उप कृषि निदेशक द्वारा गतमाह जनवरी, 2025 के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतो से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई गयी तथा निस्तारण सम्बन्धी विस्तृत विवरण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा कृषको को अवगत कराया गया। किसान दिवस में विभिन्न कृषको द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत करायी गयी। किसानों द्वारा जिलाधिकारी को यह भी अवगत कराया की हमारे द्वारा किसान दिवस में जो भी शिकायतें दी जाती है संबंधित अधिकारी उसके निस्तारण में खाना पूर्ति करते हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए किसान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसान दिवस के दौरान किसानों की जो भी समस्याएं आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने तहसीलदारो को निर्देशित करते हुए कहा कि वह 10 से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से बैठे जिससे किसान अपनी अपनी समस्याएं उनके समक्ष प्रस्तुत कर सकें। जिलाधिकारी द्वारा किसान दिवस में समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों प्रतिनिधियों को अपने विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह में करके प्रत्येक दशा में निस्तारण की कार्यवाही की प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक, कार्यालय निकट कोतवाली में उपलब्ध कराते हुये एक प्रति शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

गैस लाइन के पाइप में लगी आग

साईं अस्पताल के पास खाली प्लॉट में हुआ हादसा, क्षेत्रीय लोगों में मची भगदड़

- फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू
- शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है भीषण आग का कारण

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। रेलवे रोड थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ी घटना सामने आई। साईं हॉस्पिटल के पास स्थित खाली प्लॉट में रखे गैस लाइन के पाइपों में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे इलाके में धुआं फैल गया। इससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। आग की वजह से बिजली के तार भी टूट गए। कुछ कारें भी आग की चपेट में आने से बच गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया।

फायर फाइटरों ने घंटों की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। प्लॉट में रखे लाखों रुपए के पाइप जलकर राख हो गए। यह पाइप गैस लाइन बिछाने के लिए लाए गए थे। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों का मानना है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। इस मामले की जांच की जा रही है। वहीं लोगों में इस घटना से दहशत है। उनका कहना है कि घटना काफी गंभीर थी अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो गंभीर परिणाम हो सकते थे।

डीएम की अध्यक्षता में हुई किसान दिवस बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक आहूत की गई। किसान दिवस में किसानों को विगत माह में आई शिकायतों की परिपालन आख्या पढ़कर सुनाई गयीं, जिन पर पूर्ण संतुष्टि न प्रदान करने पर जिलाधिकारी द्वारा उन्हें पुन: विभागों को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि प्रत्येक दशा में किसान की बात को मौके पर सुनकर उसका गुणवत्तापरक समाधान किया जाए और आख्या प्रेषित की जाए। किसानों द्वारा बिजली विभाग और गन्ना विभाग से संबंधित शिकायतें की गई। किसान दिवस में कुल 58 शिकायत प्राप्त हुई जिनको जिलाधिकारी के माध्यम से सभी संबंधित विभागों को भेजा जायेगा। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अम्बरीष कुमार आदि मौजूद रहे।

शोभित विवि में कानूनी शिक्षा के लिए छात्रों को दिया मार्गदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्थापित व संचालित विश्वविद्यालय केन्द्र लक्ष्य द्वारा कानूनी शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए कानून के क्षेत्र में करियर और न्यायिक सेवा में चयन हेतु मार्गदर्शन के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय विद्यार्थियो को अपना लक्ष्य निर्धारित कर, मेहनत से तैयारी करने, और दृढ़ता से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। इस सत्र में मेरठ के प्रख्यात अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह धामा विशिष्ठ अतिथि वक्ता के रूप मे तथा मुख्य वक्ता के रूप बंगलूरू से पधारी अधिवक्ता एवं शिक्षिका सुश्री दीक्षा चौधरी ने भाग लिया। छात्राओ सुश्री आकृति, हर्षिता तथा साक्षी द्वारा सस्वर सरस्वती वन्दना के साथ आरम्भ कार्यक्रम में विधि संकाय के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार गोयल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों और छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कानूनी क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए स्पष्ट उद्देश्य, समर्पित तैयारी और समग्र न्याय के प्रति दृढ़ता की आवश्यकता होती है। शोभित विवि के सलाहक. ार प्रोफेसर डॉ. एमएल सिंगला, कुलपति प्रोफेसर डॉ. विना. ेद कुमार त्यागी ने छात्र-छात्राओ को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समर्पण के साथ अध्ययन करने की सलाह दी। विशिष्ठ अतिथि गजेन्द्र सिंह धामा, एडवोकेट ने अपने विस्तृत अनुभवों को साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने करियर में उद्देश्य की पहचान करें और उसे प्राप्त करने के लिए मेहनत करें। उन्होंने कानूनी पेशे की बारीकियों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। सुश्री दीक्षा चौधरी ने शिक्षा और कानूनी अभ्यास के समन्वय पर जोर देते हुए बताया कि कैसे निरंतर सीखना और दृढ़ता से प्रयास करना ही न्यायिक सेवा में चयन तथा न्यायाधीश के रूप मे सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव प्रदान किए। सत्र के अंत में, छात्रों ने अपने संदेहों के समाधान के लिए वक्ताओं से प्रश्न पूछे। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ, जिससे उन्हें अपने करियर की दिशा में स्पष्टता और प्रेरणा मिली।

उधार दिए 60 हजार मांग रहा था इसलिए की हत्या, तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। सरधना पुलिस ने उधार के 60 हजार रूपये मांगने के विरोध में हत्या करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को एसपी सिटी ने पुलिस लाइन में एक प्रेसवार्ता कर घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने थाना सरधना के ग्राम भलसोना में हुई मोहन पुत्र ब्रजपाल उम्र 45 वर्ष निवग्राम शोरम थाना शाहपुर मुजफ्फरनगर की हत्या का खुलासा किया है। जिसमें मृतक के भाई मनोज कुमार ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उसका कहना था कि उसके भाई मोहन की ईंट से कुचल कर हत्या कर दी गई और लाश को भलसोना गांव के जंगल में गन्ने के खेत में छिपा दिया गया था पुलिस ने घटना में शामिल अमित, राजदीप व पारस थाना शाहपुर को गिरफ्तार किया पूछताछ में उन्होंने बताया कि मोहन के 60 हजार रु0 अमित द्वारा लेकर वापस नहीं किया गया। अमित के पुत्र पारस के द्वारा भी मृतक की पत्नी रीमा जो कि हरिद्वार कम्पनी में काम करती थी के कमरे पर जाकर उसके एटीएम एवं फोन का इस्तेमाल कर पेटीएम आईडी बनाकर 59 हजार रुपये निकाल लिये गये।

मृतक मोहन ने स्वयं दिये गये पैसे एवं अपनी पत्नी रीमा के खाते से निकाले गये पैसे की लगातार मांग एवं दबाव दिया जा रहा था इस कारण योजनाबद्ध तरीके से अमित द्वारा मोहन को टेलीफोन से पैसे वापस करने के बहाने हरिद्वार से 25 जनवरी को मंसूरपुर मुजफ्फरनगर बुलाया गया और अपनी बाइक पर बिठाकर भलसोना गांव के पास नहर पटरी के करीब बैठ कर शराब पिलाई गई और वहीं पर हत्या करने की योजना एवं सही स्थान का चयन किया गया। अगले दिन ग्राम भलसोना नहर पटरी के पास शराब पिलाकर नशे की हालत में कर ईंट से कुचल कर हत्या कर दी गई और शव को खींच कर गन्ने के खेत में छिपा दिया गया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया।

कठमुल्ला शब्द का विरोध, आजादी में सबसे ज्यादा कुर्बानी मौलवियों ने दी हैं: शान

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकतंत्र के पवित्र मंदिर, विधानसभा में 'कठमुल्लापन' जैसा अपमानजनक, सां. प्रदायिक और असंवैधानिक शब्द प्रयोग किया जाना न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह उनकी मानसिकता को उजागर करता है। यह शब्द छात्र नेता शान मुहम्मद ने कहे है। उन्होंने कहा कि वह समाज को जोड़ने के बजाय तोड़ने की राजनीति कर रहे हैं। यह बयान केवल एक समुदाय विशेष का नहीं, बल्कि पूरे भारत की धर्मनिरपेक्ष आत्मा, लो. कतांत्रिक मर्यादाओं और संविधान के मूल्यों का अपमान है। यह देश महात्मा ज्योतिबा फूले, भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर, शहीद-ए-आजम भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, कांशीराम जी और सर सैयद अहमद खान, डॉ. फरीदी की विरासत है। यहां संविधान का राज चलेगा, न कि सांप्रदायिक उन्माद और सत्ता के अहंकार का। जनता सब देख रही हैं जिस उर्दू की मुहब्बत में राम प्रसाद बिस्मिल हो गये, जिस उर्दू की मुहब्बत में रघुपति सहाय फिराक गोरखपुरी हो गये। बृजनारायण चकबस्त हो गये, पं हरिचंद अख्तर हो गये, सम्पूर्ण सिंह कालरा गुलजार हो गये। जिस उर्दू में भगत सिंह खत लिखा करते थे, जिस उर्दू को खुद गांधी जी हिंदुस्तानी भाषा कहते हैं, जिस भाषा से नेहरू और पटेल ने प्यार किया। जिस भाषा ने इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया, जिस भाषा ने जय हिंद का नारा दिया, जिस भाषा में मुहब्बत और बगावत के गीत गाये गये, आज एक सूबे के मुखिया उसी भाषा को कठमुल्ला की भाषा कह रहे हैं। यह देशहित के लिए ठीक नही हैं। देश के सबसे बड़े सूबे के मुख्यमंत्री शायद ये भूल गए देश आजादी में सबस ज्यादा कुर्बानी मौलवियों ने दी हैं।

भारतीयों को हथकड़ी पहनाने का सपाइयों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें उन्होंने गन्ने का मूल्य 1100 प्रति कुंतल करने की मांग की है। उनका कहना था कि सोने के भाव लाखों में हो रहे हैं वैसे ही किसानों के गन्ने के भाव भी 1100 मिलने चाहिए। इस दौरान कमिश्नरी चौराहे पर एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने वहां अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जॉन ट्रंप का भी विरोध किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री डोनाल्ड ट्रंप को अपना दोस्त बताते हैं इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप ने देश का अपमान करते हुए वहां से भारतीयों को बेड़ियों में डालकर सेना के जहाज से प्रधानमंत्री की अमे. रिका में उपस्थिति होते हुए भी भारत भिजवाया। इससे भारतीयों का अपमान हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस तरह का उत्पीड़न अमेरिका दोबारा न करें इसलिए उससे बात कर रोक लगाई जाए। इसके अलावा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है जिसकी समा. जवादी पार्टी निंदा करती है साथ ही उन्होंने कुंभ में मारे गए लोगों की सही संख्या जनता के सामने रखने की मांग की है। इस दौरान अमित शर्मा, कार्यालय प्रभारी निरंजन, एहतेशाम इलाही, मंजूर मलिक सरधना, महिला सदस्य नेहा, अनीता पुंडीर, संगीता राहुल आदि मौजूद रहे।

अमर्यादित दिखे कुछ सपाई

जिस समय सपा कार्यकर्ता कलक्ट्रेट परिसर में प्रवेश कर रहे थे एक सपा नेत्री आक्रोश कर रहीं थी। शायद उनके साथ सब कुछ सही नहीं थी। उसी समय एक बुजुर्ग मुस्लिम भी गुस्से में आ गये उन्हें भी शायद किसी ने कुछ कह दिया था।

अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के अध्यक्ष अब्दुल जब्बार खान ने एडवोकेट एक्ट अमेंडमेंट बिल 2025 का विरोध किया है उनका कहना था कि इस बिल से अधिवक्ताओं में रोष है। अधिवक्ता इस बिल से काफी परेशान भी हैं क्योंकि यह बिल उनको केवल अपमान देने वाला बिल है। उन्होंने कहा कि इससे भारत की जनता तो प्रभावित होगी ही साथ ही अधिवक्ताओं का अपमान भी होगा इस बिल में हारने के बाद क्लाइंट को अधिवक्ता पैसे वापस देंगे। उनका कहना था कि जब दो लोग मैदान में लड़ेंगे तो उसमें एक तो हारेगा ही। उन्होंने कहा कि एक अनपढ़ व्यक्ति पढ़े लिखे अधिवक्ता पर पैसे मांगने का दावा कर सकता है। और अधिवक्ता को उसकी फीस देनी होगी। उन्होंने कहा कि इस बिल में बाहर से आया अधिवक्ता किसी भी बार में अपना मुकदमा लड़ सकता है जिससे अधिवक्ताओं में गहरा रोष है इस बिल के विरोध में दिल्ली में हड़ताल चल रही है जल्द ही अध्यक्ष अब्दुल जब्बार खान मेरठ बार, जिला बार के अध्यक्षों से भी इस मामले में बात करके आगे की रणनीति तय करेंगे।

सात दिन में लाइसेंस शुल्क खत्म नहीं किया तो करेंगे बाजार बंद: मोहन सैनी

- अधिशासी अधिकारी ने व्यापारियों के साथ की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

लावड़। बुधवार को अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने व्यापारियों के साथ नगर पंचायत कार्यालय में व्यापारी लाइसेंस शुल्क व कस्बे में लगने वाले यूजर चार्ज को लेकर बैठक की। जिसमें अधिशासी अधिकारी ने सभी व्यापार संघ पदाधिकारी व व्यापारियों से टैक्स वसूली में सहयोग की अपील की, जिस पर सभी ने एक राय होकर कहा कि वह न तो कोई लाइसेंस शुल्क देंगे और न ही कस्बे में यूजर चार्ज लगने देंगे। उन्होंने कहा कि वो केवल हाउस टैक्स और जलकर ही देंगे इससे अलग वो कस्बे की जनता पर लगाए जा रहे पचास रुपए महीना का टैक्स नहीं लगने देंगे। जिस पर अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने शासन आदेश का हवाला देते हुए बताया कि ये टैक्स तो देना ही पड़ेगा चाहे इसे कुछ कम करना पड़े लेकिन ये पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता क्योंकि ये शासन के आदेश अनुसार ही लागू किया जा रहा है। जिसके बाद सभी व्यापारी नाराजगी जताने लगे इस दौरान भाजपा नेता मोहन सैनी ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि वो पूरे कस्बे में कही भी ये पचास रुपए महीना की रसीद नहीं कटने देंगे और न ही लाइसेंस शुल्क देंगे अगर किसी भी कर्मचारी ने जबरन रशीद काटी या किसी को धमकाया तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सात दिन के अंदर व्यापारी शुल्क ओर यूजर चार्ज खत्म नहीं किया गया तो सभी व्यापारी एक साथ बाजार बंद करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने कस्बे वासियों के लिए जेल जाने को भी तैयार हैं, लेकिन उन पर ये भार नहीं पड़ने देंगे। इस दौरान मोहन सैनी के अलावा व्यापार संघ अध्यक्ष गौरव गुप्ता, महामंत्री नायाब रिजवी, पूर्व चेयरमैन महकार सैनी, हाजी खुर्शीद, रामानंद विलटोरिया, साईम रिजवी, डॉक्टर इकबाल मलिक, भूसी ग्रोवर, अनिल कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे।

गढ़िया लुहारों ने किया तहसील में प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

सरधना। सरकारी पट्टों पर हो रहे अवैध कब्जे के प्रयास के विरोध में बुधवार को पोहल्ली गांव के बाहरी छोर पर रह रहे गढ़िया लोहारों ने तहसील में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। गढिया लुहारों ने बताया कि पोहल्ली गांव के बाहर उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह की घोषणा के बाद पूर्व डीएम अवनीश कुमार अवस्थी, पूर्व एसडीएम कंचन शरण व पूर्व विधायक रविंद्र पुंडीर की मौजूदगी में उन्हें 50-50 गज के पटटे आवंटित हुए थे। जिनपर इंद्रा आवास योजना के अंतर्गत मकान भी बनाकर दिए गए थे। जिनमें वह रह रहे हैं। कुछ लोग कारोबार के सिलसिले में बाहर चले गए। बताया कि पटटा संख्या 113 से 142 तक कुछ लोग आर्थिक तंगी के चलते मकान नहीं बना पाए। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व सरधना का पटवारी व एक भूमाफिया का ड्राइवर वहां आए और कुछ दस्तावेजों पर उनके हस्ताक्षर कराकर ले गए। उसके बाद 14 फरवरी को सुबह में कुछ कर्मचारी सरकारी गाड़ी में आए। उनके साथ सफेद रंग की गाड़ी में एक व्यक्ति भी था, जो कि खुद को एसडीएम सरधना बता रहा था। आरोप है कि वह भूमाफिया है, जो कि पट्टों पर अवैध रूप से कब्जा करने की प्रयास में लगे हुए हैं। पीड़ितों ने एसडीएम ने एसडीएम ने जांच कराकर भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने व भूमि पर कब्जा होने से रोकने की मांग की। एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालों में सुनील, राजवीर, अतरकली, कांशी, धारा, रमेश, लख्मी, संजय, मंगल, मंगता, शंकर, गोपी, पप्पू, अशोक, मनोज, मुकदा आदि थे।

गंगानगर पुलिस के गिरफ्त में आया शातिर चोर

मेरठ। थाना क्षेत्र कसेरूबक्सर में स्थित बलकेश्वर मंदिर में सोमवार को मंदिर से बिजली की मोटर, दान पत्र में रखी नगदी व लोहे की जंजीर आदि चोरी हो गई थी। गंगानगर पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से बुधवार को मंदिर में चोरी करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पहचान सुमित पुत्र लीलू के रूप में हुई।

मकानों के ऊपर से 11 हजार की लाईन उतरवाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। तारापुरी मुमताज नगर के स्थानीय लोगों ने एकता सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अबरार अहमद अब्बासी के नेतृत्व में बुधवार को एक ज्ञापन जिलाधिकारी व मुख्य अभियंता धीरज सिंह को सौंपा। जिसमें मकानों के ऊपर से गुजरने वाली 11 हजार की लाइन को हटाने की मांग की है। अबरार अहमद अब्बासी ने बताया कि लिसाढ़ी रोड मुमताज नगर में 40 साल पुरानी मलिन बस्ती है। जहां लोग अपने मकानों की छत पर भी नहीं सकते क्योंकि सैकड़ों मकानों व अम्बेड्कर स्कूल के ऊपर से होती हुई 11 हजार की लाईन आ रही है। स्कूल में सैकड़ो बच्चे पढ़ते हैं जिनकी जान हमेशा दांव पर रहती है। बिजली विभाग में कई बार शिकायत की जा चुकी हैं परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। मंगलवार को अचानक वह लाईन मकानों से करीब 1.5 फुट ऊँचाई पर आ गई उससे पहले वह करीब 4 फुट ऊँचाई पर थी। जिससे अचानक पूरी तरह से जान माल का खतरा पैदा हो गया। पूर्व में भी इस लाईन के कारण से कई लोगों की जान जा चुकी है। भविष्य में भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसलिए इसको जल्द ही हटाया जाए। इस दौरान मौहल्लेवासी अय्यूब, नईम, जावेद, फैय्याज, शहजाद, वसीम, स्कूल के प्रबंधक जैदी, सूफीजी, शहजाद अहमद, अजीम उपस्थित रहे। वहीं स्थानीय पार्षद हाजी अफजाल ने बताया कि इस विषय में ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर से भी बात की गई है।

रियलमी ने लांच किए बहुप्रतीक्षित रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। रियलमी जो भारतीय युवाओं का सबसे चहेता स्मार्टफोन ब्रांड है , उसने गर्व से रियलमी पी 3 सीरीज 5जी पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। रियलमी पी 3 प्रो 5 जी और रियलमी पी 3 5जी के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इना. ेवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफॉर्मेंस डयूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड. रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे जिससे अपने यूजर्स को सेगमेंट. फर्स्ट इनोवेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए रियलमी के प्रवक्ता ने कहा किए हमें रियलमी पी 3 प्रो 5जी और रियलमी पी 3 एक्स 5जी पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है। ये दोनों डिवाइस हमारे इनोवेशन और यूजर.केंद्रित डिजाइन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

पोस्टमार्टम के लिए कब्र से निकाला शव

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के भूमिया के पुल पीर वाली गली में नईमुद्दीन की ससुराल थी। जहां वह सात जनवरी को अपनी ससुराल आया था और उसकी ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इसको लेकर बेटे के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया था, और परिजनों ने पोस्टमार्टम की मांग उठाई थी। लेकिन ससुराल वालों ने बिना पोस्टमार्टम के ही दामाद का दफीना कर दिया। नईमुद्दीन के परिजनों की शिकायत पर पूरे 40 दिन बाद डीएम के आदेश पर बुधवार को नईमुद्दीन की कब्र खुदवाकर नईमुद्दीन को बाहर निकाल गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना सदर बाजार क्षेत्र के भूसा मंडी में रहने वाली सकीना ने डीएम वीके सिंह को प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें उन्होंने शिकायत की थी कि उनके बेटे की हत्या उसके ससुराल वालों ने ही की है उसका पोस्टमार्टम कराया जाए। नईमुद्दीन की मां एसएसपी कार्यालय भी पहुंची और आपबीती बताई जिसके बाद एसएसपी ने थाना ब्रह्मपुरी को पोस्टमार्टम के लिए निर्देश दिए। पूरे 40 दिन बाद कब्र खोदकर नईमुद्दीन की लाश को बाहर निकला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया एसएसपी ने कहा है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ओआरएसएल बनाने वालों की नई पहल: डायरिया से डर नहीं, अगले दो साल में लगभग 5 मिलियन से ज्यादा बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। ओआरएसएल बनाने वाली कंपनी केनव्यू ने पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के साथ मिलकर एक नई जनस्वास्थ्य पहल 'डायरिया से डर नहीं' की शुरुआत की है। अगले दो वर्षों में लगभग 5 मिलियन बच्चों तक पहुं. चने के लक्ष्य के साथ, यह पहल उत्तर प्रदेश के 7 जिलों और बिहार के 3 जिलों में दस्त से होने वाली मृत्यु दर को कम करने और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार पर केंद्रित होगी। इस पहल के बारे में बात करते हुए, प्रशांत शिंदे, बिजनेस यूनिट हेड सेल्फ केयर, केनव्यू ने कहा, पिछले 20 वर्षों से, हमारा प्रतिष्ठित इलेक्ट्रोलाइट ब्रांड, लूइड, इलेक्ट्रोलाइट और एनर्जी पर वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है, जिससे उन्नत हाइड्रेशन फॉर्मूलेशन विकसित हुए हैं। हाल ही में लॉन्च किए गए रेडी-टू-ड्रिंक अप्रूव्ड फॉर्मूला के साथ, हमने अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो का विस्तार किया है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

सरधना। बुधवार दोपहर कावड़ मार्ग पर मानपुरी गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। उधर, घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। खतौली निवासी अब्दुल सलाम बाइक पर सवार होकर किसी काम से मुरादनगर जा रहा था। जैसे ही वह मानपुरी गांव के सामने पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रहे किसी अज्ञात महान ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगते ही वह नियंत्रित हुआ और सड़क किनारे खाई में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया पीछे चल रहे राहगीरों ने उसे तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजन आए और शाम में उसको अपने साथ ले गए। उधर, हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

संक्षिप्त खेल समाचार

दिल्ली कैपिटल्स ने जीता टॉस, पहले बल्लेबाजी करेगी

वड़ोदरा, वार्ता। दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को टॉस जीतकर वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के छठे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैलनग ने कहा कि टीम के यहां रिकॉर्ड को देखते हुए उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि टीम मे एक बदलाव है राधा यादव की जगह निकी प्रसाद की टीम में वापसी हुई हैं। वहीं यूपी वॉरियर्ज की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा कि वे पहले गें. दबाजी करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि टीम मे दो बदलाव है अलाना लकग और साइमा ठाकोर की जगह चिनले हेनरी और राज. श्वरी गायकवाड़ को टीम में जगह दी गयी है।

मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का निधन

मुम्बई, वार्ता। मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। रेगे को कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां और आज सुबह छह बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1966 से 1977-78 तक कुल 52 मैच खेलते हुए 126 विकेट लिए। कुल 23.56 की और औसत से 1532 रन भी बनाए। मुंबई के पूर्व कप्तान ने 1960 और 70 के दशक में एक दशक से अधिक समय तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। अपने खेल करियर के बाद रेगे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) में विभिन्न पदों पर जुड़े रहे। उनके अलग-अलग कार्यकाल में चयनकर्ता और मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी कार्य किया। 1988 में जब युवा तेंदुलकर को रणजी ट्रॉफी टीम में शामिल किया।

विल यंग-लेथम के शतक से न्यूजीलैंड तीन सौ पार पहुंची

न्यूजीलैंड ने उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया

कराची, वार्ता। टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107) की शतकीय और ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया।

कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक समय 16.2 ओवर में 73 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। डेवन कॉन्वे (10), केन विलियमसन (एक) और डैरिल मिचेल (10) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस दौरान विल यंग एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। 38वें ओवर में नसीम शाह ने विल यंग को आउटकर पाकिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। विल यंग ने 113 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए (107) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स ने टॉम लेथम के साथ पारी को सहारा दिया। टॉम लेथम ने 104 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। 50वें ओवर में हारिस रउफ ने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। फिलिप्स ने 39 गेंदों में तीन चौका और चार छक्के लगाते हुए (61) रन बनाए। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और हारिस रउफ ने दो-दो विकेट लिये। अबरार अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

शुभमन गिल

महीश तीक्षणा

यश की फिफ्टी, विदर्भ को 260 रनों की बढ़त

रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया

नागपुर, वार्ता। विदर्भ ने यश राठौड़ (नाबाद 59) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 31) की पारियों के दम पर रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को मुम्बई के खिलाफ 260 रनों की बढ़त बना ली हैं। यहां इससे पहले विदर्भ के पार्थ रेखड़े सहित अन्य गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुम्बई की पहली पारी को 270 के स्कोर पर समेट दिया था। पहली पारी के आधार पर 113 रनों की बढ़त के साथ दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 56 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए थे। इसके बाद यश राठौड़ और अक्षय वड़कर ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 91 रन जोड़ लिए है। दिन का खेल समाप्त होने के समय विदर्भ ने चार विकेट पर 147 रन बना लिए और उसकी बढ़त 260 रनों की हो गई है। स्टंप के समय यश राठौड़ (नाबाद 59) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 31) क्रीज पर मौजूद थे। मुम्बई की ओर से शम्स मुलानी ने दो विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर और तनुष कोटियान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। मुम्बई ने कल के सात विकेट पर 188 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आकाश आनंद और तनुष कोटियान की जोड़ी ने जूझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान 247 के स्कोर पर पार्थ रेखड़े ने तनुष कोटियान को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तनुष कोटियान ने 75 गेंदों में चार चौक और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाए। मुम्बई नौवां विकेट आकाश आनंद के रूप में गिरा। उन्हें नचिकेत भूटे ने आउट किया। आकाश आनंद ने 256 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (10) को बोल्ड कर मुम्बई की पहली पारी का 270 के स्कोर पर अंत कर दिया। इसी के साथ विदर्भ को पहली पारी के आधार 113 रनों की बढ़ हासिल हो गई।

आकाश का शतक, पार्थ ने मुंबई को 270 पर समेटा

नागपुर, वार्ता। रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को आकाश आनंद (106) की शतकीय पारी के बीच विदर्भ के पार्थ रेखड़े सहित अन्य गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुम्बई की पहली पारी को 270 के स्कोर पर समेट दिया। मुम्बई ने कल के सात विकेट पर 188 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आकाश आनंद और तनुष कोटियान की जोड़ी ने जूझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान 247 के स्कोर पर पार्थ रेखड़े ने तनुष कोटियान को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तनुष कोटियान ने 75 गेंदों में चार चौक और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाए। मुम्बई नौवां विकेट आकाश आनंद के रूप में गिरा। उन्हें नचिकेत भूटे ने आउट किया। आकाश आनंद ने 256 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (10) को बोल्ड कर मुम्बई की पहली पारी का 270 के स्कोर पर अंत कर दिया।

गिल-तीक्षणा वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

एक दिवसीय में शीर्ष-10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी है, रोहित, कोहली और अय्यर शामिल

दुबई, वार्ता। भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 796 रेटिंग अंक के साथ पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ कर दुनिया के नंबर वन एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं।

वहीं श्रीलंका के महीश तीक्षणा ने 11 अंकों की छलांग लगाकर गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है। यहां जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार एकदिवसीय में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी हैं। इसमें गिल के अलावा रोहित शर्मा 761 अंके के साथ तीसरे स्थान पर, विराट कोहली 727 अंक के साथ छठे स्थान पर और श्रेयस अय्यर 679 अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं। श्रेयस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। गिल के रेटिंग अंक 796 हैं, जबकि बाबर का रेटिंग अंक 773 हैं। रोहित के रेटिंग अंक 761 हैं। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन 756 रेटिंग अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 740 रेटिंग अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यह श्रृंखला 3-0 से जीती थी, जिसमें गिल ने 87, 60 और 112 रन बनाए। वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे उन्होंने 86-33 की औसत और 103-60 की स्ट्राइक रेट से 259 रन बनाए। अगले सर्वोच्च स्कोरर श्रेयस अय्यर 181 रन बनाकर गिल से 78 रन पीछे रहे। इंग्लैंड के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के बाद, श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलांका आठ स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर 713 अंकों के साथ सातवें स्थान पर और वेस्टइंडीज के शाई होप 672 अंक के साथ दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 अंकों के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़ दिया है। राशिद खान के रेटिंग अंक 679 है। गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज हैं। कुलदीप को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 652 अंके साथ चौथे स्थान पर तथा मोहम्मद सिराज 624 अंके साथ 10वें स्थान पर बने हुए है। नाम. ीबिया के बर्नार्ड शोल्ज 662 अंके साथ तीसरे, पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी 646 अंके साथ पांचवें, दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज 642 अंके साथ छठे, न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर 639 अंक के साथ सातवें, न्यूजीलैंड मैट हेनरी 632 अंके साथ आठवें और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती 632 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं।

शार्दुल ठाकुर काउंटी चैम्पियनशिप में एसेक्स के लिए खेलेंगे

नागपुर, वार्ता। भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर काउंटी चैम्पियनशिप के शुरुआती चरण में एसेक्स के लिए खेलेंगे। शार्दुल ने काउंटी में खेलने के लिए एसेक्स के साथ अनुबंध किया है। शार्दुल ठाकुर अप्रैल और मई के दौरान सात मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह पहली बार काउंटी किकेट में खेलेंगे। उन्होंने भारत के लिए तीनों प्रारूपों में 100 से अधिक विकेट लिए हैं और आखिरी बार 2023-24 के दक्षिण अफीका दौरे पर खेले थे। घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। मौजूदा रणजी ट्रॉफी में मुंबई को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका रही है। उन्होंने 21-67 की औसत से 34 विकेट लेने के साथ-साथ 400 से अधिक रन बनाए हैं। एसेक्स की टीम के साथ हुए अनुबंध पर ठाकुर ने कहा कि मैं इस गर्मी में एसेक्स से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए नए अवसर और चुनौतियां लेकर आएगा, जिससे मैं अपनी प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित कर सकूं। काउंटी क्रिकेट खेलने की मेरी हमेशा से इच्छा थी और मैं खुश हूं कि मैं इस टीम का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। एसेक्स के क्रिकेट निदेशक क्रिस सिल्वरवुड ने कहा, ह्रहम शार्दुल ठाकुर के साथ करार करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी ने भारत को 4-1 से हराया

भुवनेश्वर, वार्ता। मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी ने पुरुष एफआईएच हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में भारत को 4-1 से हरा दिया। यहां भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में जर्मनी के लिए फ्लोरियन स्पर्लिंग ने (सातवें) मिनट, थिएस प्रिंज ने (14वें) मिनट, मिशेल स्टुथॉफ ने (48वें) मिनट और राफेल हार्टकोफ ने (55वें) मिनट में गोल किए। वहीं भारत की ओर से एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने (13वें)मिनट में किया। पहले क्वार्टर में जर्मनी की ओर से फ्लो. रियन स्पर्लिंग ने सातवें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

प्रियांक के नाबाद शतक से गुजरात की ठोस शुरुआत

प्रियांक पांचाल ने नाबाद 117 रन और आर्य देसाई ने 73 रनों की शानदार पारी खेली

अहमदाबाद, वार्ता। प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) की शतकीय और आर्य देसाई (73) की अर्द्धशकीय पारियों की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के पहले समीफाइनल मुकाबले के तीसरे दिन बुधवार को केरल के खिलाफ ठोस शुरुआत की। इससे पहले आज मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 177) की शतकीय की बदौलत केरल ने 457 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात के लिए प्रियांक पांचाल और आर्य देसाई की सलीम जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 113 रन जोड़े। एनपी बासिल ने शतक की ओर बढ़ रहे आर्य देसाई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आर्य देसाई ने 118 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए (78) रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय गुजरात ने एक विकेट पर 222 रन बना लिए थे। स्टंप के समय प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) और मनन हिंगराजिया (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद थे। केरल की ओर से एनपी बासिल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। केरल ने कल के सात विकेट पर 418 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र की शुरुआत में चिंतन गजा ने आदित्य सरवटे (11) को बोल्ड कर केरल को आठवां झटका दिया। इसके बाद एम डी निधीष (पांच) रनआउट हुए। हालांकि इस दौरान मोहम्मद जहरुद्दीन एक छोर थामे खड़े रहे। चिंता गजा ने एनपी बासिल (एक) को आर्य देसाई के हाथों कैच आउट कराकर केरल की पहली पारी का अंत कर दिया। आज केरल ने 39 रन जोड़ कर अपने तीन विकेट गवां दिए। केरल ने अपनी पहली पारी में 187 ओवर में 457 रन बनाए। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला ने तीन विकेट लिए। चिंतन गजा को दो विकेट मिले।

बेन करर्न का शतक, जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया

बेन करर्न ने नाबाद 118 रनों की शतकीय पारी खेलकर टीम को जिताया

हरारे, वार्ता। बेन करर्न (नाबाद 118) की शतकीय और कप्तान क्रेग एर्विन (नाबाद 69) की अर्द्धशकीय पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 63 गेंदे शेष रहते आयरलैंड को नौ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और बेन करर्न की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 124 रन जोड़े। 20वें ओवर में ग्रेम ह्यूम ने ब्रायन बेनेट (48) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन करर्न के पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। बेन करर्न ने 130 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। वही क्रेग एर्विन ने 59 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 69)रन बनाए। जिम्बाब्वे ने 39-3ओवर में 246 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग (नौ) और कर्टिस कैमफर (11) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हैरी टेक्टर ने एंडी बैलबर्नी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 86 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में वेलिंग्टन मसाकाट्जा एंडी बैलबर्नी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एंडी बैलबर्नी ने 99 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (64) रनों की पारी खेली। इसके बाद 39वें ओवर में रिचर्ड एन्गारावा ने हैरी टेक्टर (51) को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

स्पेन की महिला टीम ने भारत को 4-3 से रौंदा

भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर, साक्षी राणा और रुताजा ने दागे गोल

भुवनेश्वर, वार्ता। स्पेन की महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत को 4-3 से हराया। यहां भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर ने (19वें) मिनट में, साक्षी राणा ने (38वें) मिनट और रुताजा दादासो पिसल ने (45वें) मिनट में गोल किए। स्पेन की ओर से एस्टेल पेटचैम ने (25वें और 49वें) मिनट, सोफिया रोगोस्की ने (21वें) और कैप्टन लूसिया जिम. ेनेज ने (52वें) मिनट में गोल दागे। पहला क्वार्टर कड़े मुकाबले के बीच गोल राहित रहा। दूसरे क्वार्टर में मैच की शुरुआत हुई, जिसमें छह मिनट के अंतराल में तीन गोल हुए। 21वें मिनट में दीपिका ने बाईं ओर से रिवर्स हिट मारा, जिसे बिना निशान वाले बलजीत ने गोल में पहुंचा कर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय गोल किया। इसके दो मिनट बाद स्पेन ने रोगोस्की के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। इसके बाद स्पेन की एस्टेल पेटचैम ने 25वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर के 38वें मिनट में साक्षा राणा ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत ने एक और स्पेन ने दो गोल किए। बराबरी का गोल करने की बेताबी में भारत ने मैच के आखिरी चार मिनट तक अपने गोलकीपर के बिना खेला।

वाटिका बनाम सुदेवा मुकाबला रहा ड्रा

नई दिल्ली, वार्ता। डीएसए प्रीमियर लीग में आज यहाँ नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए रोमांचक मुकाबले में वाटिका एफसी ने सुदेवा एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक झटक लिए। सुदेवा के लिए गोल संखिल डरपोल ने और वाटिका की ओर से जवाबी गोल कुशाग्र कक्कर ने जमाया। दिन के पहले मुकाबले में अंक तालिका में टॉप पर चल रहे सीआई एस एफ ने फिसढी यूनाइटेड भारत एफसी को बमुश्किल 2-1 से हराया। वाटिका के गोल कीपर यश कुलकर्णी औ सी आई एस एफ के मोहम्मद खालिद को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। सी आई एस एफ के गोल मोहम्मद खालिद और शक्तिनाथ ने किए। पराजित यूनाइटेड भारत का गोल जहां ने किया। वाटिका और सुदेवा के बीच खेला गए मैच में लक्ष्यविहीन खेल ज्यादा हुआ। शुरुआत में दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, लेकिन अंतिम तीस मिनट में कुछ बेहतरीन मूव बने, जिन पर दो गोल पड़े। वाटिका के गोली यश की गलती का फायदा उठाते हुए संखिल डरपोल ने 68 वें मिनट में सुदेवा को बढ़त दिलाई।

मुंबई ने गुजरात को पांच विकेट से दी मात

वड़ोदरा, वार्ता। नेट सायबर ब्रंट (दो विकेट/ 57रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पांचवें मुकाबले में 23 गेंदे शेष रहते गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हरा दिया।

गुजरात जायंट्स के 120 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। हेली मैथ्यूज (17) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद सातवें ओवर में प्रिया मिश्रा ने यास्तिका भाटिया (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (चार) रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया केर (19) रन बनाकर आउट हुई। नेट सायबर ब्रंट ने 39 गें. दों में 11 चौके लगाते हुए (57) रनों की पारी खेली। संजीवन सजना (10) रन बनाकर नाबाद रही। मुम्बई इंडियंस ने 16-1 ओवर में 122 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात की ओर से काश्वी गौतम और प्रिया मिश्रा ने दो- दो विकेट लिए। तनुजा कंवर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक अपने चार विकेट 28 के स्कोर पर गवां दिए। बेथ मूनी (एक), लॉरा वुलफार्ट (चार), दयालन हेमलता (नौ) और कप्तान एश्ली गार्डनर (10) रन बनाकर आउट हुई। हरलीन देओल और काश्वी गौतम ने पारी संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने काश्वी गौतम (20) को आउटकर मुंबई को पांचवी सफलता दिलाई। डिएंड्रा डॉटिन (सात) रन बनाकर आउट हुई। सिमरन (तीन), तनुजा (13) रन बनाकर आउट हुई।

सम्पादकीय

गुरुवार, 20 फरवरी 2025

सीईओ बनाम सीजेआई

केंद्र सरकार और विपक्ष खास तौर पर कांग्रेस के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर जारी राजनीतिक रस्साकसी के बीच सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। हालांकि नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा.विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया है। बताते चलें कि सरकार दिसम्बर 2023 के अपने उस कानून द्वारा तय प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ी है, जो अभी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती का सामना कर रहा है। पिछले हफ्ते, शीर्ष अदालत ने सुनवाई 19 फरवरी तक टालते हुए टिप्पणी की थी कि अगर इस अंतराल में कुछ घटित होता है, तो वह अधिनियम की वैधता पर बाद में आने वाले निर्णय के परिणामों का सामना करेगा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अनुरोध की अनदेखी करते हुए, पैनल ने ज्ञानेश कुमार को बतौर सीईसी पदोन्नत किया और विवेक जोशी को तीसरे सदस्य के रूप में शामिल किया। सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद यह कदम उठाया गया। सवाल है कि क्या 2023 का अधिनियम साल 2022 के संविधान पीठ के उस निर्णय के खिलाफ जाता है, जिसने भारत के चुनाव आयोग का नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों के चयन के लिए एक कमेटी बनायी थी, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल थे। हालांकि, अधिनियम कमेटी में सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करता है। सरकार की दलील है कि सुप्रीम कोर्ट का पैनल संविधान की जरूरत के मुताबिक संसद द्वारा अपना कानून बनाए जाने तक केवल एक तदर्थ उपाय था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 2022 के फैसले का सार यह है कि नियुक्ति प्रक्रिया को कार्यपालिकीय दखलअंदाजी से बेअसर रहना चाहिए, ताकि उसका कामकाज सही मायनों में स्वतंत्र रहे। क्या सीजेआई को चयन कमेटी का हिस्सा होना चाहिए, यह बहस का विषय हो सकता है, लेकिन, इसमें कोई संदेह नहीं कि कार्यपालिका में निहित 2-1 का बहुमत किसी भी चयन को आसानी से इस आलोचना की जद में ले आता है कि इस ढंग से चुने गए लोगों को स्वतंत्र नहीं समझा जाएगा। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार अदालती सुनवाई चलने के दरम्यान नियुक्तियां करती रही है। सुप्रीम कोर्ट समय रहते दखल देने से इन्कार करता रहा है, जिससे ऐसी नियुक्तियां एक संपन्न-हो-चुका कार्य बन रही हैं। सरकार ने साल 2022 में, संविधान पीठ की सुनवाई के दरम्यान, अरुण गोयल को बतौर चुनाव आयुक्त (ईसी) नियुक्त किया था। और, आम चुनाव से पहले मार्च 2024 में, उसने दो ईसी नियुक्त किए थे, इस्तीफा देने वाले गोयल और सेवानिवृत्त हुए एक अन्य ईसी की जगह लेने के लिए। शायद ही कोई इससे असहमत होगा कि एक निर्भीक और पूर्ण स्वतंत्र संस्था के रूप में ईसीआई को लेकर लोक धारणा में गिरावट आती जा रही है, अगर चाहते हैं कि चुनावों को केवल विजेताओं के समर्थक नहीं, बल्कि समस्त मतदाता स्वतंत्र और निष्पक्ष मानें, तो सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में अब और देर नहीं करनी चाहिए। उसे इस सवाल पर निर्णय देना होगा कि क्या उपरोक्त कानून द्वारा तय प्रक्रिया ईसीआई के सदस्यों के लिए संविधान पीठ के फैसले में परिकल्पित स्वतंत्रता का स्तर सुनिश्चित करने में विफल है।

ट्रम्प का फरमान जीएसटी के लिए भी चुनौती

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति देश की संप्रभुता के लिए खतनाक है, यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गई है, इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए, डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंताजनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है, कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था, कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है, अब राष्ट्रपति ट्रम्प जीएसटी के अस्तित्व पर ही खतरा पैदा कर रहे हैं।

जयराम रमेश
प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत विपक्ष जरूरी

प्रियंका सौरभ

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि विपक्ष एक आवश्यक प्रहरी है जो एक समृद्ध लोकतंत्र में सरकार की शक्ति पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है। यह विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने तथा सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है। सहिष्णुता, वास्तविक राजनीतिक विरोध, तथा विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने की नागरिकों की क्षमता में विश्वास, ये सभी लोकतंत्र के लिए पूर्वापेक्षाएं हैं। एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष चुपचाप खड़ा रह सकता है और बहुमत वाली पार्टी की तानाशाही और मनमर्जी को तानाशाही स्थापित करने की इजाजत दे सकता है।

यद्यपि सरकार के सुचारू संचालन के लिए एक स्वस्थ विपक्ष आवश्यक है, ताकि कभी-कभार होने वाली ज्यादतियों का प्रतिकार किया जा सके और अवरोधों को रोका जा सके, किन्तु विपक्ष की अनुपस्थिति समग्र रूप से लोगों की स्वतंत्रता और जीवन को खतरे में डाल देगी तथा कानून के शासन को भी ख़तरा पहुंचाएगी। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास।

संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएं अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं। सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए, अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किए। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। 'विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना' या 'विधेयक पर बात न करना' का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मजबूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति या समूह को लाभ पहुंचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, 'सत्ता भ्रष्ट करती है' और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित 'परोपकारी' राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मजबूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे। परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ। मुख्यत: एक विशिष्ट जनजाति से सम्बंधित राजनेताओं की हत्या के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया। भले ही नेता को यह विश्वास हो कि वह लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है, लेकिन यदि मामले में उनकी कोई बात नहीं सुनी जाएगी तो लोग उत्पीड़ित महसूस करेंगे। किसी वर्तमान या भूतपूर्व नेता द्वारा जनता के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करने तथा अपने कार्यों के लिए उत्तरदाई ठहराए जाने की क्षमता अद्भुत है। सभी तानाशाह प्रेस में किसी भी प्रकार की असहमति को दबाने से शुरुआत करते हैं, जो एक अन्य महत्त्वपूर्ण तत्व है। इसके बाद उन्हें गैर-सरकारी संगठनों पर हमला करने का अवसर मिलता है। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर जोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीका है। संसदीय चर्चाओं में पुराने जमाने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

> **लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है, अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार व विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है**

विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएं फलदाई बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मजबूत किया जाना चाहिए। तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नकाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चर्चाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है, अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की जरूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी। प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुंचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मजबूत करने के लिए सिर्फ़ राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना होगा।

एवोकाडो को डाइट में करें शामिल कम होगा हार्ट डिजीज का खतरा

एवोकाडो को एक सुपरफूड माना जाता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। एवोकाडो आपकी ओवर ऑल हेल्थ का ख्याल रखते हैं, तो यह आपकी सेहत को काफी फायदा पहुंचाता है। लेकिन दिल के लिए एवोकाडो काफी लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में गुड फैट और पोटेशियम से भरपूर होने के कारण यह कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने में सहायता करता है। इसके साथ ही इसमें विटामिन ई जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट भी मौजूद होते हैं। जिससे यह सूजन से लड़ने और दिल को नुकसान से बचाने में सहायता करता है। आमतौर पर हम सभी एवोकाडो को स्प्रेड के रूप में टोस्ट पर लगाना पसंद करते हैं।

हालांकि इसको अन्य तरीकों से भी खाया जा सकता है। आप इसको सलाद या फिर स्मूदी के तौर पर भी खा सकते हैं। यह दिल का ख्याल रखने का अच्छा तरीका है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि एवोकाडो आपकी हार्ट हेल्थ का ख्याल किस तरह रखते हैं।

कम होगा बैड कॉलेस्ट्रॉल...

हार्ट से जुड़ी कई बीमारियों की जड़ शरीर में मौजूद बैड कोलेस्ट्रॉल होता है। अगर आप इसको नेचुरली तरीके से कम करना चाहते हैं, तो आपको एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए। एवोकाडो मोनोअनसैचुरेटेड फैट से भरपूर होता है और शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाने में सहायता करते हैं। एवोकाडो खाने से बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को कम किया जा सकता है। इससे हार्ट डिजीज का रिस्क भी काफी कम होता है।

पोटेशियम से भरपूर...

हार्ट हेल्थ के लिए एवोकाडो को इसलिए भी फायदेमंद माना गया है, क्योंकि इसमें पोटेशियम का भरपूर मात्रा में पाया जाता है। हालांकि इस बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है कि केले से ज्यादा पोटेशियम एवोकाडो में पाया जाता है। आपके शरीर से सोडियम के लेवल को बैलेंस करता है और जिससे ब्लड वेसल्स पर दबाव कम होता है। इससे हार्ट हेल्थ को भी फायदा मिलता है।

फाइबर से भरपूर...

बता दें कि एवोकाडो में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर सिर्फ आपके पाचन तंत्र का ख्याल नहीं रखता है, बल्कि यह हार्ट हेल्थ भी काफी अच्छा माना जाता है। एक एवोकाडो में सिर्फ 10 ग्राम फाइबर पाया जाता है। जिससे ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल मैनेज होता है।

हेल्थ टिप्स

ब्लड फ्लो होगा बेहतर...

अगर आप एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं, तो इससे शरीर में ब्लड फ्लो पर बेहतर असर पड़ता है। दरअसल, एवोकाडो में हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो ब्लड वेसल्स को अधिक फ्लेक्सिबल बनाते हैं। साथ ही ब्लॉकेज के रिस्क को भी कम करते हैं और यह हार्ट हेल्थ के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है।

बढ़ते तापमान से अदृश्य स्वास्थ्य संकट

स्रोत फीसर्च

2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष साबित हुआ, जिसमें वैश्विक तापमान औद्योगिक-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार कर चुका है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को अनदेखा करना मुश्किल हो गया है। इसमें लू लगने से मृत्यु जैसे तुरंत दिखने वाले प्रभावों का तो पता चल जाता है लेकिन दीर्घकालिक संचयी नुकसान पर कम ही ध्यान दिया जाता है। जलवायु में हो रहे तेजी से बदलाव को देखते हुए इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है।

लंबे समय तक ग्रीष्म लहर और सूखे के प्रभाव से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बार-बार डीहाइड्रेशन (निर्जलन) और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन से किडनी की जीर्ण बीमारियां हो सकती है। लगातार गर्म रातों के कारण नींद की कमी से मानसिक क्षमता घटती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यह खतरा गर्भ में पल रहे बच्चों को भी हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान ग्रीष्म लहर जैसी पर्यावरणीय चुनौतियां गर्भस्थ शिशु के विकास को प्रभावित कर सकती हैं और लंबे समय के उनके स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं। देखा जाए तो, जलवायु परिवर्तन के दबाव जीन अभिव्यक्ति तक को प्रभावित कर सकते हैं। शोध बताते हैं कि जो बच्चे गर्भ में गर्म और शुष्क परिस्थितियों के संपर्क में आते हैं, उनमें वयस्क होने पर उच्च रक्तचाप की संभावना अधिक होती है। कुल मिलाकर, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव गहरे और दूरगामी हो सकते हैं।

इन खतरों के बावजूद, वर्तमान जलवायु आकलन स्वास्थ्य पर पूरे प्रभाव को सही ढंग से मापने में असफल रहे हैं। वास्तव में वर्षों में विकसित होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को मापना मुश्किल होता है। असंगत स्वास्थ्य डैटा के कारण लंबे समय तक स्वास्थ्य जोखिमों को ट्रैक करना काफी जटिल कार्य है। उदाहरण के लिए, हम यह तो समझते हैं कि गर्मी शरीर को कैसे प्रभावित करती है, लेकिन यह अलग-अलग लोगों को दीर्घावधि में किस तरह प्रभावित करती है, इसे ट्रैक करना अब भी एक चुनौती बना हुआ है। इस अंतर को पाटने के लिए, शोधकर्ताओं और जन स्वास्थ्य अधिकारियों को जलवायु प्रभाव से जुड़े अध्ययनों का दायरा बढ़ाना होगा। उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों और मौतों का बोझ मौजूदा अंदाजों से कहीं अधिक है। इसलिए, बेहतर स्वास्थ्य डैटा और दीर्घकालिक प्रभावों का अध्ययन करना बेहद जरूरी है।

महाकुंभ: आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी

निर्मल रानी

भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को 'कुंभ मेला' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिए सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहां गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहां लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला 'महाकुंभ' है। हालांकि इस दावे पर उंगलियां उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुए सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहां श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत, विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति, आधुनिकता, उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिए आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किए ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आखिर कैसे हो सकता है।

इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की गरज से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुंभ-2025' की विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि 'इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता'। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसम्बर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुए कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। जाहिर है भारतीय मीडिया भी काफी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टीवी, समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माधयमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गए थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कर्ताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरकार द्वारा हजारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां, बसें, विमान आदि भी चलाए गए। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकट्ठा होना तो स्वभाविक था ही। परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगजनी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक, 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। उसके बावजूद यह हादसे पेश आए? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहां तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को 'नो वेहिकिल जोन' तक घोषित करना पड़ा। और आखिरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहां भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गई।

> **इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ है**



महाकुंभ सरकार का नहीं समाज का है आयोजन: योगी

बुधवार को लखनऊ में योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के दौरान अपने भाषण में जबरदस्त तरीके से अखिलेश यादव पर निशाना साधा, जबकि अखिलेश यादव भी कहां पीछे रहने वाले थे। अखिलेश ने भी सीएम योगी को आड़ेहाथों लेते हुए खरी-खोटी सुना डाली।

लखनऊ। सीएम योगी ने कहा कि हम लोग जब यहां पर चर्चा कर रहे हैं तो करोड़ों लोग महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन किसी सरकार का नहीं है, समाज का है।

सरकार केवल सेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास है। आयोजन के प्रति तमाम अफवाहों को दरकिनार करते हुए पूरी दुनिया ने इसमें सहभागिता दिखाई है। हमारी संवेदना उन लोगों के साथ है जिनकी भगदड़ में जान गई।

समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड में भी विपक्ष ने उपहास उठाया था। ये लोग वैक्सीन को बीजेपी की वैक्सीन कहा करते थे।

अब कुंभ का विरोध करना इनकी मजबूरी है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यूपी के लोगों के सामने पहचान का संकट था, लेकिन पिछले 8 सालों में यूपी की छवि बदली है। अब यूपी के लोगों को सम्मान मिलता है। 5 हजार साल पहले भी कुंभ का जिक्र मिलता है पुराणों में।

अगर यह अपराध है तो हम हैं अपराधी: योगी

यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर फ्लोर लैंग्वेज विवाद पर बयान दिया। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदी इस सदन की भाषा है, उसे नहीं हटाया जा रहा है, ना ही किसी भाषा को थोंपा जा रहा है। आप लोग बस उर्दू-उर्दू कर रहे हैं। हमने फ्लोर लैंग्वेज में स्थानीय भाषाओं को ऐड किया है, ताकि ग्रामीण इलाकों से आने वालों को बोलने-समझने में आसानी हो।

शायरी के साथ किया विपक्ष पर तंज

सीएम योगी ने विधानसभा में विपक्ष से कहा कि ध्यान देना यह उर्दू में नहीं है, यह शायरी हिंदी में है। वैसे भी सपा के संस्कार हैं, हर अच्छी चीज का विरोध करना।

इनका दोहरा चरित्र जग जाहिर है। सीएम ने शायरी पढ़ी-बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू, लगा के आग बहारों की बात करते हैं। जिन्होंने रात को चुन-चुन के बस्तियों को लूटा वही अब बहारों की बात करते हैं।

सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल की भाषा को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि यह किसी सभ्य समाज की भाषा नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि सपा के नेता अकबर के किले को जानते थे, लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप के महत्व से अनजान थे। यह इनका सामान्य ज्ञान है महाकुंभ और प्रयागराज को लेकर।

भतीजा गया, चच्चू नहीं जा पाए

सीएम ने तंज कसा कि महाकुंभ में भतीजा तो चला गया, नहा आया लेकिन चच्चू फिर नहीं जा पाए, अरे पाण्डेय जी (माता प्रसाद को) आप लेके जाइए चच्चू को, 2013 मे नहीं गए तो क्या हुआ, 2025 में जाइए। सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया।

प्रयागराज काशी अयोध्या ने अतिथि देवो भव: का प्रमाण प्रस्तुत किया, जो लोग इस पर दुष्प्रचार कर रहे हैं, वो जनता देख रही है,जनता जनार्दन तमाम दुष्प्रचार के बाद मान नहीं रही है।

योगी सरकार 8 लाख करोड़ रुपये का पेश कर सकती है बजट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार का आम बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गुरुवार की सुबह विधानसभा में पेश किया जाएगा। इससे पहले इस बजट को अब कैबिनेट में अनुमोदित कराया जाएगा।

जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सुबह उनके आवास पर कैबिनेट की मीटिंग आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार इस बार करीब 8 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश करेगी। केंद्रीय बजट के अनुपात में बात की जाए, तो यह करीब 16 फीसदी होगा।

यूपी से व्यापारी उद्यमी पलायन कर रहे: अखिलेश

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि व्यापारी और उद्यमी पलायन कर रहे हैं। गन्ना का मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भी छुपाया जा रहा है। किसानों की फसल को एमएसपी दरों में खरीद पर चुप्पी साध ली गई है। बिजली महंगी है। बीजेपी की डबल इंजन सरकार की बेईमानी, झूठ और लूट की राजनीति ने प्रदेश को बहुत पीछे कर दिया है। यहां हर आदमी परेशान है। अखिलेश ने कहा कि राज्यपाल महोदय ने बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं कहा।

जो एक-दो देश गए हों, उनका नजरिया कैसे बड़ा हो सकता है: अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि दूसरों पर भाषागत प्रहार करके समाज में भेद उत्पन्न करने वालों में अगर क्षमता हो तो यूपी में ऐसे वर्ल्ड क्लास स्कूल विकसित करके दिखाएं कि लोग बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर न भेजें, लेकिन इसके लिए विश्व दृष्टिकोण विकसित करना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि जो आज तक आसपास के एक-दो देश ही गए हों, उनका नजरिया कैसे इतना बड़ा हो सकता है कि वो इतना बड़ा काम कर पाएंगे।

राज्यपाल के अभिभाषण पर भी जताई आपत्ति

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने जारी एक बयान में राज्य विधान मंडल में राज्यपाल के अभिभाषण को सच्चाई से कोसों दूर बताया है। सपा मुखिया ने कहा कि यह नीरस और निराशाजनक है।

जब सपा के षड्यंत्र से तंग आकर संसद में रोए थे योगी

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर लगाया था साजिश रचने का आरोप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाकथ एक बार लोकसभा में यूपी पुलिस की बर्बरता का वर्णन करते हुए रो पड़े थे। प्रखर एवं उग्र हिंदुत्व के पोषक माने जाने वाले आक्रामक बीजेपी नेताओं में गिने जाने वाले योगी आदित्यनाथ लोकसभा में जोर-जोर से रोने लगे थे। वर्ष 2006 में लोकसभा में पुलिस की प्रताड़ना का जिक्र करते हुए योगी रोने लगे थे, तब मुलायम सिंह यादव यूपी के सीएम थे।

वर्ष 2006 का है पूरा मामला

वर्ष 2006 में गोरखपुर से बीजेपी सांसद योगी आदित्यनाथ ने अपनी बात रखने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से विशेष अनुमति ली थी।

तब पूर्वांचल के कई कस्बों में सां. प्रदायिक हिंसा फैली थी। जब आदित्यनाथ अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए तो फूट-फूट कर रोने लगे। कुछ देर तक वे कुछ बोल ही नहीं पाए और जब बोले तो कहा कि उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी की सरकार उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रही है और उन्हें जान का खतरा है। योगी ने सपा के खिलाफ साजिश करने और उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए थे।

किसको क्या मिल सकता है

- 100 किलोमीटर लंबा यह लिंक एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने की घोषणा।
- प्रयागराज और वाराणसी को मिलाकर बनाया जाएगा धार्मिक क्षेत्र। इसमें सात जिलों को शामिल किया जाएगा।
- बौद्ध सर्किट के विकास को दी जाएगी रफ्तार।
- लखनऊ में मेट्रो रेल का विस्तार करने की है तैयारी। कुल 6 कॉरिडोर का होगा निर्माण।
- स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण में युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने के लिए बजट के प्रावधान की है तैयारी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को मिलेगा बड़ा बजट।
- प्राइवेट ट्यूबवैल पर मुफ्त बिजली का वादा किया गया था। बजट में इसको मंजूरी मिल सकती है।
- यूपी में अनस्किल्ड श्रमिकों की संख्या करीब 3 करोड़ से ज्यादा है। इनकी और परिवार की मदद के लिए सरकार की ओर से किसी योजना का ऐलान किया जा सकता है।
- यूपी के दसवीं और इंटरमीडिएट स्कूलों में 5 हजार से ज्यादा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग से करने का फैसला किया जा सकता है। महिलाओं को भी खास योजना का तोहफा मिल सकता है।

झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0- 9756686426